| 4 | अभिकथन सिद्ध नहीं होने के कारण नस्तीबद्ध | 0 |
| 5 | विभाग द्वारा पहले ही कार्यवाही प्रारम्भ हो जाने के कारण | 0 |
| 6 | अन्वेषण के पर्याप्त आधार होना नहीं पाये जाने से नस्तीबद्ध | 02 |
| 7 | मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण नस्तीबद्ध | 0 |
| 8 | अन्य कारणों से नस्तीबद्ध | 0 |
| 9 | प्रारम्भिक जांच से अन्वेषण में अन्तरित | 05 |
| 10 | राज्य सरकार को सुझाव भेजकर नस्तीबद्ध | 0 |
| 11 | सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित सुझाव/अनुशंषा के प्रकरण | 0 |
| 12 | कुल निस्तारित प्रारम्भिक जांच (योग क्रम संख्या 4–11) | 07 |
| 13 | दिनांक 31.12.2023 को लम्बित प्रारम्भिक जांच | 14 |

परिशिष्ट–1.5

# विभागवार अनुशासनिक कार्यवाही के प्रकरणों की संख्या
# कालावधि दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023

| हैड | **Department Name** | विभाग का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 2 | Agriculture | कृषि | - |
| 3 | Police | पुलिस | 4 |
| 4 | Co-Operative | सहकारिता | - |
| 5 | Education | शिक्षा | 2 |
| 6 | College Education | महाविद्यालय शिक्षा | - |
| 7 | Food & Civil Supply | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति | - |
| 8 | Medical & Health | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य | 2 |
| 9 | P.W.D. | सार्वजनिक निर्माण विभाग | - |
| 10 | R.R.V.V.N.Ltd. | रा0रा0वि0वि0 निगम लि0 | 2 |
| 11 | Revenue | राजस्व | 5 |
| 12 | Panchayat & Development | पंचायती राज | 32 |
| 13 | Famine & Relief | आपदा प्रबन्धन | - |
| 14 | Transport | परिवहन | - |
| 15 | Forest | वन | - |
| 16 | L.S.G. | स्वायत्त शासन विभाग | 4 |
| 17 | U.D.H | नगरीय विकास एवं आवासन | 2 |
| 18 | Excise | आबकारी | - |
| 19 | Industries | उद्योग | - |
| 20 | Printing & Stationary | मुद्रण | - |
| 21 | Animal Husbandary | पशुपालन | - |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22 | Govt. Enquiries | राजकीय जॉच | - |
| 23 | Irrigation | सिंचाई | - |
| 24 | I.G.N.P | इंदिरा गांधी नहर परियोजना | - |
| 25 | Mines Allotment Enquiry | खान आवंटन जॉच | - |
| 26 | Colonnization | उपनिवेशन | - |
| 28 | Judiciary | न्याय | - |
| 29 | Jails | कारागार | - |
| 30 | Labour | श्रम | - |
| 31 | P.H.E.D. | जन स्वा0 अभियांत्रिकी | 1 |
| 32 | Social Welfare | सामाजिक न्याय अधिकारिता | - |
| 33 | Settlement | भू–प्रबन्ध | - |
| 34 | Secretariat | शासन सचिवालय | - |
| 35 | Miscellaneous | विविध | 15 |
| 40 | AC Department | भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो | - |
| 41 | Ayurved | आयुर्वेद | - |
| 42 | Devsthan | देवस्थान | - |
| 43 | R.S.R.T.C. | रा0रा0पथ परिवहन निगम | - |
| 44 | Commercial Taxes | वाणिज्यिक कर | - |
| 45 | Mines & Geology | खान एवं भूविज्ञान | - |
| 46 | Sanskrit Education1 | संस्कृत शिक्षा | - |
| 47 | Insurance | बीमा | - |
| 48 | Technical Education | तकनीकी शिक्षा | - |
| **Total** | | | **69** |

# परिशिष्ट–1.6

प्रतिवेदन अवधि के दौरान इस सचिवालय द्वारा धारा 10 के अन्तर्गत किये गये अन्वेषण पश्चात् राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12(1) में दोषी पाये गये कुल 51 लोकसेवकों की सूची। (01.01.2023 से 31.12.2023 तक)

| क्रसं | पत्रावली संख्या | लोकसेवक का नाम | पदनाम |
|---|---|---|---|
| 01. | 35(152)लोआस / 2016 | श्री सोहनलाल (RAS) | तत्कालीन उपायुक्त |
| | | श्रीमती कविता चौधरी | तत्कालीन उपायुक्त |
| | | श्री रामरतन शर्मा (RAS) | तत्कालीन उपायुक्त |
| | | श्री धर्मचंद सोनी | तत्का. कनिष्ठ अभियंता |
| | | श्री कमल कांत बैरवा | तत्का. कनिष्ठ अभियंता |
| | | श्री मुकेश कुमार | तत्का. कनिष्ठ अभियंता |
| | | श्री राजेन्द्र सैनी | गजधर (नगर निगम, विधाधर नगर जोन, जयपुर) |
| 02.<br>03. | 16(77)लोआस / 2013 संलग्न– 16(365)लोआस / 2015 | श्री महेन्द्र कुमार शर्मा | तत्कालीन अमीन, जयपुर विकास प्राधिकरण |
| 04. | 16(144)लोआस / 2019 | श्री रजत जैन | तत्का. कार्यकारी अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, श्रीमाधोपुर |
| | | श्री कैलाश चंद शर्मा | तत्का. कार्यकारी अधिशाषी अधिकारी, (क.सहायक) नगरपालिका, श्रीमाधोपुर |
| 05. | 16(776)लोआस / 2014 | श्री राजकुमार मीणा<br>श्री रामनिवास मीणा | तत्का.प्रवर्तन अधिकारी–जोन 5 जेडीए |
| 06. | 3(120)लोआस / 2022 | श्री रामनिवास | हैड कानि. थाना सामोद सीसीए नियम 17 के अंतर्गत विचाराधीन विभागीय कार्यवाही में ''एक वार्षिक वेतन वृद्वि अंसचयी प्रभाव'' के दण्ड से दण्डित किया गया । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 07. | 3(678)लोआस / 2017 | श्री मोहनलाल वर्मा | तत्कालीन वृत्ताधिकारी वृत लालसोट |
| 08. | 3(114)लोआस / 2020 | श्री अर्जुन सिंह | सहायक उप निरीक्षक, थाना सदर, जिला बून्दी |
| 09. | 16(410)लोआस / 2014 | श्री पंकज मीणा | तत्का. कनि. अभियन्ता |
| | | श्री अमरीश मीणा | तत्का. कनिष्ठ अभियन्ता |
| | | श्री जितेन्द्र शर्मा | तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी |
| | | श्री राकेश शर्मा | तत्का. तकनीकी अधिकारी |
| | | श्री संजय अग्निहोत्री | तत्का.कनिष्ठ अभियन्ता |
| | | श्री जुगल किशोर | तत्का. स्टोर कीपर |
| | | श्री नरसिंह मीणा | तत्का.कनिष्ठ अभियन्ता |
| | | श्री लक्ष्मीकांत बालोत (RAS) | तत्का.उपनिदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग भरतपुर । |
| | | श्री सौरभ जिन्दल | तत्कालीन आयुक्त |
| 10. | 16(214)लोआस / 2018 | श्री सुबोध नादेश्वरी | सहायक अभियन्ता, नगर निगम हैरिटेज |
| | | श्री अमित कुमार | कनिष्ठ अभियन्ता, नगर निगम ग्रेटर |
| 11. | 17(110)लोआस / 2018 | श्री कैलाश चौधरी | तत्का. प्रवर्तन अधिकारी, जोन–5,जेडीए, जयपुर (सहायक आबकारी अधिकारी ) |
| 12. | 17(9)लोआस / 2019 | श्री कैलाश चौधरी | तत्का. प्रवर्तन अधिकारी, जोन–7,जेडीए, जयपुर |
| | | श्री सुरेश कुमार | तत्का.प्रवर्तन अधिकारी–7 |
| 13. | 3(167)लोआस / 2019 | श्री चांद सिह राठौड | तत्का.थानाधिकारी |
| | | श्री सुरताराम | सहायक उप निरीक्षक |
| 14. | 16(68)लोआस / 2014 | श्री करणी सिंह | तत्कालीन उपायुक्त, नगर निगम जयपुर । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | 16(82)लोआस / 2018 | श्री सूर्यकांत शर्मा,<br>श्री फतेह सिंह मीणा,<br>श्री विशाल यादव,<br>श्री सलीम खान | तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका नीमकाथाना |
| | | श्री सुनील कुमार,<br>श्री मनीष कुमार सिंह | सहायक अभियंता |
| | | श्री राजेश कुमार वर्मा,<br>श्री सत्यपाल जितरवाल, | कनिष्ठ अभियन्ता |
| | | श्री महेश कुमार, | तत्का.अतिक्रमण प्रभारी |
| 16. | 19(9)लोआस / 2018 | श्री सुधीर लोहिया, | वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको |
| 17. | 16(484)लोआस / 2018 / | श्री प्रशान्त कुमार,<br>श्री वाजिद खान<br>श्री नवनीत कुमार<br>श्री सीताराम कुमावत<br>श्री नूर मोहम्मद,<br>श्री रघुनाथ प्रसाद<br>श्री देवेन्द्र कुमार सैनी<br>श्री मो.रियाज अहमद,<br>श्री सुमित कुमार | तत्कालीन अधिशाषी अधिकारीगण<br><br><br><br><br>सहायक अभियंता,<br>सहायक अभियन्ता<br>तत्का.कनिष्ठ अभियन्ता<br>तत्का.कनिष्ठ अभियन्ता |

# परिशिष्ट–1.7

प्रतिवेदन अवधि के दौरान इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप विभागों द्वारा कुल 109 दोषी लोकसेवकों के विरुद्ध विभागीय स्तर पर की गई अनुशासनिक कार्यवाही की सूची। (01.01.2023 से 31.12.2023 तक)

| क्र. सं. | पत्रावली संख्या | लोकसेवक का नाम / पदनाम | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 16(427) / लोआस / 2018 | • श्री सतीश शारदा, सहायक अभियंता | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 2. | 5(174) / लोआस / 2017 | • श्री शिवराज बैरवा, पूर्व सहायक परियोजना समन्वयक RTE, SSA, | एक वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया। |
| 3. | 5(3) / लोआस / 2021 | • श्री राजेश कुमार जैफ, कनिष्ठ सहायक | दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया। |
| 4. | 16(22) / लोआस / 2020 | • श्री शंकरलाल पूंनिया, कनिष्ठ सहायक | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 5. | 35(316) / लोआस / 2015 | • हरेन्द्र सोलंकी, कनिष्ठ लिपिक | एक वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया। |
| 6. | 35(342) / लोआस / 2015 | • सुरेश मीणा, तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी<br>• भरतकुमार हरितवाल, तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी<br>• राकेश कुमार रागेरा, तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 7. | 35(58) / लोआस / 2017 | • भरतलाल मीणा, तत्कालीन ग्रामसेवक,<br>• नेमीचंद मीणा, तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक | दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया। |
| 8. | 35(220) / लोआस / 2017 | • नारायण लाल सालवी, कनिष्ठ सहायक, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 9. | 35(221) / लोआस / 2017 | • श्रीमती नैना चौधरी, तत्कालीन बीडीओ | सीसीए नियम 16 में आरोप पत्र जारी किया गया |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | 35(346)/लोआस/2017 | • श्री सतानन्द मीना, व्याख्याता<br>• श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता, सचिव<br>• श्री राजेन्द्र कुमार महावर, वरिष्ठ अध्यापक<br>• श्रीमती नीरज मीणा, वरिष्ठ अध्यापक<br>• श्री अशोक कुमार शर्मा, अध्यापक<br>• श्री रेखसिंह मीणा, अध्यापक<br>• श्री जयसिंह मीनाा, पीटीआई<br>• श्री भीमसिंह डागुर, ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 11. | 35(435)/लोआस/2018 | • जीवणराम, अधीक्षण अभियंता | विनियम संख्या 6 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गयी |
| 12. | 35(6)/लोआस/2021 | • श्रीमती तारा वर्मा, अध्यापिका,<br>• आशीष कुमार, प्रधानाध्यापक | सीसीए नियम 1958 के नियम 14 द्वितीय एवं वेतन वद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने से दंडित |
| 13. | 35(17)/लोआस/2021 | • आलोक श्रीवास्तव, तत्कालीन आयुक्त,एक्सईएन<br>• अशोक शर्मा, सहायक निरीक्षक<br>• विनय बोडा, तत्कालीन एईएन<br>• जोधाराम विश्नोई, तत्कालीन आयुक्त | आरोप पत्र एवं आरोप विवरण पत्र जारी |
| 14. | 35(102)/लोआस/2022 | • डॉ0 विजयपाल सिंह, तहसीलदार | सीसीए नियम 1958 के नियम 13 निलम्बित किया गया |
| 15. | 35(131)/लोआस/2021 | • श्रीमती कनक जैन, तत्कालीन उप पंजीयक | विभागीय कार्यवाही का निर्णय लिया गया |
| 16. | 35(132)/लोआस/2021 | • श्री हनुमान तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी<br>• श्री ओमप्रकाश, वर्तमान ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 17. | 35(19)/लोआस/2022 | • छगनलाल गहलोत, कनिष्ठ अभियंता,<br>• श्री भैराराम, उपभोक्ता शाखा लिपिक | ए एक वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18. | 35(172) / लोआस / 2022 | • श्री बजरंगलाल, तत्कालीन नायब तहसीलदार,<br>• तारांचंद जाट, आरआई<br>• सुरेन्द्र कुमार नेहरा, पटवारी | सीसीए नियम 16 में आरोप पत्र जारी किया गया |
| 19. | 10(31) / लोआस / 2020 | • श्री सीताराम जांगिड, एईएन | विभागीय कार्यवाही लंबित है |
| 20. | 3(31) / लोआस / 2022 | • श्री महेश चन्द्र फौजदार, कानि 731 | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 21. | 3(302) / लोआस / 2022 | • श्री सलीम मोहम्मद, उप निरीक्षक | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 22. | 16(73) / लोआस / 2022 | • श्री सुनिल कुमार मेघवाल, तत्कालीन लेखाकार<br>• श्री विजय प्रताप सिंह, ईओ<br>• श्री पंकज अग्रवाल, ईई, | सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही |
| 23. | 16(227) / लोआस / 2022 | • श्री राजपाल चौधरी, उप नगर नियोजक | आरएसआर नियम 13(1) के तहत निलंबित किया गया |
| 24. | 12(164 / लोआस / 2022 | • श्री रामपाल चौधरी, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 25. | 12(173) / लोआस / 2022 | • श्री रामपाल चौधरी, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 26. | 12(271) / लोआस / 2022 | • श्री रामपाल चौधरी, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 27. | 12(257) / लोआस / 2022 | • श्री रामपाल चौधरी, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 28. | 12(283) / लोआस / 2022 | • श्री रामपाल चौधरी, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 29. | 12(222) / लोआस / 2022 | • श्री रामपाल चौधरी, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 30. | 12(41) / लोआस / 2022 | • श्री मनोज कुमार, ग्राम विकास अधिकारी,<br>• श्री भागीरथ सिंह, कनिष्ठ सहायक | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 31. | 12(125) / लोआस / 2022 | • श्री कजोडमल गवारिया, ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 32. | 12(184) / लोआस / 2022 | • श्री भैराराम, कनिष्ठ सहायक, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 33. | 12(457) / लोआस / 2022 | • श्री बरकत अली, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 34. | 12(13) / लोआस / 2022 | • श्री दिलीप सिंह, ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए नियम 1958 के नियम 13 निलम्बित किया गया |
| 35. | 12(303) / लोआस / 2021 | • श्री कपिल दवे, सहायक अभियन्ता<br>• श्री परसराम, कनिष्ठ तकनीकी सहायक | सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही |
| 36. | 3(151) / लोआस / 2021 | • श्री कृष्ण देव, हैड का. 2026 | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 37. | 3(180) / लोआस / 2022 | • श्री गोपाल, सहायक उप निरीक्षक | सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही |
| 38. | 10(40) / लोआस / 2020 | • श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, सहायक अभियंता<br>• श्री राजीव चिराणा, सहायक अभियंता | सीएस–656 में एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई। |
| 39. | 11(207) / लोआस / 2021 | • श्री हरि सिंह शेखावत, तहसीलदार<br>• श्री जीतू सिंह, पटवारी, | सीसीए 17 में वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई |
| 40. | 12(131) / लोआस / 2019 | • सुरेश सिंह रावत, ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए 17 में एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई |
| 41. | 12(433) / लोआस / 2019 | • श्री कन्हैयालाल मीणा, कनिष्ठ सहायक | सीसीए 17 में परिनिदां के दण्ड से दण्डित |
| 42. | 12(27) / लोआस / 2020 | • गोविंद प्रसाद तंबोली, ग्राम विकास अधिकारी, | सीसीए 17 में मौखीक चेतावनी |
| 43. | 12(102) / लोआस / 2020 | • श्री रामलाल अमन, ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए 16 में एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से राकी गई। |
| 44. | 12(161) / लोआस / 2020 | • श्री रवि कुमार, कनिष्ठ सहायक | सीसीए 16 में एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी गई |
| 45. | 12(164) / लोआस / 2020 | • श्री रवि कुमार, कनिष्ठ सहायक | सीसीए 16 में एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी गई |
| 46. | 12(24) / लोआस / 2022 | • श्री दिनेश कुमार सैनी, ग्राम विकास अधिकारी, | सीसीए 17 के तहत एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 47. | 12(43)/लोआस/2022 | • श्री सीताराम जाखड, ग्राम विकास अधिकारी | सीसीए 17 में एक वतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई |
| 48. | 12(234)/लोआस/2022 | • श्री अशोक कुमार पारीक, ग्राम विकास अधिकारी, | सीसीए 17 में परिनिदां के दण्ड से दण्डित |
| 49. | 35(303)/लोआस/2017 | • श्री संजय लाल मीणा, पटवारी<br>• श्री कानाराम, तत्कालीन भू अभिलेख निरिक्षक | सीसीए 17 में एक वतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई |
| 50. | 12(320)/लोआस/2018 | • श्री दिलीप कुमार, ग्राम विकास अधिकारी, | अनुशासनिक कार्यवाही |
| 51. | 12(533)/लोआस/2018 | • श्री अनुराग पमरार, कनिष्ठ सहायक अभियंता<br>• श्री बनवारी लाल, कनिष्ठ तकनीकी सहायक | अनुशासनिक कार्यवाही |
| 52. | 12(311)/लोआस/2018 | • श्री प्रताप सिंह सांचोर, सहायक लेखाधिकारी<br>• श्री विष्णुकुमार जाट, कनिष्ठ अभियंता<br>• श्री परशुराम राय, ग्राम विकास अधिकारी | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 53. | 12(116)/लोआस/2018 | • श्री रामनिवास कुम्हार, ग्राम विकास अधिकारी | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 54. | 12(42)/लोआस/2021 | • श्री रामपाल चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 55. | 12(43)/लोआस/2021 | • श्री सुमेरराम मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 56. | 12(19)/लोआस/2019 | • श्री भंवर सिंह चौहान, ग्राम विकास अधिकारी<br>• श्री विजय सिंह मीणा, कनिष्ठ सहायक | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 57. | 12(191)/लोआस/2018 | • श्री अभिमन्यु सिंह, ग्राम विकास अधिकारी,<br>• श्री कैलाश जाणी, ग्राम विकास अधिकारी<br>• श्री जेठाराम, कनिष्ठ सहायक<br>• श्रीमती लीलावती मीणा, ग्राम विकास अधिकारी,<br>• श्री उमरासिंह, ग्राम विकास अधिकारी | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • श्री बजरंग सिंह, ग्राम विकास अधिकारी<br>• श्री बालूराम, ग्राम विकास अधिकारी<br>• श्री सीताराम, कनिष्ठ सहायक<br>• श्री भजन लाल, ग्राम विकास अधिकारी,<br>• श्री गुलाब चन्द सोनी, ग्राम विकास अधिकारी<br>• श्री बालूरा गौड, ग्राम विकास अधिकारी | |
| 58. | 12(274)/लोआस/2018 | • श्री रामनिवास कुम्हार, ग्राम विकास अधिकारी | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 59. | 12(436)/लोआस/2016 | • श्री सुनिल द्विवेदी, कनिष्ठ अभियंता | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 60. | 12(657)/लोआस/2017 | • श्री मुकेश कुमार बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी, | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 61. | 8(40)/लोआस/2020 | • डॉ निर्मला सिंह, तत्कालीन चिकित्सा अधिकारी | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 62. | 8(48)/लोआस/2017 | • श्री राजराज शर्मा, औषधि नियंत्रक<br>• श्री राकेश वर्मा, सहायक औषधि नियंत्रक | 16 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 63. | 17(153)/लोआस/2018 | • श्री अमरसिंह, पटवारी | 16 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 64. | 31(80)/लोआस/2017 | • श्री ओम प्रकाश, कार्यप्रसारित सहायक | 16 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 65. | 17(5)/लोआस/2019 | • श्री सतीश कुमार शारदा, सहायक अभियंता | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 66. | 11(312)/लोआस/2018 | • सुश्री पूजा यादव, सहायक प्रशासनिक अधिकारी | अनुशासनिक कार्यवाही |
| 67. | 11(122)/लोआस/2020 | • श्री कैलाश चन्द्र गुर्जर, तहसील राजस्व लेखाकार | 16 सीसीए के तहत कार्यवाही |
| 68. | 11(382)/लोआस/2021 | • श्री धर्मेन्द्र कुमार स्वामी, उप पंजीयक | अनुशासनिक कार्यवाही |
| 69. | 11(42)/लोआस/2022 | • श्री मंजूर अली, उप पंजीयक | 17 सीसीए के तहत कार्यवाही |

परिशिष्ट–1.8

# विभागवार अनुतोष प्रकरणों की संख्या

## कालावधि – दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023

| हैड | Department Name | विभाग का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 2 | Agriculture | कृषि | 0 |
| 3 | Police | पुलिस | 17 |
| 4 | Co-Operative | सहकारिता | 2 |
| 5 | Education | शिक्षा | 4 |
| 6 | College Education | महाविद्यालय शिक्षा | 0 |
| 7 | Food & Civil Supply | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति | 6 |
| 8 | Medical & Health | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य | 6 |
| 9 | P.W.D. | सार्वजनिक निर्माण विभाग | 1 |
| 10 | R.R.V.V.N.Ltd. | रा0रा0वि0वि0 निगम लि0 | 8 |
| 11 | Revenue | राजस्व | 42 |
| 12 | Panchayat & Development | पंचायती राज | 31 |
| 13 | Famine & Relief | आपदा प्रबन्धन | 0 |
| 14 | Transport | परिवहन | 0 |
| 15 | Forest | वन | 2 |
| 16 | L.S.G. | स्वायत्त शासन विभाग | 35 |
| 17 | U.D.H | नगरीय विकास एवं आवासन | 14 |
| 18 | Excise | आबकारी | 0 |
| 19 | Industries | उद्योग | 2 |
| 20 | Printing & Stationary | मुद्रण | 0 |
| 21 | Animal Husbandary | पशुपालन | 0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22 | Govt. Enquiries | राजकीय जॉच | 0 |
| 23 | Irrigation | सिंचाई | 0 |
| 24 | I.G.N.P | इंदिरा गांधी नहर परियोजना | 0 |
| 25 | Mines Allotment Enquiry | खान आवंटन जॉच | 0 |
| 26 | Colonnization | उपनिवेशन | 0 |
| 28 | Judiciary | न्याय | 0 |
| 29 | Jails | कारागार | 0 |
| 30 | Labour | श्रम | 0 |
| 31 | P.H.E.D. | जन स्वा0 अभियांत्रिकी2 | 3 |
| 32 | Social Welfare | सामाजिक न्याय अधिकारिता | 1 |
| 33 | Settlement | भू–प्रबन्ध | 0 |
| 34 | Secretariat | शासन सचिवालय | 0 |
| 35 | Miscellaneous | विविध | 18 |
| 40 | AC Department | भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो | 0 |
| 41 | Ayurved | आयुर्वेद | 0 |
| 42 | Devsthan | देवस्थान | 1 |
| 43 | R.S.R.T.C. | रा0रा0पथ परिवहन निगम | 0 |
| 44 | Commercial Taxes | वाणिज्यिक कर | 0 |
| 45 | Mines & Geology | खान एवं भूविज्ञान | 0 |
| 46 | Sanskrit Education1 | संस्कृत शिक्षा | 0 |
| 47 | Insurance | बीमा | 47 |
| 48 | Technical Education | तकनीकी शिक्षा | 1 |
| **Total** | | | **241** |

परिशिष्ट–1.9

## इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप आरोपी लोकसेवकगण से वसूल करवाई गई राशि का विवरण

## कालावधि – दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023

| क्रम | पत्रावली संख्या | वसूल की गई राशि (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1. | 16(538)/LAS/2018 | 2.57 |
| 2. | 16(75)/LAS/2020 | 10.77 |
| 3. | 16(103)/LAS/2021 | 13.04 |
| 4. | 35(225)/LAS/2019 | 1.07 |
| 5. | 35(161)/LAS/2021 | 13.35 |
| 6. | 35(12)/LAS/2022 | 0.87 |
| 7. | 12(18)/LAS/2022 | 0.73 |
| 8. | 11(162)/LAS/2020 | 1.33 |
| 9. | 12(780)/LAS/2016 | 0.34 |
| 10. | 12(431)/LAS/2017 | 2.17 |
| 11. | 12(241)/LAS/2018 | 2.57 |
| 12. | 12(242)/LAS/2018 | 0.30 |
| 13. | 12(417)/LAS/2018 | 0.02 |
| 14. | 12(326)/LAS/2019 | 0.27 |
| 15. | 12(287)/LAS/2022 | 0.02 |
| 16. | 12(635)/LAS/2017 | 2.23 |
| 17. | 12(16)/LAS/2021 | 2.20 |
| 18. | 12(38)/LAS/2021 | 0.69 |
| 19. | 12(42)/LAS/2021 | 0.46 |
| 20. | 12(43)/LAS/2021 | 1.46 |
| | कुल राशि | **56.46** |

# अध्याय - 2

## अन्वेषण पश्चात् सक्षम प्राधिकारी को धारा 12(1) राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत प्रेषित अनुशंषा के प्रकरण

# अध्याय–2

## अन्वेषण पश्चात् सक्षम प्राधिकारी को धारा 12(1) राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत प्रेषित अनुशंषा के प्रकरण

### एफ 35(152)लोआस/2016

परिवादी श्रीमती राधा देवी पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार अरोडा, निवासी प्लॉट संख्या 53/13, प्रताप नगर, सांगानेर, जिला जयपुर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया कि मोती भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की निवारू रोड, जयपुर स्थित डिफेन्स कॉलोनी योजना में उसकी क्रयशुदा दुकान के पीछे स्थित प्लॉट संख्या 3 के स्वामी श्री योगेश शर्मा एवं श्रीमती कृष्णा शर्मा द्वारा अपनी जमीन के पीछे के हिस्से (दक्षिण दिशा) से प्रार्थीया की दुकानों की जमीन एवं सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बिना अनुमति के कॉम्पलेक्स एवं बेसमेन्ट आदि का निर्माण कर लिया है, जबकि उसकी दुकानों के पिछले हिस्से में दक्षिण दिशा की ओर 200 फीट सड़क ही स्वीकृति हैं। परिवादी द्वारा आयुक्त, जेडीए एवं उपायुक्त, जोन संख्या 6 व 7 एवं प्रवर्तन शाखा को भी लिखित में शिकायत की गई, लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

परिवाद के संबंध में विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई। तथ्यात्मक रिपोर्ट से प्रथमदृष्टया नगर निगम, जयपुर के विद्याधर नगर जोन में उपायुक्त के पद पर पदस्थापित लोक सेवकों द्वारा अपने पदीय कर्त्तव्य का पालना नहीं करने और अवैध निर्माण को रोकने बाबत समुचित प्रयास नहीं करना पाये जाने पर उनके विरूद्ध

राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अधीन अन्वेषण किये जाने का निर्णय लिया गया।

अन्वेषण के दौरान आरोपी लोक सेवकों को अपने–अपने प्रतिवाद एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर दिया गया तथा परिवादी की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य के खण्डन में अपने बचाव में मौखिक व प्रलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने का भी अवसर प्रदान किया गया।

निष्कर्षः–

अन्वेषण के दौरान पत्रावली पर आई मौखिक व प्रलेखीय साक्ष्य एवं तर्क, विवेचन तथा लोकसेवको के स्पष्टीकरण में प्रकट स्थिति के आधार पर अपचारी लोकसेवक (1) **श्री सोहनलाल** (तत्कालीन उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम, जयपुर), (2) **श्रीमती कविता चौधरी (**तत्कालीन उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम, जयपुर), (3) **श्री रामरतन शर्मा** (तत्कालीन उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम, जयपुर), (4) **श्री मुकेश कुमार** (तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम, जयपुर) (5) **श्री धर्मचंद सोनी** (तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम, जयपुर), (6) **श्री कमलकांत बैरवा** तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम,जयपुर) एवं (7) **श्री राजेन्द्र सैनी** (तत्कालीन गजधर, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम, जयपुर) के विरूद्ध पदीय दायित्व/कर्त्तव्य निर्वहन में उपेक्षा, लापरवाही एवं अकर्मण्यता का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही करने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

एफ 16(365)लोआस / 2015

एफ 16(77)लोआस / 2013

परिवादी श्रीमती रजनी यादव, निवासी 61 / 175, प्रताप नगर, सांगानेर, जिला जयपुर (भूखण्डधारी, भूखण्ड संख्या 196, मल्हौत्रा नगर,जयपुर) द्वारा इस आशय का परिवाद प्रस्तुत किया गया कि गुलाबबाड़ी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. एस.डी.191, शांति नगर, जयपुर (रजि.नं. 2564–एल) के पदाधिकारियों द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर के जोन–2 एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के अधिकारियों / कर्मचारियों से मिलिभगत कर समिति की मल्हौत्रा नगर, सीकर रोड, जयपुर में स्थित आवासीय योजना के भूखण्डो में अत्यधिक फर्जीवाड़ा किया और मामले में जांच अधिकारी अतिरिक्त आयुक्त (भूमि), जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर आवश्यक कार्यवाही करने एवं दोषियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया।

इसी तरह का एक अन्य परिवाद संख्या **एफ 16(365)लोआस / 2015 / *u/s-12*** परिवादी श्रीमती रेशम देवी जरिए मु.आ.श्री अरविन्द यादव दत्तक पुत्र श्री कंवर सिंह ने अपने भूखण्ड संख्या 207, क्षेत्रफल 300 वर्गगज, गुलाबबाडी गृह निर्माण सहकारी समिति प्रा.लि., शांति नगर, जयपुर की आवासीय योजना मल्होत्रा नगर, सीकर रोड, जयपुर बाबत प्रस्तुत किया।

परिवाद संख्या **एफ 16(365)लोआस / 2015 / u/s-12** को **पत्रावली संख्या एफ 16(77)लोआस / 2013 / u/s-12** के साथ समेकित कर जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया। तथ्यात्मक रिपोर्ट से प्रथमदृष्टया भू–प्रबन्ध विभाग में अमीन के पद पर पदस्थापित लोक सेवक द्वारा अपनीपदीय शक्ति का दुरूपयोग करना प्रकट होने से, उसके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा

उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अधीन अन्वेषण किये जाने का निर्णय लिया गया।

अन्वेषण के दौरान आरोपी लोक सेवक को अपना प्रतिवाद एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर दिया गया तथा परिवादी की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य के खण्डन में अपने बचाव में मौखिक व प्रलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने का भी अवसर प्रदान किया गया।

निष्कर्षः–

अन्वेषण के दौरान पत्रावली पर आई मौखिक व प्रलेखीय साक्ष्य एवं तर्क विवेचन तथा लोकसेवको के स्पष्टीकरण में प्रकट स्थिति के आधार पर अपचारी लोकसेवक **श्री महेन्द्र कुमार शर्मा**, तत्कालीन अमीन, (सेवानिवृत्त भू–मापक, भू–प्रबन्ध विभाग) के विरूद्ध भ्रष्ट आचरणपूर्वक अपनी पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 16(144)लोआस / 2019

परिवादी श्री नरेन्द्र बिजारणिया पुत्र श्री बंशी सिंह, निवासी नया कुंआ, वार्ड संख्या 5, श्रीमाधोपुर, द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथित किया गया कि श्री सालगराम चौधरी द्वारा खटोड बाजार, श्रीमाधोपुर में बिना निर्माण स्वीकृति, मास्टर प्लान व सी.टी. सर्वे में रास्तें की भूमि पर सेटबैक छोड़ेबिना अवैध रूप से व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कर लिया गया। इस सम्बन्ध में विभाग को शिकायत करने के उपरान्त भी अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, श्रीमाधोपुर द्वारा यथोचित कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई।

इस संबंध में उप निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर को परिवाद की प्रति प्रेषित कर तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई जिस पर उनके द्वारा इस सचिवालय को रिपोर्ट प्रेषित करते हुए अवगत कराया कि नगरपालिका, श्रीमाधोपुर, जिला सीकर द्वारा कोई निर्माण स्वीकृति नहीं दी गई एवं प्रश्नगत अवैध निर्माण नियम विरूद्ध किया गया है। यह भी अवगत कराया गया कि मौका निरीक्षण उपरान्त आगे अवैध निर्माण न होने देने के लिए तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी द्वारा किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को पाबन्द नहीं किया गया।

पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात एवं तथ्यात्मक रिपोर्ट से प्रथमदृष्टया श्री कैलाश चंद शर्मा (तत्कालीन कार्यकारी अधिशाषी अधिकारी) एवं श्री रजत जैन (कार्यकारी अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, श्रीमाधोपुर) के विरूद्ध पदीय कर्तव्यों का सही रूप से निर्वहन नहीं कर, भू–स्वामी को अनुचित लाभ पहुंचाने के आशय से अवैध निर्माण होने देने में सहयोग कर पद का दुरूपयोग करना प्रमाणित होने से उनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 (1)(क) के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ किया गया।

दौराने अन्वेषण आरोपी लोकसेवक श्री रजत जैन द्वारा अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया एवं अन्य आरोपी लोकसेवक श्री कैलाश चंद शर्मा द्वारा अवसर दिये जाने के बावजूद भी अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया।

निष्कर्षः–

परिवादी के आरोपो के संबंध में अभिलेख पर आई साक्ष्य,तर्क विवेचन एवं संबंधित लोकसेवक के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए अपचारी लोकसेवक (1) **श्री रजत जैन,** तत्कालीन कार्यकारी अधिशाषी अधिकारी, (राजस्व निरीक्षक) नगरपालिका, श्रीमाधोपुर एवं (2) **श्री कैलाश चंद शर्मा,** तत्कालीन कार्यकारी अधिशाषी अधिकारी, (कनिष्ठ सहायक) नगरपालिका, श्रीमाधोपुर के विरूद्ध पदीय

कर्तव्यों का सही रूप से निर्वहन नहीं कर, भ्रष्ट आचरणपूर्वक पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 16(776)लोआस/2014

परिवादी श्री रोहित शर्मा, निवासी प्लाट नं. 15ए, नरेन्द्र नगर, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया कि भूखण्ड संख्या 9, श्रीरामपुरम कॉलोनी, गुर्जर की थड़ी पर नियम विरूद्ध निर्माण करवाया जा रहा है, जबकि 30 फीट रोड पर इस प्रकार के फ्लेट का निर्माण नहीं किया जा सकता। परिवादी द्वारा विवादित स्थल के फोटोग्राफ भी प्रस्तुत किये गये। अतः जिम्मेदार कर्मचारियों/अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

इस संबंध में सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को परिवाद की प्रति प्रेषित कर तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात एवं विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में लोकसेवक **श्री राजकुमार मीणा**, तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी, जोन 5, जेडीए (हाल थानाधिकारी पुलिस थाना मलारना डूँगर) एवं **श्री रामनिवास मीणा**, तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी, जोन 5, जेडीए (हाल–थानाधिकारी, पुलिस थाना शिवाजी पार्क, अलवर) के विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ किया जाकर, उन्हें अपना लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत किये जाने बाबत नोटिस जारी किये गये जिसके क्रम में उक्त लोकसेवकों द्वारा अपने लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत किये गये।

<u>निष्कर्षः–</u>

विभाग से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट एवं परिवादी के आरोपो के संबंध में अभिलेख पर आई साक्ष्य, तर्क विवेचन एवं संबंधित लोकसेवक **श्री राजकुमार मीणा**, तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी, जोन–5, जेडीए (हाल थानाधिकारी, पुलिस थाना, मलारना डूँगर) एवं **श्री रामनिवास मीणा**, तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी, जोन 5, जेडीए (हाल–थानाधिकारी, पुलिस थाना शिवाजी पार्क, अलवर) के विरूद्ध भ्रष्ट आचरणपूर्वक भू–स्वामी को अनुचित लाभ पहुंचाने के आशय से अवैध निर्माण को प्रश्रय देकर पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 3(120)लोआस / 2022

परिवादी श्री दीपक योगी पुत्र श्री चतुर्थीलाल योगी, निवासी चिथवाड़ी, तहसील चौमूं, जिला जयपुर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया कि उसकी पत्नी श्रीमती रेणू योगी ने उसके विरूद्ध एक इस्तगासा उपखण्ड अधिकारी, चौमूं के समक्ष प्रस्तुत किया जिसकी जांच श्री रामनिवास, हैड कानि. 424, पुलिस थाना, सामोद द्वारा की गई जिसमें श्री रामनिवास द्वारा पत्नी श्रीमती रेणू से मिलकर गलत एवं झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अतः श्री रामनिवास हैड कानि. के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

परिवाद के संबंध में पुलिस विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई। तथ्यात्मक रिपोर्ट से पुलिस थाना, सामोद में पदस्थापित हैड कास्टेबल श्री रामनिवास के विरूद्ध प्रथमदृष्टया श्रीमती रेणू योगी को अनुचित लाभ पहुंचाने के आशय से अपनी पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रकट होने से, उनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त

तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अधीन अन्वेषण किये जाने का निर्णय लिया गया।

अन्वेषण के दौरान आरोपी लोक सेवक ने अपना प्रतिवाद एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया तथा परिवादी व उसके गवाहान के बयान लेखबद्व किये गये जिनसे लोकसेवक श्री रामनिवास द्वारा प्रतिपरीक्षा की गई।

निष्कर्षः–

तत्पश्चात् अभिलेख पर आई साक्ष्य एवं तर्क विवेचन तथा लोकसेवक के स्पष्टीकरण में प्रकट स्थिति को देखते हुए अपचारी लोकसेवक श्री रामनिवास, हैड कानि. पुलिस थाना, सामोद के विरूद्ध अप्रार्थीया श्रीमती रेणू योगी को अनुचित लाभपहुंचाते हुए पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 3(678)लोआस / 2017

परिवादी श्री मनीष कुमार शर्मा, निवासी प्रेमनगर, आगरा रोड, जयपुर द्वारा प्रेषित परिवाद में उन्होंने पुलिस थाना, लालसोट में दर्ज प्रकरण संख्या 189 / 2017 व 190 / 2017 में श्री मोहनलाल वर्मा, वृत्ताधिकारी, वृत लालसोट द्वारा भू–माफियाओं के प्रभाव में आकर निष्पक्ष अनुसंधान नहीं करने का आक्षेप लगाते हुए, मामले में जांच करने की प्रार्थना की।

परिवाद पर पुलिस अधीक्षक, दौसा से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई। पुलिस अधीक्षक, दौसा द्वारा प्रेषित अपनी रिपोर्ट में अनुसंधान अधिकारी श्री मोहनलाल वर्मा,

तत्कालीन वृत्ताधिकारी वृत लालसोट द्वारा प्र.सू.रि. संख्या 189/2017 में मजरूब अनिल कुमार के जबडे व दांत में आई चोट के बारे में 8 माह तक एक्स–रे नहीं करवाना एवं इस संबंध में विशेषज्ञ से कोई राय नहीं लिया जाना माना, लेकिन विभाग द्वारा इस लापरवाही के संबंध में उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई।

तथ्यात्मक रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में श्री मोहनलाल वर्मा, तत्कालीन वृत्ताधिकारी वृत लालसोट के विरूद्ध प्रथमदृष्टया पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रकट होने से उनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अधीन अन्वेषण किये जाने का निर्णय लिया गया।

अन्वेषण के दौरान आरोपी लोक सेवक ने अपना प्रतिवाद एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया।

निष्कर्षः–

प्रकरण में अभिलेख पर आई साक्ष्य, तर्क विवेचन एवं संबंधित लोकसेवक के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए, अपचारी लोकसेवक (1) **श्री मोहनलाल वर्मा**, तत्कालीन वृताधिकारी, वृत लालसोट के विरूद्ध अपने कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही एवं पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई ।

## एफ 3(114)लोआस/2020

परिवादी श्री पूनम चंद जैन, निवासी बटक भैरू पाडा, जिला बून्दी द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया कि दिनांक 16.06.2020 को सहायक उप निरीक्षक, श्री अर्जुन सिंह, पुलिस थाना, सदर जिला बून्दी ने दो गोवंश से भरी पिकअप गाड़ी

पकड़ी जिस पर श्री अर्जुन सिंह द्वारा पिकअप चालको के विरूद्ध प्रकरण दर्ज नहीं कर, उन्हें बिना किसी विधिक कार्यवाही के छोड़ दिया। परिवादी द्वारा सहायक उप निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया।

परिवाद पर पुलिस अधीक्षक, बून्दी से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा रिपोर्ट में यह अंकित किया गया कि श्री अर्जुन सिंह, सहायक उप निरीक्षक द्वारा दो पिकअप वाहनों में निर्धारित मापदण्ड से अधिक मात्रा में 6 गाय व 2 बछड़ो को परिवहन कर ले जाने के संबंध में कोई विधिक कार्यवाही नहीं की गई जिसकी पुष्टि तत्कालीन वृत्ताधिकारी, वृत बून्दी श्री मनोज शर्मा द्वारा अपनी रिपोर्ट में भी की गई।

इस पर लोकसेवक श्री मनोज शर्मा, तत्कालीन वृत्ताधिकारी व श्री अर्जुन सिंह, सहायक उप निरीक्षक के विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ कर, उन्हें अपना लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत किये जाने बाबत नोटिस जारी किये गये जिसके क्रम में लोकसेवकों द्वारा अपने स्पष्टीकरण प्रस्तुत किये गये।

दौराने अन्वेषण परिवादी श्री पूनमचंद जैन के बयान लेखबद्व किये गये जिस पर लोकसेवकों द्वारा प्रतिपरीक्षा पूर्ण की गई।

निष्कर्षः—

प्रकरण में परिवादी के आरोपो के संबंध में अभिलेख पर आई साक्ष्य, तर्कविवेचन एवं संबंधित लोकसेवकों के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए अपचारी लोकसेवक **श्री अर्जुन सिंह,** सहायक उप निरीक्षक, थाना सदर, जिला बून्दी के विरूद्ध अपने कर्त्तव्य निर्वहन में पदीय शक्ति का दुरूपयोग एवं अकर्मण्यता का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम

1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 16(410)लोआस/2014

परिवादी श्री दीपचंद गुप्ता, निवासी पुरानी मण्डी, गंगापुर सिटी, जिला सवाईमाधोपुर ने नगर परिषद्, गंगापुरसिटी द्वारा 148 लाख रूपये के निर्माण कार्य के संबंध में एक राज्य स्तरीय एवं एक अखिल भारतीय समाचार पत्र में निविदा का प्रकाशन नहीं करवाने एवं अधिशाषी अभियंता द्वारा 5 व 50 लाख रूपये से अधिक कार्यों का तकनीकी अनुमोदन अधीक्षण अभियंता या निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग से नहीं कराने तथा बिना तकनीकी व वितीय स्वीकृति के कार्यादेश जारी करने और निर्माण कार्यों के भुगतान से पहले सक्षम अधिकारी से गुणवता की जांच नहीं करवाने आदि अनियमितताओं के सम्बन्ध में परिवाद प्रस्तुत कर, मामले की जांच करवाने की प्रार्थना की।

परिवादी से प्राप्त परिवाद के संबंध में विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई थी जिस पर उनके द्वारा अपनी रिपोर्ट में यह अंकित किया कि नगर परिषद्, गंगापुर सिटी में तत्समय कार्यरत लोकसेवकों द्वारा अपनी पदीय शक्ति का दुरूपयोग व भ्रष्टाचार कारित कर निविदा प्रक्रिया, निर्माण कार्य एवं संवेदकों को भुगतान करने में गंभीर अनियमितता कारित की गई।

उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में लोकसेवक श्री सौरभ कुमार जिन्दल, तत्कालीन आयुक्त, श्री पंकज मीणा, तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, श्री अमरीश मीणा, तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, श्री जितेन्द्र शर्मा, तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी, श्री राकेश शर्मा, तत्कालीन तकनीकी अधिकारी, श्री संजय अग्निहोत्री, तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, श्री जुगलकिशोर, तत्कालीन स्टोरकीपर, श्री नरसिंह मीणा (नरसी मीणा),

श्री लक्ष्मीकांत बालोत, आर.ए.एस एवं डॉ. बी.के.सिंह के विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ कर, उन्हें अपना लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत किये जाने बाबत नोटिस जारी किये गये। इस पर लोकसेवकों द्वारा अपने लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किये गये। लोकसेवक श्री अमरीश मीणा द्वारा अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किये जाने पर उनका जवाब का अवसर समाप्त किया गया।

परिवादी श्री दीपचंद गुप्ता की मृत्यु होने एवं लोकसेवको द्वारा अपनी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये जाने पर सम्पूर्ण साक्ष्य अवसर समाप्त किया गया।

निष्कर्षः–

तत्पश्चात् अभिलेख पर आई साक्ष्य,तर्क विवेचनएवं संबंधित लोकसेवको के स्पष्टीकरण में प्रकट स्थिति को देखते हुए प्रकरण में अपचारी लोकसेवकों (1) श्री सौरभ कुमार जिन्दल, तत्कालीन आयुक्त, (2) श्री पंकज मीणा, तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, (3) श्री अमरीश मीणा, तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, (4) श्री जितेन्द्र शर्मा, तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी, (5) श्री राकेश शर्मा, तत्कालीन तकनीकी अधिकारी, (6) श्री संजय अग्निहोत्री, तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, (7) श्री जुगलकिशोर, तत्कालीन स्टोर कीपर, (8) श्री नरसिंह मीणा (नरसी मीणा) एवं (9) श्री लक्ष्मीकांत बालोत, आरएएस के विरूद्ध पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

इसके अतिरिक्त लोकसेवक डॉ. बी.के.सिंह, अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेषण विभाग के विरूद्ध लगाये गये आरोप प्रमाणित नहीं पाये जाने पर उनके विरूद्ध विचाराधीन अन्वेषण कार्यवाही समाप्त की गई ।

## एफ 16(214)लोआस / 2018

परिवादी श्री आशुतोष कुमावत पुत्र श्री ओमप्रकाश कुमावत, निवासी 86 / 176 निवासी कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर ने परिवाद प्रस्तुत कर कथन किया कि उनके पड़ौसी (मकान संख्या 86 / 175, सेक्टर 8, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर) द्वारा बिल्डिंग बायलॉज के विपरीत बहु मंजिला निर्माण शुरू कर दिया। उक्त निर्माण के संबंध में नगर निगम के अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।

परिवाद के संबंध में विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई जिस पर उनके द्वारा रिपोर्ट में यह कथन किया कि प्रश्नगत भूखण्ड संख्या 186 / 75 में भू–तल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर निर्माण पाया गया। उक्त अवैध निर्माण के संबंध में जोन द्वारा नोटिस दिनांक 16.11.2017 एवं दिनांक 29.04.2019 जारी किये गये। इसके अलावा अवैध निर्माण के विरूद्ध अन्य कोई कार्यवाही नहीं की गई।

उक्त तथ्यों के दृष्टिगत दिनांक 16.11.2017 से दिनांक 09.05.2019 तक कार्यालय उपायुक्त सांगानेर जोन, नगर निगम, जयपुर में पदस्थापित उपायुक्त श्री रविन्द्र शर्मा व श्रीमती ममता नागर एवं कनिष्ठ अभियन्ता श्री सुबोध नादेश्वरी व श्री अमित कुमावत के विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ किया जाकर उन्हें अपना लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत किये जाने बाबत नोटिस जारी किये गये जिस पर

लोकसेवकों द्वारा अपने लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किये गये। परिवादी एवं लोकसेवकों की स्वयं की प्रार्थना पर उनका साक्ष्य/प्रतिपरीक्षा का अवसर समाप्त किया गया।

निष्कर्षः—

परिवादी के आरोपो के संबंध में अभिलेख पर आई साक्ष्य, तर्क विवेचन एवं संबंधित लोकसेवक (1) श्री सुबोध नादेश्वरी, सहायक अभियन्ता, नगर निगम हैरिटेज एवं (2) श्री अमित कुमार कुमावत, कनिष्ठ अभियन्ता, नगर निगम ग्रेटर के स्पष्टीकरण में प्रकट स्थिति को देखते हुए अपचारी लोकसेवको के विरूद्ध पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई। इसके अतिरिक्त लोकसेवक श्री रविन्द्र शर्मा, आरएएस एवं श्रीमती ममता नागर के विरूद्ध आरोप प्रमाणित नहीं पाये जाने के कारण उनके विरूद्ध अन्वेषण कार्यवाही समाप्त की गई।

## एफ 17(110)लोआस/2018

परिवादी श्री जीवनराम निमोरिया पुत्र स्व. रामनारायण, निवासी प्लाट संख्या 120, टैगोर नगर, करतारपुरा, जयपुर ने परिवाद प्रस्तुत कर कथन किया कि उनके पड़ौसी भूखण्ड संख्या 121 के भूखण्डधारी श्री प्रेमनारायण द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर जीरो सैटबेक पर तीन मंजिला भवन का निर्माण कर अवैध रूप से स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उनके द्वारा परिवाद पत्र के साथ विवादित भूखण्ड के फोटोग्राफ भी प्रस्तुत किये गये। अतः मामले की जांच की जाये।

परिवाद पर विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई जिसमें उन्होंने प्रश्नगत भूखण्ड संख्या 121, टेगौर नगर, करतारपुरा, जयपुर में निर्मित निर्माण को अवैध बताया।

इस पर प्रकरण में प्रारम्भिक जांच की गई जिसमें आई मौखिक एवं प्रलेखीय साक्ष्य के आधार पर जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर में तत्समय जोन–5 में पदस्थापित प्रवर्तन अधिकारी श्री कैलाश चौधरी (हाल–सहायक आबकारी अधिकारी, आबकारी निरोधक दल, जयपुर ग्रामीण) के विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। दौराने अन्वेषण अपचारी श्री कैलाश चौधरी को लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किये गये जिसके क्रम में लोकसेवक द्वारा अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। परिवादी की साक्ष्य लेखबद्ध जिससे लोकसेवक श्री कैलाश चौधरी द्वारा प्रतिपरीक्षा पूर्ण की गई।

निष्कर्षः–

तत्पश्चात् अभिलेख पर आई साक्ष्य, तर्क विवेचन एवं संबंधित लोकसेवक श्री कैलाश चौधरी, तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी, जोन 5, जेडीए, जयपुर (हाल–सहायक आबकारी अधिकारी, आबकारी निरोधक दल, जयपुर ग्रामीण) के स्पष्टीकरण में प्रकट स्थिति को देखते हुए अपचारी लोकसेवक के विरूद्ध पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 17(9)लोआस / 2019

परिवादी श्री अशोक बसेटिया पुत्र श्री रामचन्द्र बसेटिया, निवासी ग्राम नाडिया, सिरसी, भांकरोटा रोड, जयपुर ने परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया कि भूखण्ड संख्या 4 व 5 कनक विहार, कनकपुरा, जयपुर में 6 मंजिला आवासीय फ्लेटों का अवैध निर्माण बिना सेटबैक छोड़े किया जा रहा हैं जिससे भूखण्ड संख्या 18 के चरपेटे

भूखण्ड संख्या 4 व 5 से होने के कारण उसके हवा–पानी व रोशनी अवरूद्ध हो गये हैं। अतः अवैध निर्माण व दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

परिवादी से प्राप्त परिवाद के संबंध में सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई जिसके अवलोकन से यह तथ्य सामने आये कि दिनांक 13.12.2018 के उपरान्त प्रवर्तन अधिकारी, जोन–7 को प्रश्नगत अवैध निर्माण का संज्ञान होने के पश्चात् भी उनके द्वारा अवैध निर्माण हटाये जाने बाबत किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई।

इस पर जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर में तत्समय जोन–7 में पदस्थापित प्रवर्तन अधिकारी **श्री कैलाश चौधरी** एवं **श्री सुरेश कुमार**, के विरूद्ध प्रथमदृष्टया पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रकट होने से उनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। दौराने अन्वेषण अपचारियों को लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किये गये जिसके क्रम में लोकसेवक द्वारा अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया।

निष्कर्षः–

तत्पश्चात् अभिलेख पर आई साक्ष्य, तर्क विवेचन एवं संबंधित लोकसेवक **श्री कैलाश चौधरी**, तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी, जोन 7 एवं **श्री सुरेश कुमार**, तत्कालीन प्रतर्वन अधिकरी जोन–7 द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण में प्रकट स्थिति को देखते हुए अपचारी लोकसेवकों के विरूद्ध पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 3(167)लोआस/2019

परिवादी श्री जगदीश प्रसाद खुराना, निवासी 76 न्यू फ्रेन्ड्स कॉलोनी, जयपुर रोड, अलवर ने परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया कि उनकी कृषि भूमि पर अयूब व उसके साथी भू–माफिया द्वारा कब्जा करने के प्रयास करने एवं इस बारे में न्यायालय के निर्णय के सन्दर्भ में भूमि में काश्त करने हेतु पुलिस अधीक्षक को 38,074/रूपये जमा करवाकर पुलिस इमदाद ली गई। पुलिस थाना, उद्योग नगर, अलवर के थानाधिकारी श्री चांद सिंह राठौड व उसके सहयोगी पुलिस कर्मियों द्वारा भू–माफियाओं से मिली भगत कर उसे पुलिस इमदाद उपलब्ध कराये जाने में देरी की गई जिससे फसल की बुआई समय पर नहीं हो पाई। इस प्रकार पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भू–माफियाओं से मिलीभगत कर पद का दुरूपयोग करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

परिवाद के संबंध में पुलिस अधीक्षक, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई।

रिपोर्ट के अवलोकन से प्रथमदृष्टया पुलिस थाना, उद्योग नगर, अलवर में पदस्थापित लोकसेवकों का कृत्य पदीय शक्ति के दुरूपयोग में आने से, उनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। दौराने अन्वेषण अपचारियों को लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किये गये जिसके क्रम में लोकसेवक द्वारा अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया।

दौराने अन्वेषण परिवादी श्री जगदीश प्रसाद के कथन लिये गये जिससे अपचारियों द्वारा प्रतिपरीक्षा पूर्ण की गई।

<u>निष्कर्षः–</u>

तत्पश्चात् पत्रावली पर उपलब्ध समस्त साक्ष्य सामग्री के अधार पर अपचारी लोक सेवक **श्री चांद सिंह राठौड**, तत्कालीन थानाधिकारी एवं **श्री सुरताराम**, सहायक

पुलिस उप निरीक्षक के विरूद्ध पदीय शक्ति के दुरूपयोग एवं अकर्मण्यता का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1)के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 16(68)लोआस/2014

परिवादी श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, निवासी मकान नं.5, तानाजी मार्ग, पोण्ड्रिक उद्यान के पास, ब्रहम्पुरी, जयपुर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया कि आराजी खसरा संख्या 230 रकबा 8 बीघा 7 बिस्वा की भूमि पटवार हल्का, नाहरगढ़ की जमाबंदी अनुसार नगर निगम, जयपुर के नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर श्री प्रभुदयाल सैनी द्वारा 300 वर्गमीटर भूमि पर बिना स्वीकृति अवैध निर्माण कर मकान बनाया जा रहा है, जिससे निगम को करोडों रूपयों का नुकसान हो रहा है। अतः अवैध निर्माण को हटवाये जाकर दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

परिवादी से प्राप्त परिवाद के संबंध में विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई। रिपोर्ट में उल्लिखित तथ्यों के दृष्टिगत उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के पद पर पदस्थापित लोकसेवक (1) श्री रामकिशोर मेहता, (2) श्री दिनेश कुमार पारीक, (3) श्री राजूलाल गूर्जर, (4) श्री रमाकांत अग्रवाल, (5) श्री धारासिंह मीणा, (6) श्रीमती कविता चौधरी, (7) श्रीमती सरोज ढाका, (8) श्री राधाकृष्ण मीणा, (9) श्री करणी सिंह, (10) श्री प्रियवृत सिंह चारण एवं (11) श्री सुरेन्द्र सिंह यादव के विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। दौराने अन्वेषण अपचारी लोक सेवकों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत किये जाने बाबत नोटिस जारी किये गये, जिस पर उनके द्वारा अपने–अपने लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत किये गये।

<u>निष्कर्षः—</u>

तत्पश्चात् पत्रावली पर उपलब्ध सामग्री अनुसार लोकसेवक (1) श्री रामकिशोर मेहता, (2) श्री दिनेश कुमार पारीक, (3) श्री राजूलाल गूर्जर, (4) श्री रमाकांत अग्रवाल, (5) श्री धारासिंह मीणा, (6) श्रीमती कविता चौधरी, (7) श्रीमती सरोज ढाका, (8) श्री राधाकृष्ण मीणा, (9) श्री प्रियवृत सिंह चारण एवं (10) श्री सुरेन्द्र सिंह यादव के विरूद्ध आरोपित अरोप प्रमाणित नहीं पाये गये।

जबकि अपचारी लोकसेवक **श्री करणी सिंह**(तत्कालीन उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगरनिगम ग्रेटर, जयपुर) के विरूद्ध पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला स्पष्टतः प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप—लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12 (1) के अधीन विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 16(82)लोआस / 2018

परिवादी श्री श्रवण सिंह राजपूत, निवासी वार्ड संख्या 5, मयूर स्कूल के पास, नीमकाथाना, सीकर ने परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया कि नगरपालिका, नीमकाथाना में पदस्थापित अधिशाषी अधिकारी श्री विशाल यादव द्वारा नगरपालिका क्षेत्र के कपील अस्पताल की पश्चिम दीवार के अन्दर तक धर्मकांटे के पीछे शिव मंदिर के पास कपील मण्डी के व्यस्त इलाके में बिना मालिकाना हक के अवैध रूप से निर्माण करने पर शिकायत की गई, किन्तु नगरपालिका, नीमकाथाना में पदस्थापित लोक सेवकों द्वारा शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं गई। अतः जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

परिवाद पर विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई। रिपोर्ट में उल्लिखित तथ्यों के दृष्टिगत नगरपालिका, नीमकाथाना में पदस्थापित लोकसेवक (1) श्री सूर्यकांत

शर्मा, (2) श्री फतेह सिंह मीणा, (3) श्री विशाल यादव, (4) श्री सलीमखान (तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, नीमकाथाना) एवं (5) श्री सुनील कुमार, सहायक अभियंता, (6) श्री मनीष कुमार सिंह, तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता, (7) श्री राजेश कुमार वर्मा, (8) श्री सत्यपाल जितरवाल, (9) श्री महेश कुमार, तत्कालीन अतिक्रमण प्रभारी के विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। दौराने अन्वेषण अपचारी लोक सेवकों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत किये जाने बाबत नोटिस जारी किये गये जिस पर उनके द्वारा अपने–अपने लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत किये गये।

निष्कर्षः–

परिवादी के आरोप के सम्बन्ध में विभाग से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट व अभिलेख पर आई साक्ष्य, तर्क विवेचन से लोकसेवक (1) श्री सूर्यकांत शर्मा, (2) श्री फतेह सिंह मीणा, (3) श्री विशाल यादव, (4) श्री सलीम खान (तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, नीमकाथाना) (5) श्री सुनील कुमार, सहायक अभियंता, (6) श्री मनीष कुमार सिंह, तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता, (7) श्री राजेश कुमार वर्मा, (8) श्री सत्यपाल जितरवाल, (9) श्री महेश कुमार, तत्कालीन अतिक्रमण प्रभारी के विरूद्ध अपने पदीय शक्ति के दुरूपयोग एवं कर्त्तव्य पालन में लापरवाही का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही करने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 19(9)लोआस/2019

परिवादी श्री सीताराम अग्रवाल, निवासी बी–4–बी, नीलगगन, अम्बाबाडी, जयपुर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया कि श्री सुधीर लोहिया, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक एवं श्री एस.के गुप्ता, प्रबन्धक, रीको मुख्यालय, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या एसपी–2 6(सी) फर्म मै. नवीन बोर्ड व हरीश बोर्ड का संदर्भ देते हुए रीको औधोगिक क्षेत्र

नीमराना फेज 1 के भू–उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया में षडयंत्रपूर्वक 4 करोड रूपये की राजस्व हानि पहुंचाई गई। अतः जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

परिवाद के संबंध में प्रबन्ध निदेशक, रीको, राजस्थान, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई। विभागीय रिपोर्ट एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज के दृष्टिगत प्रकरण में लोकसेवक श्री सुधीर लोहिया, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको के विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ कर उन्हें अपना लिखित स्पष्टीकरण सचिवालय में प्रस्तुत किये जाने बाबत नोटिस जारी किया गया जिस पर उनके द्वारा स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया।

दौराने अन्वेषण परिवादी श्री सीताराम अग्रवाल के बयान लेखबद्व किये गये जिससे लोक सेवकों द्वारा प्रतिपरीक्षा की गई।

निष्कर्षः–

तत्पश्चात् पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य सामग्री एवं तर्क विवेचन से लोकसेवक श्री सुधीर लोहिया, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीका के विरूद्ध पदीय शक्ति के दुरूपयोग, भ्रष्टाचार एवं मिलीभगत का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही करने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

## एफ 16(484)लोआस/2018

परिवादी श्री राकेश कुमार पुत्र श्री रामकुमार, निवासी राकेश ट्रेडिंग कम्पनी, हाजी कटला के सामने, सुजानगढ, जिला चूरू द्वारा उक्त परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया है कि नगरपालिका क्षेत्र में भवन मण्डल अधिनियमों को ताक में रखकर किए जा रहे अवैध निर्माण एवं अवैध वाणिज्यिक निर्माण के विरूद्ध अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, फतेहपुर द्वारा जानबुझकर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही हैं।

उनके द्वारा इस संबंध में दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की प्रार्थना की गई हैं।

परिवादी से प्राप्त परिवाद के संबंध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई ।

विभाग से प्राप्त रिपोर्ट एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में अपचारी लोकसेवकगण के विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण प्रारम्भ कर उन्हे अपना लिखित स्पष्टीकरण इस सचिवालय में प्रस्तुत किये जाने बाबत नोटिस जारी किये गये। जिसके क्रम में लोकसेवकगण द्वारा अपने लिखित स्पष्टीकरण इस सचिवालय में प्रस्तुत किये गये ।

विभाग से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट एवं परिवादी के उक्त आरोपो के संबंध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं संबंधित लोकसेवक (1) श्री प्रशान्त कुमार, (2) श्री वाजिद खान (3) श्री नवनीत कुमार (4) श्री सीताराम कुमावत (5) श्री नूर मोहम्मद खां (तत्कालीन अधिशाषी अधिकारीगण) एवं (6) श्री रघुनाथ प्रसाद (7) श्री देवेन्द्र कुमार सैनी (8) श्री मो.रियाज अहमद, (9) श्री सुमित कुमार (तत्कालीन सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता) के विरूद्ध अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर, अपने पद के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु इनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई ।

# अध्याय – 3

## अनुतोष के प्रकरण

# अध्याय–3

इस अध्याय में उन प्रकरणों का विवरण दिया जा रहा है जिनमें इस सचिवालय में प्राप्त परिवादों में राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जाकर परिवादी की शिकायत का नियमानुसार निराकरण करवाते हुए उसे अनुतोष प्रदान करवाया गया है।

## अनुतोष के प्रकरण

## कालावधि दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023

## माह जनवरी 2023

### एफ.3(27)लोआस/2022

परिवादी श्री हरीराम सौंकरिया पुत्र स्व0 श्री पदमाराम सौंकरिया, निवासी ग्राम उदयपुरिया, तहसील चौमूं, जिला जयपुर का अभिकथन था कि पुलिस थाना चौमूं में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमें दो वर्ष गुजर जाने के बाद भी अनुसंधान अधिकारी श्री रामशरण मीणा, सहायक उप निरीक्षक द्वारा मिलीभगत कर कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोकसेवक श्री रामशरण मीणा, उप निरीक्षक, पुलिस थाना, चौमूं के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही पूर्ण की जाकर लिखित चेतावनी के दण्ड से दण्डित किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.3(447)लोआस/2019

परिवादी श्री दुर्गाराम सिरवी पुत्र श्री गंगाराम सिरवी, निवासी बेरा गंगासागर, सोजत रोड़, तहसील सोजत, जिला पाली का अभिकथन था कि पुलिस थाना सोजत सिटी में कार्यरत हाल ट्रेफिक पुलिसकर्मी श्री तेजाराम सिरवी के द्वारा मकान के पीछे

के दरवाजे को लेकर झगड़ा फसाद किया जाता है तथा उसके घर के दरवाजे के आगे अनाधिकृत रूप से लकड़ियां लगा रखी है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, पाली से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तहसीलदार, सोजत द्वारा मौका रास्ता देखा गया और तत्काल कार्यवाही कर परिवादी के समक्ष रास्ता खुलवाया गया। परिवादी की उपस्थिति में समस्त अतिक्रमण ध्वस्त किया जाकर पूर्णरूपेण आवागमन सुचारू किया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.4(7)लोआस/2019

परिवादी श्री भंवरलाल माली पुत्र श्री नन्दा माली, निवासी मुकाम पोस्ट कादीसहना, तहसील शाहपुरा, जिला भीलवाड़ा का अभिकथन था कि ग्राम सेवा सहकारी समिति, कादीसहना द्वारा ऋण वितरण में गंभीर अनियमितता के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री किशनलाल गुर्जर, व्यवस्थापक से राशि 1,68,499.06/— रूपये की वसूली कर राजकोष में जमा करा दी गई है एवं श्री किशनलाल गुर्जर को सेवा से पृथक कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.11(335)लोआस/2018

परिवादी श्री गोपाराम देवासी पुत्र श्री पोमाराम देवासी, निवासी ग्राम चवरड़ा, पोस्ट कंवला, तहसील आहोर, जिला जालौर का अभिकथन था कि गोचर भूमि खसरा नम्बर 480/2485 व 476 पर कतिपय व्यक्तियों द्वारा किये गये अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा नहीं हटाया जा रहा है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जालौर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(26)लोआस / 2022

परिवादी श्री रामनिवास विश्नोई पुत्र श्री रूपाराम विश्नोई, निवासी जम्भ सागर, भींयासर, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत भींयासर, पंचायत समिति घंटियाली में विकास कार्यो में घोटाला किया जा रहा है एवं सार्वजनिक कार्य के तहत टांको व शौचालयों का निर्माण सार्वजनिक स्थान पर नहीं करवाकर निजी व्यक्तियों के घरों की चारदीवारी में करवाये जा रहे हैं। साथ ही जितने टांके पास किये हैं उनमें से अधिकांश पुराने बने हुये हैं एवं उन पर लीपापोती कर दुबारा नया दिखाकर भुगतान उठाया गया है।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवाद में वर्णित तथ्यों की जांच सहायक अभियंता, लेखाधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी द्वारा की गई है तथा जांच में जो कमियाँ पाई गई थी, उनको दुरूस्त करवाया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(42)लोआस / 2018

परिवादी श्री चुन्नीराम मेघवाल पुत्र श्री नन्दराम मेघवाल, निवासी 52 आरबी, गंगुवाला, तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगनगर का अभिकथन था कि ग्राम गंगुवाला सिखान, पंचायत समिति पदमपुर में गली संख्या 67 पर हुए अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(729)लोआस / 2016

परिवादी श्री मनोज खाती पुत्र श्री कन्हैयालाल, निवासी सुकेत, तहसील रामगंजमण्डी, जिला कोटा का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत सुकेत के सरपंच व तत्कालीन सचिव श्री बृजेश मेहरा ने ग्राम पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों में यथा

सड़क निर्माण, नाली निर्माण, लाईट व्यवस्था आदि में घटिया निर्माण, बिना स्वीकृति निर्माण, फर्जी बिलों आदि तरीकों से हेराफेरी कर करोड़ों रूपयों का भ्रष्टाचार किया है। ग्रामवासियों की शिकायत पर पंचायत समिति खैराबाद के विकास अधिकारी द्वारा प्रारम्भिक जांच कर तत्कालीन सचिव श्री बृजेश मेहरा को सस्पेन्ड कर दिया गया, परन्तु सरपंच व सचिव के विरूद्ध अन्य कोई कार्यवाही नहीं की गई।

इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, कोटा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सचिव श्री बृजेश मेहरा, श्री सुरेश कपूर तथा श्री मोहम्मद सलीम, ग्राम विकास अधिकारी को विभागीय जांच में दोषी पाये जाने पर दण्डित किया जा चुका है और उनकी 05 वार्षिक वेतन वृद्धियाँ संचयी प्रभाव से रोकी गई है। उक्त दण्ड के संबंध में वांछित इन्द्राज उनकी सेवा पुस्तिकाओं में भी किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(16)लोआस / 2014

परिवाद श्री इम्तियाज हसन पुत्र स्व0 श्री मंजूर उप हसन, निवासी मौहल्ला मोमिनान, पुराना शहर, किशनगढ़, अजमेर का अभिकथन था कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्लाट संख्या 37, नारायणपुरी, झोटवाड़ा, जयपुर का पट्टा जारी नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा परिवादी को आवासीय भूखण्ड संख्या 37 की लीजडीड जारी की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(133)लोआस / 2019

परिवादी श्री पदम पुत्र श्री गोपाल, निवासी गोंदी मौहल्ला, वार्ड नम्बर 01, कस्बा डीग, तहसील डीग, जिला भरतपुर का अभिकथन था कि सार्वजनिक रास्ते पर किये गये अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस संबंध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार नगर पालिका द्वारा प्रश्नगत अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.16(141)लोआस/2019**

परिवादी श्रीमती अनीता गोयल पत्नी श्री मनीष गोयल, निवासी अवधेश एन्टरप्राइजेज कॉलेज रोड़ फालना, जिला पाली का अभिकथन था कि उनके द्वारा नगरपालिका के आदेश की पालना में एक वैक्यूम एम्पीटीयर मशीन सप्लाई की गई थी, उसका भुगतान नहीं किया गया है।

इस संबंध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को नगरपालिका, रानी में सप्लाई किये गये वैक्यूम एम्पीटीयर मशीन की राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.16(289)लोआस/2019**

परिवादी श्री महावीर प्रसाद त्यागी पुत्र श्री जानकीप्रसाद त्यागी, निवासी 1793/2, सीताराम कॉलोनी, गुलाब बाग, जिला धौलपुर का अभिकथन था कि वार्ड नम्बर 7, गुलाब बाग, धौलपुर में उनके क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट नहीं है तथा सड़क भी नहीं बनी हुई है। नगर परिषद, धौलपुर में राशि जमा करवाये जाने के बावजूद भी भवन निर्माण की अनुमति जारी नहीं की गई है।

इस संबंध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार नगर परिषद, धौलपुर द्वारा प्रश्नगत आम सड़क का निर्माण करवा दिया गया है एवं रोड़ लाइट लगवाकर समस्या

का निस्तारण कर दिया गया है तथा भवन निर्माण की स्वीकृति भी जारी की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.16(326)लोआस / 2018**

परिवादी श्री ओमप्रकाश धुड़िया पुत्र श्री प्रभुदयाल धुड़िया, निवासी ग्राम अचरोल, तहसील आमेर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि कस्बा आमेर में स्थित मावठा झील के सामने एनिकट बहाव क्षेत्र में स्थित गैर मुमकिन मोहरी में किये गये अवैध निर्माण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस संबंध में आयुक्त, नगर निगम, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आमेर में स्थित मावठा झील के सामने एनिकट बहाव क्षेत्र में स्थित गैर मुमकिन मोहरी में किये गये अवैध निर्माण को पूर्ण रूप से हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.16(440)लोआस / 2013**

परिवादी श्री जगतपाल पुत्र श्री लाल सिंह, निवासी ए–163, बुद्ध बिहार, जिला अलवर का अभिकथन था कि विवादित रास्ते की भूमि से अतिक्रमण हटाया नहीं जा रहा है और जो भूखण्ड पार्क हेतु निर्धारित है, उस पर से भी अतिक्रमण हटाया जाकर उसको विकसित नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में विशेषाधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार खसरा नम्बर 307 साबिक ग्राम अलवर नम्बर 1 की आबादी हेतु अवाप्ति से छोड़ी गई 04 बिस्वा भूमि पर बसे लोगों द्वारा जो आंशिक अतिक्रमण किया गया था, उसे हटवा दिया गया है और सार्वजनिक पार्क का निर्माण कार्य करवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(517)लोआस / 2018

परिवादी श्री बलराम शर्मा पुत्र श्री सांवरमल शर्मा, निवासी ब्रह्मपुरी मोहल्ला, गली नम्बर 05, वार्ड नम्बर 8, गंगापुर, जिला भीलवाड़ा का अभिकथन था कि बस स्टैण्ड गंगापुर में वट वृक्ष के नीचे उसके द्वारा करीब 25 वर्षो से लगाई जा रही गन्ने की लॉरी को नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी द्वारा हटाया जा रहा है।

इस संबंध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत गन्ना जूस की लॉरी के अतिरिक्त अन्य लॉरियों को भी जब्त किया गया था। प्रकरण में इस सचिवालय के द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप गन्ना जूस की लॉरी को यथास्थान लगवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.35(189)लोआस / 2019

परिवादी श्री आर0पी0 सिंह, निवासी न्यू कॉलोनी, काटला बास, सुपका रोड़, डीडवाना, जिला नागौर का अभिकथन था कि उसके मुवक्किल श्री सरदार खाँ पुत्र स्व0 श्री करीम खाँ उर्फ कासम खाँ (निवासी पायली, वाया बेरी खुर्द, तहसील डीडवाना, जिला नागौर) धारक पीपीओ नम्बर 13631(आर) का निःशक्त पारिवारिक पेंशन स्वीकृत कर एफ पीपीओ जारी कर भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री सरदार खाँ को निःशक्त पारिवारिक पेंशन अधिकृति संख्या एफ पीपीओ नम्बर 2017360–आरएसएफ जारी किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(198)लोआस/2019

परिवादी श्री मदनलाल कुम्भकार पुत्र श्री मुरलीधर, निवासी चितवारी, वाया मोरीजा, जिला जयपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(206)लोआस/2019

परिवादी श्रीमती रमा गोयल पत्नी स्व0 श्री नरेन्द्र कुमार गोयल, निवासी प्लाट नम्बर 395 बी, द्वितीय सी रोड़, सरदारपुरा, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.47(6)लोआस/2022

परिवादी श्री बलवन्त सिंह पुत्र श्री राण सिंह, निवासी ग्राम पीपलून, पोस्ट गोलिया भायलान वाया सिवाना, जिला बाड़मेर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(16)लोआस / 2022

परिवादी श्रीमती दयाल कंवर पत्नी स्व0 श्री आसु सिंह, निवासी ग्राम जालीवाड़ा खुर्द, पोस्ट नानण पीपाड़ सिटी, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ खाता एवं राज्य बीमा पॉलिसी के अन्तर्गत राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ खाता एवं राज्य बीमा पॉलिसी के अन्तर्गत अवशेष सम्पूर्ण राशि का भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(182)लोआस / 2019

परिवादी श्रीमती चाँद कंवर बोहरा पत्नी स्व0 श्री लक्ष्मीनारायण बोहरा, निवासी बोहरों की पोल, सराफा बाजार के पास, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ खाता एवं राज्य बीमा पॉलिसी के अन्तर्गत राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ खाता

एवं राज्य बीमा पॉलिसी के अन्तर्गत अवशेष सम्पूर्ण राशि का भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## माह फरवरी 2023

### एफ.3(38)लोआस / 2022

परिवादी श्री अजमेर सिंह पुत्र श्री पीतमसिंह, निवासी ग्राम चंदेलीपुरा थाना बसईडांग, जिला धौलपुर का अभिकथन था कि उसकी भूमि पर अप्रार्थीगण काश्त नहीं करने दे रहे है जिसके लिये उसके द्वारा भिन्न–भिन्न तारीखों में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 64/21, 14/22 व 32/22 दर्ज करवाई गई परन्तु अभी तक मुलजिमों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, धौलपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण संख्या 64/2021, 14/2022 एवं 32/2022 जो पुलिस थाना बसईडांग में दर्ज किये गये थे, में बाद अनुसंधान वांछित धाराओ में अभियुक्तगण के विरूद्ध आरोप पत्र सक्षम न्यायालय में दाखिल किये जा चुके है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.3(155)लोआस / 2022

परिवादी ने परिवाद पत्र में मोहिनी शर्मा द्वारा उसे बतौर बख्शीश दिये गये प्लॉट व मकान के संबंध में श्री वीरेन्द्र गौतम द्वारा पुलिस थाना शिप्रा पथ में दर्ज कराई गई प्रथम सूचना 789/2021 में बाद अनुसंधान एफआर लगा दिये जाने के बावजूद इन्हीं धाराओं में एक अन्य व्यक्ति द्वारा भी पुलिस थाना जवाहर सर्किल में दर्ज करवाई गई प्रथम सूचना संख्या 400/2021 में संबंधित थानाधिकारी/अनुसंधान अधिकारी से निष्पक्ष जांच करवाये जाने का निवेदन किया गया था।

परिवाद के संदर्भ में पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), जयपुर से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रथम सूचना संख्या 789/2021 में बाद अनुसंधान परिवादी व उसकी पत्नी के विरूद्ध आरोपित आरोप प्रमाणित नहीं पाये जाने पर मामला एफ.आर. अदम वकू झूठ का पाया गया।

अतः परिवाद पर इस सचिवालय के द्वारा की गई कार्यवाही के परिणामस्वरूप परिवादी को वांछित अनुतोष प्राप्त हो गया है।

## एफ.3(189)लोआस/2022

परिवादी श्री अशोक माली पुत्र श्री श्याम, निवासी बिनोता थाना सदर निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ का अभिकथन था कि उसके गांव में आरोपीगणों द्वारा विगत 15 साल से श्रीचारभुजा साथी सहयोग समिति का संचालन किया जा रहा है। इस वर्ष माह जून में जब उक्त आरोपियों को हिसाब देने का कहा गया तो उन्होने कोई हिसाब नहीं दिया व राशि को खुर्दबुर्द कर दिया।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, चित्तौड़गढ़ से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में सम्पूर्ण अनुसंधान एवं साक्ष्य से अभियुक्तगण श्री किशोर उर्फ नन्दकिशोर पिता श्री रामचन्द्र सोनी, श्री ऋतिक पिता श्री किशोर सोनी, श्रीमती सीता पत्नी किशोर सोनी एवं श्री रामचन्द्र पिता श्री केसरीमल सोनी निवासियान विनोता थाना सदर निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ के विरूद्ध धारा 420, 406, 120 बी भा.द.स. अपराध प्रमाणित पाये जाने से उपरोक्त अभियुक्तगण के विरूद्ध आरोप पत्र संख्या 315/22 कता की जाकर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.3(204)लोआस/2022

परिवादी सुश्री पिंकी कुमारी शर्मा पुत्री श्री रतन लाल शर्मा, निवासी ए 202, पंचवटी, जिला भीलवाड़ा का अभिकथन था कि आरोपी श्री भारत सिंह चौहान द्वारा

उसके साथ बलात्कार किया गया और उसकी आपत्तिजनक फोटोज खींच ली गई। इसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 346/2022 पुलिस थाना माण्डल पर दर्ज करवाई गई परन्तु पुलिस द्वारा मिलीभगत कर इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण संख्या 346/2022 थाना माण्डल, जिला भीलवाड़ा में बाद अनुसंधान अभियुक्त श्री भारत सिंह चौहान के विरूद्ध जुर्म अन्तर्गत धारा 366, 342, 376(2)(द) एवं 384 भा.दं.सं. का अपराध प्रथमदृष्ट्या प्रमाणित पाया गया और उसके विरूद्ध चार्जशीट कता की गई।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.8(44)लोआस/2019

परिवादी श्री झाबर मल कुमावत पुत्र श्री सोहन लाल कुमावत, निवासी ग्राम लूनियावास, तहसील किशनगढ़ रेनवाल वाया बधाल, जिला जयपुर का अभिकथन था कि डॉ0 नरेन्द्र कुमार व सिलिकोसिस विभाग द्वारा उसके पिता का सिलिकोसिस प्रमाण पत्र जारी कर सहायता राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में डॉ0 रविन्द्र कुमार खत्री, वरिष्ठ विशेषज्ञ (टी0बी0), जिला क्षय निवारण केन्द्र–प्रथम, सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के पिता श्री सोहनलाल को बोर्ड द्वारा सिलिकोसिस प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है तथा उन्हें सिलिकोसिस की सहायता राशि भी प्राप्त हो चुकी है एवं डॉ0 नरेन्द्र कुमार के नाम से कोई चिकित्सक उक्त संस्थान/सिलिकोसिस बोर्ड में कार्यरत नहीं है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.10(10)लोआस / 2022

परिवादी श्री ताराचन्द मीणा पुत्र स्व0 श्री गीलाराम मीणा, निवासी ग्राम अमरपुर, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला अलवर का अभिकथन था कि सहायक अभियंता (पवस), जयपुर डिस्कॉम, लक्ष्मणगढ़ अलवर श्री जगन लाल मीणा द्वारा प्रार्थी के कृषि कनेक्शन खाता संख्या 1707–0156 का 40 केवीए का ट्रांसफार्मर जलने पर 27.5 एचपी से लोड कम कर 17.5 एचपी का लोड कर सिस्टम सुधार कार्यक्रम के तहत 25 केवीए का थ्री फेस का ट्रांसफार्मर उसे पिछले 5 माह से नहीं देकर नाजायज परेशान किया जा रहा है एवं सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत मांगे गये दस्तावेजों की सत्यप्रति उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है।

इस संबंध में प्रा0 सहा0 अधीक्षण अभियंता (पवस), जयपुर डिस्कॉम, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कृषि कनेक्शन खाता संख्या 1707/0156 लोड 27.5 एचपी प्राथी श्री ताराचन्द एवं श्री चेतराम मीणा को दो मोटर चलाने हेतु 1 गुणा 40 केवीए थ्री फेस ट्रांसफार्मर जले हुए के स्थान पर दे दिया गया जिसका मीटर क्रमांक 3948985 है। उक्त स्थान पर ट्रांसफार्मर रखकर समस्या का समाधान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.10(11)लोआस / 2021

परिवादी श्रीमती गीता पत्नी स्व0 श्री श्याम सिंह, निवासी हसनपुर गादौली थाना लखनपुर, तहसील नदबई, जिला भरतपुर का अभिकथन था कि खसरा नम्बर 2699 रकबा 43 ग्राम पहरसर, तहसील नदबई जिसमें उनके शहीद पति की प्रतिमा का अनावरण हो रहा है। उस प्रतिमा के ऊपर से विद्युत विभाग की उदासीनता के कारण त्रिकोणात्मक विद्युत तार निकाल रखे है जिससे जनहानि हो सकती है।

इस संबंध में अधिशाषी अभियंता (पवस), जयपुर डिस्कॉम, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के शहीद पति श्री श्याम सिंह की प्रतिमा स्थापित होने के स्थान से विद्युत लाईनों को नियमानुसार कार्यवाही कर हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(202)लोआस / 2021

परिवादी श्री जयभगवान पुत्र श्री सोहनलाल, निवासी वार्ड नम्बर 05 गोलूवाला निवादान, तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत गोलूवाला निवादान के वार्ड नम्बर 02 में महालक्ष्मी कॉटन एण्ड जिनिंग फैक्ट्री के प्रोपराइटर श्री संजय कुमार द्वारा गली, फैक्ट्री के गेट से उत्तर से दक्षिण की तरफ के प्लाटों एवं गौशाला के प्लॉट संख्या सी/22 के पूर्व दिशा में 30 फुट के आम रास्ते पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण किया हुआ है। सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी को उक्त अतिक्रमण के बारे में दस्तावेज उपलब्ध कराने पर भी अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा है।

इस संबंध में संभागीय आयुक्त, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गली का समस्त अतिक्रमण हटवाकर आम गली में सी0सी0 रोड़ का निर्माण करवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(248)लोआस / 2017

परिवादी श्री खेताराम जाखड़ पुत्र श्री सोनाराम जाखड़, निवासी ग्राम पंचायत सवारू मूलराज, तहसील गिड़ा, जिला बाड़मेर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत सवारू मूलराज द्वारा परिवादी व उसके समेत अन्य खातेदारों के खसरा नम्बरान में

जल ग्रहण योजना के तहत टांके की स्वीकृति जारी कर भुगतान उठा लिया जबकि उक्त टांके का निर्माण ही नहीं किया गया है।

इस संबंध में जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला कलक्टर, बाड़मेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी श्री खेताराम जाखड़ एवं परिवाद में उल्लेखित कुशल श्रमिक बयान देने हेतु उपस्थित नहीं हुए तथा जिन श्रमिकों के मस्टररोल में नाम दर्ज है उनमें से जो उपस्थित हुए उनके बयान लिये गये। जिन्होंने अपने बयानों में बताया कि वास्तव में उन श्रमिकों ने कार्य किया है और उन्हें पारिश्रमिक राशि प्राप्त हो चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.12(511)लोआस / 2018**

परिवादी श्रीमती पन्नी देवी कुमावत पत्नी स्व0 श्री जमना लाल कुमावत, निवासी ढ़ाणी ढ़ेल्ड़ा, दयाल नगर, ग्राम पंचायत कांचरोदा, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर का अभिकथन था कि श्री अम्बालाल, श्री गोवर्धन आदि लोगो द्वारा आबादी भूमि पर अवैध व नाजायज निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया है। इससे परिवादी अपने कब्जे एवं स्वामित्व की खाली भूमि व गली के उपयोग व उपभोग तथा अपने मकान की उत्तरी–पश्चिम दीवार की मरम्मत, कली कूंची करने के कार्यों आदि के आवागमन से वंचित हो रही है। अतिक्रमण करने वाले लोगो का प्रश्नगत भूमि से कोई लेना देना नहीं है।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सरपंच, ग्राम पंचायत कांचरोदा की उपस्थिति में दोनो पक्षों के मध्य राजीनामा तय किया जाकर श्री अम्बालाल के द्वारा स्वयं के हर्जे–खर्चे से जेसीबी लगाकर विवादस्पद आबादी भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटा लिया गया है और श्रीमती पन्नी देवी कुमावत को कब्जा सम्भला दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(624)लोआस/2016

परिवादी ने परिवाद पत्र में ग्राम पंचायत, सारला के सरपंच श्री हिमथाराम व ग्राम सेवक श्री देवेन्द्र सिंह पर मिलीभगत कर नरेगा योजना एव बीएडीपी आदि योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों का मौका स्थल पर नया निर्माण कराये बिना फर्जी भुगतान उठाकर सरकारी राशि गबन करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किये जाने की प्रार्थना की थी।

परिवाद के संदर्भ में जिला कलक्टर, बाड़मेर से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार मूल्यांकन से अधिक व्यय की गई राशि कुल 17,170/— रूपये की वसूली की गई।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, बाड़मेर से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रकरण में श्री रामलाल जैन, तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता को सीसीए नियम—17 के अन्तर्गत आरोप पत्र जारी किया गया। कार्यालय आदेश क्रमांक 10223 दिनांक 24.09.2020 द्वारा दोषी लोकसेवक को उक्त जांच में दोषमुक्त कर प्रकरण समाप्त किया गया।

इसके अलावा अधिशाषी अभियंता, जल संसाधन खण्ड जालोर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोकसेवक श्री रामलाल चौधरी, तत्कालीन सहायक अभियंता दिनांक 31.12.2017 को सेवानिवृत्त हो गये थे।

अतः परिवाद पर इस सचिवालय के द्वारा की गई कार्यवाही के परिणामस्वरूप परिवादी को वांछित अनुतोष प्राप्त हो गया है।

## एफ.15(3)लोआस/2021

परिवादी श्री देवेन्द्र राज मेहता पुत्र श्री आनन्द राज मेहता, निवासी लाम्बिया हाउस, मकराना मौहल्ला, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें वन संरक्षक, जालोर एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी, रानीवाड़ा से बारबार्ड वायर व अन्य सामग्री की

आपूर्ति की बकाया राशि, अमानत राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से उसे जो मानसिक परेशानी झेलनी पड़ी है उसके एवज में भी समुचित राशि दिलवाई जावे।

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी द्वारा सप्लाई की गई सामग्री की पुष्टि संबंधित क्षेत्रीय वन अधिकारी से प्राप्त किये जाने के उपरांत परिवादी को सिक्युरिटी राशि के ड्राफ्ट का भुगतान सत्यापित कर लौटाई जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.15(7)लोआस / 2022

परिवादी श्री विजयपाल सिंह पुत्र श्री गजराज सिंह, निवासी हाउसिंग बोर्ड, जिला बून्दी का अभिकथन था कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जयपुर द्वारा किये गये स्थानान्तरण आदेश के उपरांत श्री राजेश वनपाल, श्री परमानन्द वनपाल एवं श्री लोकेश मीणा वनपाल को रिलीव नहीं किया गया।

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त तीनों कार्मिकों को नवीन पदस्थापन हेतु भारमुक्त कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(3)लोआस / 2013

परिवादी श्री कमल अग्रवाल पुत्र श्री हरिप्रकाश अग्रवाल, निवासी मकान संख्या 414, मंगला माता मन्दिर के सामने, मंगला मार्ग, बड़ा अखाड़ा, जिला जयपुर का अभिकथन था कि न्यायालय में वाद लम्बित होने तथा स्थगन आदेश होने के बावजूद भ्रष्ट आचरण करते हुए पत्रावली संख्या 05 / 2069 शरण चौकड़ी ब्रह्मपुरी में निर्माण

स्वीकृति जारी करने व अनुमोदित नक्शें के विरूद्ध परकोटा क्षेत्र में फ्लैट्स के अवैध निर्माण व सरकारी गली पर अवैध अतिक्रमण को संरक्षण देने वाले जयपुर नगर निगम के हवामहल जोन (पश्चिम) के भ्रष्ट अधिकारियों के विरूद्ध जांच करवाकर कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में निदेशक एवं विशिष्ट सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस जाप्ता उपलब्ध होने पर स्वीकृति के विपरीत बालकॉनी के निर्माण कार्य को लोखण्डे की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(102)लोआस / 2021

परिवादी श्री रवि प्रकाश सैनी पुत्र श्री हनुमान प्रसाद सैनी, निवासी डी–183, भृगु मार्ग, बनीपार्क, जिला जयपुर का अभिकथन था कि स्वामी बस्ती कान्तिचन्द्र रोड़, बनीपार्क पर 45 वर्ष पुराने मन्दिर की सीढ़ियाँ तोड़कर सरकारी सम्पत्ति पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस संबंध में उपायुक्त, सिविल लाईन जोन, नगर निगम हैरिटेज, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत स्थल पर बनी हुई सीढ़ियों को जोन कार्यालय द्वारा हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.17(48)लोआस / 2022

परिवादी श्री राजेश कुमार बंसल पुत्र स्व0 श्री सांवरमल अग्रवाल, निवासी प्लाट नम्बर ग–52, भवानी नगर, मुरलीपुरा, जिला जयपुर का अभिकथन था कि भवन संख्या ग–23, भवानी नगर, मुरलीपुरा के स्वामी द्वारा जीरो सेटबैक पर किये जा रहे अवैध

निर्माण के संबंध में जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत भवन से सेटबैक के निर्माण को हटाकर सेटबैक छोड़ते हुए निर्माण किया जा रहा है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.19(16)लोआस / 2017**

परिवादी श्री अमर सिंह पुत्र स्व0 श्री सुन्दर लाल, निवासी एफ–22, मोती महल, वल्लभ बाड़ी, जिला कोटा का अभिकथन था कि परिवादी को आवंटित किये गये भूखण्ड को रीको द्वारा भूखण्ड राशि बकाया मानते हुए निरस्त कर दिया गया तथा प्रशासन द्वारा उक्त प्लॉट के किये गये निरस्तीकरण को बहाल कर लोकसेवकों विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में प्रबन्ध निदेशक, रीको, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आवंटी द्वारा मांगपत्र में वर्णित राशि जमा करवाये जाने के पश्चात इकाई कार्यालय, कोटा द्वारा भूखण्ड के बहालीकरण का आदेश जारी किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.31(9)लोआस / 2020**

परिवादी श्री मुरारी लाल शर्मा पुत्र श्री प्रभु दयाल शर्मा, निवासी चेतराम कॉलोनी, स्टेशन रोड़, हिण्डौन सिटी, जिला करौली का अभिकथन था कि जलदाय विभाग के कूप्रबन्धन के कारण हो रही दूषित नालियों से बदबूदार जलापूर्ति को बन्द

करवाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा एवं एलएण्डटी कम्पनी द्वारा कॉलोनी में खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है।

इस संबंध में अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, करौली से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में परिवादी के क्षेत्र में शुद्ध एवं सामान्य दबाव से नियमित रूप से पेयजल वितरण हो रहा है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.35(147)लोआस/2018**

परिवादी श्री रघुवीर प्रसाद यादव पुत्र श्री श्रीराम यादव, निवासी ग्राम बहरामकाबास, तहसील बानसूर, जिला अलवर का अभिकथन था कि ग्राम बहराम का बास की खसरा नम्बर 236 में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, अलवर एवं निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत स्कूल की भूमि पर से पूर्ण रूप से अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.35(308)लोआस/2018**

परिवादी श्री गुलाम रसूल लोदी पुत्र श्री करीम बक्श, निवासी छीपों का मौहल्ला, पोस्ट व तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द का अभिकथन था कि ग्राम देवगढ़, छीपों के मौहल्ले में अवैध अतिक्रमण को सक्षम अधिकारियों द्वारा नहीं हटाया जा रहा है।

इस संबंध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, उदयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत केबिनधारी द्वारा

केबिन को स्वयं के स्वामित्वशुदा बरामदे के अन्दर रख दिया गया है। अतः आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.47(7)लोआस / 2022

परिवादी श्री गोकुलराम पुत्र श्री हरचन्दराम, निवासी खेड़ी सालवा (पूनियों की ढ़ाणी), तहसील पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.47(10)लोआस / 2022

परिवादी श्री हरिराम विश्नोई पुत्र श्री भीकाराम विश्नोई, निवासी मगरा की ढ़ाणी, पोस्ट रामड़ावास कलां, वाया पीपाड़ रोड़, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(17)लोआस / 2022

परिवादी श्री नारायण राम ढ़ाका पुत्र श्री भोमाराम, निवासी करणी कॉलोनी, जिला नागौर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(21)लोआस / 2022

परिवादी श्री रघुनाथ सिंह पुत्र श्री उम्मेद सिंह, निवासी मुकाम व पोस्ट जुसरी, वाया मकराना, जिला नागौर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(22)लोआस / 2018

परिवादी श्री कुंवर सिंह बनाफर पुत्र श्री जबरसिंह, निवासी प्लाट नम्बर 69, आदर्श कॉलोनी, बीचून रोड़ फुलेरा, जिला जयपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(22)लोआस / 2022

परिवादी श्री गिरधारी राम विश्नोई पुत्र श्री रिड़मल राम विश्नोई, निवासी ग्राम हनुमानसागर, पोस्ट तापू वाया चाड़ी, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(24)लोआस / 2022

परिवादी श्री भीया राम विश्नोई पुत्र श्री मंगला राम, निवासी मकान नम्बर 419, गवाड़ चौक, ग्राम व पोस्ट वाया भावी, तहसील बिलाड़ा, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.47(27)लोआस / 2022**

परिवादी श्रीमती चन्द्रकला वर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा, निवासी 11 / 24, गायत्री सदन, हनवन्त गार्डन के पास, पावटा बी रोड़, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ खाता एवं राज्य बीमा पॉलिसी के अन्तर्गत राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ खाता एवं राज्य बीमा पॉलिसी के अन्तर्गत अवशेष सम्पूर्ण राशि का भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.47(34)लोआस / 2021**

परिवादी श्री छोटाराम चौधरी पुत्र श्री लाबुराम चौधरी, निवासी आदर्श कॉलोनी, सिलारी रोड़, पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.47(158)लोआस / 2019**

परिवादी श्रीमती प्रेमलता प्रजापत पत्नी श्री छंवरलाल प्रजापत, निवासी हनुमानजी मंदिर के सामने, ब्रहापुरी महामंदिर, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(190)लोआस/2019

परिवादी श्री चेतनराम जाट पुत्र श्री तिलोकराम, निवासी ग्राम देशवाल, पोस्ट ओलादन, तहसील मेड़ता, जिला नागौर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत राज्य बीमा पॉलिसी के अन्तर्गत राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को राज्य बीमा पॉलिसी के अन्तर्गत अवशेष सम्पूर्ण राशि का भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

# माह मार्च 2023

## एफ.7(4)लोआस/2022

परिवादी श्री रामकुमार सोनी पुत्र श्री मूलचन्द सोनी, निवासी ग्राम मीरण, तहसील नेछवा, जिला सीकर का अभिकथन था कि ग्राम मीरण की राशन डीलर सोनम पारीक, उनके पति श्री दिनेश पारीक तथा उपभोक्ता श्री सुभाष सोनी द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना का गेहूं उठाने में अनियमितता कर राजकोष को हानि पहुंचाई जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, सीकर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राशन डीलर का प्राधिकार पत्र निरस्त किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.7(5)लोआस / 2022

परिवादी श्री रामस्वरूप शेखावत पुत्र श्री गोपालसिंह शेखावत, निवासी ग्राम घाणा, तहसील नेक्षवा, जिला सीकर का अभिकथन था कि ग्राम मीरण की राशन डीलर सोनम पारीक, उनके पति श्री दिनेश पारीक तथा उपभोक्ता श्री पन्नालाल वर्मा द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना का गेहूँ उठाने में अनियमितता कर राजकोष को हानि पहुंचाई जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, सीकर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राशन डीलर का प्राधिकार पत्र निरस्त किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.7(6)लोआस / 2022

परिवादी श्री ओमप्रकाश शर्मा पुत्र श्री मोहनलाल शर्मा, निवासी ग्राम मीरण, पंचायत समिति लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर का अभिकथन था कि ग्राम मीरण की राशन डीलर सोनम पारीक, उनके पति श्री दिनेश पारीक द्वारा श्री सबीर खान की मृत्यु हो जाने के बावजूद धोखाधड़ी कर उसके हिस्से का राशन उठाया जा रहा है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, सीकर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राशन डीलर का प्राधिकार पत्र निरस्त किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.7(7)लोआस / 2022

परिवादी श्री ओमप्रकाश शर्मा पुत्र श्री मोहनलाल शर्मा, निवासी ग्राम मीरण, पंचायत समिति लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर का अभिकथन था कि ग्राम मीरण की राशन डीलर सोनम पारीक, उनके पति श्री दिनेश पारीक तथा उपभोक्ता श्री बनवारी लाल

द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना का गेहूँ उठाने में अनियमितता कर राजकोष को हानि पहुंचाई जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, सीकर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राशन डीलर का प्राधिकार पत्र निरस्त किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.7(13)लोआस/2019

परिवादी श्री शिवचरण अवस्थी पुत्र श्री रमेश चंद शर्मा, निवासी अवस्थी भवन, 158, वार्ड नम्बर 4, सेढ़ के मढ़ के पास, बाल विद्या मन्दिर, खेरली, जिला अलवर का अभिकथन था कि राशन डीलर श्री कैलाश चन्द मीणा खाद्य सामग्री वितरण में गेहूँ व केरोसिन की 50 प्रतिशत सामग्री ब्लैक में बेचकर उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी कर रहा है। खाद्य निरीक्षक द्वारा गबन की रिपोर्ट दर्ज किये जाने के बावजूद डीएसओ द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई।

इस संबंध में अतिरिक्त खाद्य आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राशन डीलर श्री कैलाश चन्द मीणा का प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.8(15)लोआस/2022

परिवादी श्री मनीष कुमार शर्मा पुत्र श्री नरोत्तम दास शर्मा, निवासी 478 जगन्नाथपुरी, कालवाड़ रोड़, झोटवाड़ा, जिला जयपुर का अभिकथन था कि उनकी फर्म मै0 एम0एस0 ब्रदर्स द्वारा प्राथमिक केन्द्र मंगलूना, जिला सीकर में आवासीय भवन निर्माण कार्य जनवरी, 2018 को पूर्ण कर विभाग को हस्तगत/हैण्डओवर कर दिया गया है, जिसके पेटे सम्पूर्ण राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

इस संबंध में मुख्य अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार संवेदक द्वारा किये गये कार्य का बकाया एवं अमानत राशि का भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(33)लोआस/2020

परिवादी श्री रतीराम मीना पुत्र स्व0 श्री रामकरण मीना, निवासी राजगढ़, तहसील महवा, जिला दौसा का अभिकथन था कि छंगा माली आम रास्ते के खसरा नम्बर 662 व अन्य खसरा नम्बर की भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनवा रहा है। जब उसके द्वारा शिकायत की गई तो तत्कालीन नायब तहसीलदार मय पटवारी हल्का व गिरदावर के मौके पर आये किन्तु मौके पर कोई ठोस कार्यवाही उनके द्वारा नहीं की गई।

इस संबंध में जिला कलक्टर, दौसा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में तहसीलदार, महवा द्वारा अतिक्रमण हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(148)लोआस/2022

परिवादी श्री मंगलाराम पुत्र श्री चौथाराम, निवासी मेवानगर, पंचायत समिति बालोतरा, तहसील पचपदरा, जिला बाड़मेर का अभिकथन था कि उनकी खातेदारी भूमि में कब्जा किये जाने की नीयत से अप्रार्थी द्वारा निर्माण किया गया, जिसको तहसीलदार, पचपदरा द्वारा हटवाने के आदेश जारी करने के उपरांत भी राजस्व निरीक्षक व हलका पटवारी ने उक्त अवैध निर्माण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी, बालोतरा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी श्री मंगलाराम को कब्जा सुपुर्द कर दिया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.11(158)लोआस / 2019**

परिवादी श्री लक्ष्मणदास बैरागी पुत्र श्री नवलदास बैरागी, निवासी पावटिया, तहसील व जिला चित्तौड़गढ का अभिकथन था कि ग्राम पावटिया, पटवार हल्का कश्मोर की आराजी संख्या 177 रकबा 0.96 हैक्टर भूमि श्री चारभुजा स्थान देह के नाम पर दर्ज है परन्तु कुछ लोगों द्वारा रोडियाँ डालकर अतिक्रमण कर लिया गया है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पावटिया पटवार हल्का कश्मोर की खसरा नम्बर 177 रकबा 0.96 हैक्टर किस्म रास्ता (बंजड़) के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। पटवार हल्का द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 के तहत अतिक्रमियों को भौतिक रूप से बेदखल कर अतिक्रमण हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.11(297)लोआस / 2021**

परिवादी श्री मदनलाल बैरवा पुत्र स्व0 श्री धन्नालाल बैरवा, निवासी संजय कॉलोनी, वार्ड नम्बर 24, गंगापुर सिटी, जिला सवाईमाधोपुर का अभिकथन था कि ग्राम चूली, तहसील गंगापुर सिटी के खसरा नम्बर 2373 / 985 व 2372 / 988 गैर मुमकिन रास्ते पर निजी व्यक्ति अमर सिंह, ओमप्रकाश, पन्नालाल, राजेन्द्र मीणा एवं सुरेश चन्द मीणा ने अतिक्रमण कर रखा है। इस विषय में लोक अदालत द्वारा निर्णय पारित कर तहसीलदार, गंगापुर सिटी को अवरूद्ध रास्ते को खुलवाए जाने के निर्देश दिये गये किन्तु प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, सवाई माधोपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.11(365)लोआस / 2021**

परिवादी श्री जगमाल राम पुत्र स्व0 श्री हीरा राम, निवासी माताजी की भाखरी, पोस्ट ऑफिस भीयाड़, तहसील शिव, जिला बाड़मेर का अभिकथन था कि ग्राम माताजी की भाखरी के खसरा नम्बर 1229 / 843, रकबा 10 बीघा जो कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आरक्षित भूमि है, से भूमाफिया द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, बाड़मेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत भूमि से अतिक्रमण को हटाया जा चुका है तथा उक्त भूमि का सीमाज्ञान करवाकर सभी कोनों पर मोटाम (पत्थर) की पट्टी गाड़ दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.11(398)लोआस / 2021**

परिवादी श्री सत्यनारायण गुर्जर पुत्र श्री रतन लाल गुर्जर, निवासी गोठड़ा, तहसील कोटड़ी, जिला भीलवाड़ा का अभिकथन था कि राजस्व ग्राम गोठड़ा की आरक्षित चारागाह भूमि लगभग 900 बीघा पर श्यामलाल, जवाना, कन्हैया एवं अन्य ग्रामवासियों ने अवैध कब्जा कर ट्यूबवैल व कुंआ खुदवाकर कृषि कार्य कर रहे है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, भीलवाड़ा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.11(402)लोआस / 2019**

परिवादी श्री घीसासिंह रावत पुत्र श्री रतनसिंह, निवासी उजीणा कानूजा, तहसील रायपुर, जिला पाली का अभिकथन था कि अतिक्रमियों द्वारा सरकार की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आशय से सरकारी पहाड़ पर अवैध रूप से खुदाई कर पत्थर आदि निकलवाने शुरू कर दिये है तथा उन्हें बेचकर अवैध रूप से

सरकार को 5–7 लाख रूपये का नुकसान पहुंचाया गया है। उक्त अतिक्रमियों द्वारा किये जा रहे अवैध खनन को रूकवाने की कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, पाली से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार मौजा काणुजा के खसरा नम्बर 1862 व 1907 किस्म गैर मुमकिन पहाड़ की प्रश्नगत भूमि पर किये गये अतिक्रमणों के विरूद्ध राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 के तहत प्रकरण नायब तहसीलदार, रायपुर में मुकदमा संख्या 36/2022 से 42/2022 दर्ज कर बाद निर्णय की पालना में पटवारी हल्का काणुजा द्वारा अतिक्रमियों को आराजी भूमि से भौतिक रूप से बेदखल करके कब्जा राजहित में प्राप्त कर लिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(755)लोआस/2016

परिवादी श्री रोहिताश जाट पुत्र श्री रिछपाल, निवासी डूमरा, तहसील नवलगढ़, जिला झुंझुनूं का अभिकथन था कि राजकीय भूमि खसरा नम्बर 256, 529 तथा 845 पर किये हुए अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.48(3)लोआस / 2019

परिवादी श्री ललित जाखड़ पुत्र श्री जगदीश प्रसाद जाखड़, निवासी ग्राम बारी, तहसील रामगढ़ शेखावाटी, जिला सीकर का अभिकथन था कि दीनदयाल शिक्षा एवं अनुसंधान समिति, ग्राम बारी, तहसील फतेहपुर शेखावाटी, जिला सीकर द्वारा संचालित कॉलेजों को, बिना निरीक्षण एवं जाली दस्तावेजात के आधार पर मिलीभगत कर, निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, जोधपुर द्वारा मान्यता जारी की गई।

इस संबंध में निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दीनदयाल शिक्षा एवं अनुसंधान समिति ग्राम बारी, तहसील फतेहपुर शेखावाटी, सीकर के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा फर्जी संपरिवर्तन आदेश, जो जिला कलक्टर, सीकर द्वारा जारी नहीं किया गया था, के आधार पर मान्यता प्राप्त की गयी। उक्त मान्यता वर्ष 2020–21 से रद्द की जा चुकी है एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, जयपुर द्वारा दोषी संस्थान दीनदयाल शिक्षा एवं अनुसंधान समिति ग्राम बारी, तहसील फतेहपुर शेखावाटी, सीकर के अध्यक्ष एवं सचिव के विरूद्ध माननीय न्यायालय में विधिक कार्यवाही किये जाने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, साथ ही संस्थान के अध्यक्ष एवं सचिव के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करायी जाकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, जोधपुर को लिखा गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## माह जुलाई 2023

### एफ.3(137)लोआस / 2022

परिवादी श्री बृजलाल पुत्र श्री नत्थूराम, निवासी ग्राम कणाऊ, तहसील भादरा, पुलिस थाना गोगामेड़ी, जिला हनुमानगढ़ का अभिकथन था कि पुलिस थाना गोगामेडी में दर्ज प्रथम सूचना संख्या 54 / 2022 के मुख्य अभियुक्त श्री विकास पुत्र श्री मघाराम को गिरफ्तार नहीं किये जाने के संबंध में थानाधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, हनुमानगढ़ से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत प्रकरण में संबंधित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.3(179)लोआस/2022

परिवादी श्रीमती वीना सोनी पत्नी स्व0 श्री रामावतार सोनी, निवासी प्लाट नम्बर 124/439, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि प्रथम सूचना संख्या 638/22, पुलिस थाना शिप्रा पथ, मानसरोवर में अभियुक्तगण को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण संख्या 638/2022, पुलिस थाना शिप्रा पथ दक्षिण, जयपुर में बाद अनुसंधान अभियुक्तगण करण पमनानी के विरूद्ध धारा 323, 341, 325 भा.दं.सं. का अपराध प्रमाणित पाये जाने पर प्रकरण में नतीजा चार्जशीट नम्बर 261/2022 दिनांक 23.11.2022 में किता की जाकर दिनांक 05.01.2023 को न्यायालय, एम.एम.–08, जयपुर महानगर (प्रथम) में पेश की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.3(249)लोआस/2022

परिवादी श्री छोटू सिंह पुत्र श्री हनुमान सिंह, निवासी 270, राजपूतों का बास, गांव–ईग्यार, पोस्ट कसनाउ, जिला नागौर का अभिकथन था कि प्रथम सूचना दर्ज करवाने के पश्चात भी श्री जितेन्द्र सिंह व श्री यशु सिंह को पाबंद नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, नागौर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री अर्जुन सिंह तथा श्री जितेन्द्र सिंह उर्फ श्री सोनू पुत्र श्री भूपेन्द्र सिंह को शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दोनों पक्षों के विरूद्ध धारा 107, 116(3) जा.फौ. के तहत इस्तगासा दिनांक 12.12.2022 को तहसीलदार मूण्डवा के समक्ष पेश किया गया। इस प्रकार शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दोनों पक्षों के विरूद्ध कार्यवाही की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.3(271)लोआस / 2022

परिवादी श्री सूरजा राम पुत्र श्री मुकना राम, निवासी ग्राम गोयलरी, तहसील कोलायत, जिला बीकानेर का अभिकथन था कि पुलिस थाना गजनेर, बीकानेर में दर्ज एफ.आई.आर. संख्या 81/2022 के संबंध में दूषित अनुसंधान करने वाले दोषी अनुसंधान अधिकारी श्री रूपाराम, ए.एस.आई. व थानाधिकारी श्री धमेन्द्र सिंह के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में एफ.आई.आर. संख्या 81/2022 में बाद अनुसंधान अभियुक्तगण श्री सुगनाराम पुत्र श्री मघाराम तथा श्री विशाल पुत्र श्री सुरजाराम के विरूद्ध जुर्म धारा 323, 341 भा.दं.सं. में पूर्णतया प्रमाणित पाये जाने पर जरिये चार्जशीट नम्बर 44 दिनांक 30.08.2022 के द्वारा अभियुक्तगण के विरूद्ध चालान न्यायालय में पेश किया जा चुका है तथा प्रकरण में किसी विशिष्ट लोकसेवक द्वारा भ्रष्टता का आचरण, पद का दुरूपयोग अथवा अकर्मण्यता कारित होना प्रकटित नहीं होता है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.5(57)लोआस / 2022

परिवादी श्री ओमप्रकाश गज्जा पुत्र श्री शिवप्रसाद गज्जा, निवासी प्रथम सी रोड़, सरदारपुरा, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जोधपुर के आदेश में नवीन वेतन निर्धारण प्रयोगशाला सहायक से अध्यापक पद पर समायोजित कार्मिकों पर नियमानुसार चयनित वेतनमान/ एसीपी अध्यापक पद के समान ग्रेड पे दिये जाने की स्वीकृति दी गई है जबकि जिला शिक्षा अधिकारी, जोधपुर में कार्यरत सहायक लेखाधिकारी द्वारा उपरोक्तानुसार जारी वित्त विभाग के आदेशों की अवहेलना कर उसका प्रकरण लौटाये जाने का कथन करते हुए प्रकरण का जिला

शिक्षा अधिकारी, जोधपुर से पुनर्विलोकन कर वित्त विभाग के आदेश अनुसार नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर समुचित आदेश जारी नहीं किये जा रहे है।

इस संबंध में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को देय होने की स्थिति में (अध्यापक ग्रेड–III को देय अनुसार) चयनित वेतनमान/एसीपी का लाभ देकर नियमानुसार किये जाने की कार्यवाही की जावें तथा अपीलार्थी से वसूल की गई राशि 93876/– रूपये उसे वापिस किये जाने के संबंध में अपीलार्थी के आगामी दो सप्ताह की अवधि में विभाग के सक्षम प्राधिकारी को अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर सक्षम प्राधिकारी राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों एवं परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में आगामी चार सप्ताह की अवधि में गुणावगुण के आधार पर नियमानुसार आख्यामक आदेश प्रसारित कर अभ्यावेदन को निस्तारित किया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.10(40)लोआस/2020

परिवादी श्री पूरण मीणा पुत्र श्री किशोर मीणा, निवासी ग्राम मीणापुर, तहसील रामगढ़, जिला अलवर का अभिकथन था जयपुर डिस्कॉम के कर्मचारियों द्वारा ग्राम मीणापुरा में 35 कृषि कनेक्शन धारकों से सात हजार रूपये प्रति उपभोक्ता से उगाहकर 24 घण्टे की विद्युत सप्लाई देकर 6 घण्टे की सप्लाई का बिल जारी करवाकर करोड़ों रूपये की बिजली की चोरी करवाई गई। इसके अतिरिक्त श्री बबली पुत्र श्री बल्लूराम के कृषि खाता को नियम विरूद्ध श्री तुलसीराम मीणा के मकान जो सिवायचक जमीन के खसरा नम्बर 387 की बोरिंग में फर्जीवाड़ा करके चलाया जा रहा है व मीटर की रीडिंग को जलाकर बकाया राशि जमा नहीं करवाई जा रही है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, अलवर एवं जयपुर डिस्कॉम, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार विवादित कनेक्शनों के दौरान दोषी अधिकारियों के नाम श्री राजीव विराणा एवं श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, सहायक अभियंता

के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी गई तथा उनकी एक–एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने का दण्डादेश पारित किया गया। इस प्रकार अवैध विद्युत उपभोक्ताओं के विरूद्ध वीसीआर भरी जा चुकी है तथा दोषी अधिकारियों को दण्डित भी किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(152)लोआस / 2020

परिवादी श्री नरसाराम पुत्र श्री हनुमान राम, निवासी नदी वाली ढ़ाणी, जलालपुर, तहसील श्रीमाधोपुर, जिला सीकर का अभिकथन था राजस्व ग्राम जलालपुर की राजकीय भूमि खसरा नम्बर 99 रकबा 17.08 है0 तथा खसरा नम्बर 100 रकबा 17.32 है0 किस्म गैर मुमकिन नदी की भूमि पर तारबंदी करके गांव के प्रभावशाली लोगों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, सीकर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में तहसीलदार, भू–अभिलेख निरीक्षक, पटवार हल्का द्वारा पुलिस जाप्ता की उपस्थिति तथा परिवादी श्री नरसाराम की उपस्थिति में ग्राम जलालपुर के भूमि खसरा नम्बर 99, 100, 70, 55, 57 424, 58 किस्म गैर मुमकिन नदी में किये गये अतिक्रमण को पूर्णरूपेण हटाकर उक्त खसरा नम्बरान को अतिक्रमण मुक्त करवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(215)लोआस / 2022

परिवादी श्री श्रवण सिंह पुत्र श्री रूप सिंह, निवासी ग्राम राजवेरा, तहसील शिव, जिला बाड़मेर का अभिकथन था कि ग्राम उण्डू, तहसील शिव, जिला बाड़मेर के बस स्टैण्ड में रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, बाड़मेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम उण्डू के चौराहों में शिव से फलसूण्ड डामर सड़क, उण्डू से बांधेवा डामर सड़क व उण्डू से रतेऊ डामर सड़क निकलती है, जो रिकॉर्ड में खसरा नम्बर 921/464, 1036/555, 1058/556 तथा 362/175 गैर मुमकिन सड़क दर्ज है। दिनाक 04.08.2022 को राजस्व विभाग द्वारा सड़क पर किये गये अवैध अतिक्रमण चिह्नित कर हटा दिये गये है तथा वर्तमान में उपर्युक्त तीनों डामर सड़क चालू है तथा आवागमन में कोई बाधा नहीं है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(389)लोआस/2021

परिवादी श्री भंवरलाल जाट पुत्र श्री गोपाल जाट, निवासी ग्राम नान्दला, तहसील नसीराबाद, जिला अजमेर का अभिकथन था कि ग्राम नान्दला के सिवायचक खसरा संख्या 2417 व 2418 पर श्री नारायण सिंह, श्री हीरा सिंह, श्री विजय सिंह एवं श्री ओमसिंह रावत, निवासी ग्राम भवानीखेड़ा के द्वारा बिना नम्बर प्लेट की जे.सी.बी. से अवैध पत्थर लगाकर अतिक्रमण कर लिया है, प्रशासन द्वारा आपसी सांठ–गांठ की वजह से संतोषजनक कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम नान्दला के खसरा नम्बर 2417 व 2418 सिवायचक भूमि दर्ज है तथा नायब तहसीलदार द्वारा धारा 91 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई, जिसमें बेदखली के आदेश पारित किये गये। उक्त आदेश की पालना में प्रश्नगत भूमि से अतिक्रमियों को भौतिक रूप से बेदखल कर दिया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(242)लोआस/2018

परिवादी श्री नत्थूराम खत्री पुत्र श्री पोहूमल खत्री, निवासी ग्राम नांगल मौजिया, ग्राम पंचायत नूरनगर, तहसील किशनगढ़ बास, जिला अलवर का अभिकथन था कि श्री

सोमनाथ, सचिव, ग्राम पंचायत नूरनगर, तहसील किशनगढ़ बार, जिला अलवर द्वारा राशन कार्ड बिक्री से प्राप्त राशि 1,30,800/– में से 1,13,700/– राजकोष में जमा करवाकर 17,100/– रूपए का गबन किया गया है।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री सोमनाथ, तत्कालीन सचिव, ग्राम पंचायत नूरनगर द्वारा राशि 64,800/– रूपये तथा ब्याज राशि 30,235/– रूपये राजकीय कोष में जमा करवाये जा चुके है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(251)लोआस/2020

परिवादी श्रीमती नीजूदेवी पत्नी श्री उतमाराम भील, निवासी भीलों की ढ़ाणी, राजगढ़, ग्राम पंचायत रावलगढ़, तहसील बालेसर, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उनके पति श्री उतमाराम भील के नाम मनरेगा योजना के अन्तर्गत टांका निर्माण, बकरी आश्रय एवं भूमि समतलीकरण कार्य वर्ष 2019–20 में स्वीकृत हुआ था। तभी परिवादिया के पति का स्वर्गवास हो गया, जिस कारण परिवादिया ग्राम पंचायत में सम्पर्क नहीं कर पाई। बाद में सम्पर्क करने पर परिवादिया को पता चला कि उनके पति के नाम से स्वीकृत उक्त कार्य का ग्राम विकास अधिकारी व मेटो ने मिलीभगत कर भुगतान उठा लिया है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार टांका निर्माण कार्य प्रगतिरत है और बकरी आश्रय का कार्य नहीं होना पाया गया। साथ ही कार्यकारी संस्था आजीविका से प्राप्त माप पुस्तिका में टांका निर्माण कार्य हेतु कारीगर का भुगतान टांका निर्माण से पूर्व ही कर दिया गया, जिसके लिए तकनीकी सहायक श्री रमेश कुमार, सीएलएफ राजीविका, बालेसर के विरूद्ध जिला परियोजना प्रबन्धक, राजीविका, जोधपुर के अनुसार जय भीम सीएलएफ सर्वांगीण

विकास समिति लिमिटेड, बालेसर द्वारा दण्ड के रूप में राशि रूपये 200/— वसूली की गई तथा उक्त कार्य को पूर्ण करवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(9)लोआस/2020

परिवादी श्री किशनचन्द रामानी पुत्र स्व0 श्री वाधुमल रामानी, निवासी 120/11, विजय पथ, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि मकान संख्या 120/10, विजय पथ, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर को तुड़वाकर आवासीय मकान के स्थान पर अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण किये जाने के संबंध में उपायुक्त, नगर निगम, मानसरोवर, जयपुर व अधिकारीगण, नगर निगम, जयपुर द्वारा शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में आयुक्त, नगर निगम, ग्रेटर जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मकान संख्या 120/10, विजय पथ, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर पर हो रहे अवैध निर्माण को बन्द कराया गया, शटर हटवाई गई, व्यावसायिक गतिविधियों को बन्द करवा दिया गया है तथा वर्तमान में किसी प्रकार की कोई व्यावसायिक गतिविधि संचालित नहीं होना पाया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(31)लोआस/2022

परिवादी श्री ऐश्वर्य शर्मा पुत्र श्री भवानी शंकर शर्मा, निवासी मकान नम्बर 519, राज भवन, जयश्री कॉलोनी, बजाज ग्राम सांवली रोड़, जिला सीकर का अभिकथन था कि नगर परिषद, सीकर द्वारा जारी पट्टा संख्या 10427 विधि विरूद्ध होने के बावजूद नगर परिषद, सीकर द्वारा उक्त पट्टा निरस्त नहीं किया जा रहा है एवं रास्ते के अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा तथा दोषी लोकसेवकगण के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अतिक्रमणकर्ता श्रीमती राजरानी पत्नी श्री भवानी शंकर ने परिषद द्वारा जारी नोटिस के विरूद्ध अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर में निगरानी अन्तर्गत धारा 327 राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 श्रीमती राजरानी बनाम नगर परिषद, सीकर दायर की, जहाँ से स्थगन आदेश जारी किये गये है।

नगर परिषद, सीकर के ले–आउट प्लान में प्रश्नगत रास्ते की चौड़ाई भिन्न–भिन्न है। ऐसी स्थिति में प्रश्नगत रास्ते में समरूपता एवं बिल्डिंग लाइन को मद्देनजर रखते हुए ले–आउट प्लान में उक्त रास्ते की चौड़ाई का पुनः निर्धारण करने हेतु ले–आउट में संशोधन प्रक्रियाधीन है।

श्रीमती सुनीता देवी व श्री चन्द्रभानसिंह द्वारा जयश्री कॉलोनी, बजाज ग्राम सांवली, सीकर द्वारा आम रास्ते में किये गये अतिक्रमण को परिषद द्वारा हटा दिया गया है तथा रास्ते को आवागमन हेतु सुचारू कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(44)लोआस / 2022

परिवादी श्रीमती शमीम पत्नी श्री मोहम्मद हनीफ, निवासी सब्जी मण्डी के पीछे, घसियार का मोहल्ला, बैरवा सदर के पास वाली गली, वार्ड नम्बर 15, जिला बून्दी का अभिकथन था कि नगरपालिका, बून्दी में कार्यरत कर्मचारी श्री रामभरोसी हरिजन तथा श्री किशनलाल हरिजन द्वारा रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण करने, विद्युत पोल को तोड़ने तथा विद्युत चोरी करने के संबंध में उक्त कार्मिकों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में उपनिदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, कोटा एवं प्रबन्ध निदेशक, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की

गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार रास्ते की भूमि पर प्रश्नगत अतिक्रमण/अवैध निर्माण बिना स्वीकृति के किये जाने के कारण उसे ध्वस्त किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.16(96)लोआस/2022**

परिवादी श्री प्रहलाद राय खाण्डल पुत्र श्री गोपाल लाल शर्मा, निवासी वार्ड नम्बर 30, रेलवे स्टेशन रोड़, इन्द्रा कॉलोनी, मालपुरा, जिला टोंक का अभिकथन था कि अध्यक्ष, ईओ, सफाई कर्मचारी श्री महेन्द्र चौधरी व संविदा कर्मचारी श्री योगेन्द्र गौतम, कनिष्ठ अभियंता द्वारा उसके द्वारा वर्ष 2019–20 में नगरपालिका के किये गये निर्माण कार्यों का भुगतान नहीं कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

इस संबंध में उपनिदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को उसके द्वारा किये गये निर्माण कार्य की बकाया राशि 5,42,331/– रूपये का भुगतान किया जा चुका है तथा तकनीकी सहायक श्री योगेन्द्र गौतम उर्फ श्री मोनू के विरूद्ध हुई ट्रेप कार्यवाही में अभियोग संख्या 10/22 पंजीबद्ध होने के कारण उसकी सेवाएँ दिनांक 12.01.2022 से समाप्त की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.16(522)लोआस/2017**

परिवादी श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री बाला सहाय, निवासी सी 118 बी, मंगल मार्ग, बापू नगर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि भूखण्ड संख्या सी–118 के सेट बैक में बिना अनुमति निर्माण किये जाने व श्री मनोहर प्रभाकर द्वारा दिनांक 31.05.1969 को उक्त प्लाट 1061 वर्गगज में से 422 वर्गगज को रजिस्ट्री द्वारा विक्रय करने के 02 माह पश्चात् दिनांक 24.07.1969 को विक्रय के तथ्यों को छिपाकर धोखाधड़ी की नियम से गलत शपथ–पत्र/घोषणा पत्र पेश कर सम्पूर्ण भूखण्ड 1061 वर्गगज का पट्टा

अवैधानिक रूप से अपनी पत्नी श्रीमती सुशीला प्रभाकर के नाम हस्तान्तरित करा लेने के संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज नहीं करायी गयी।

इस संबंध में आयुक्त, नगर निगम, जयपुर एवं उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार न्यायालय अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या–11, जयपुर में लम्बित प्रकरण संख्या 671/18 जो कि श्रीमती सुशीला प्रभाकर पत्नी श्री मनोहर प्रभाकर से संबंधित था, का पूर्ण रूप से निस्तारण किया जाकर उसमें दिनांक 25.03.2019 को जुर्माना राशि 24,000/– रूपये जमा करवाई जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.31(75)लोआस/2017

परिवादी श्री नरेश कुमार शर्मा पुत्र श्री मांगीलाल शर्मा, निवासी ग्राम सोहोड़, तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनू का अभिकथन था कि उसकी फर्म द्वारा माह अप्रेल, मई एवं जून, 2017 में पंचायत समिति नीमकाथाना के अधीन आने वाले पेयजल अभावग्रस्त ग्राम एवं ढ़ाणियों में पेयजल परिवहन कार्य किया गया था। किया गया कार्य सक्षम अधिकारियों की स्वीकृति एवं आदेशानुसार किया गया है एवं किये गये कार्य के समस्त कूपन, बिल एवं वाउचर सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर गठित कमेटी द्वारा जांच एवं प्रमाणित करवाकर सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नीमकाथाना को कुल रूपये 39,27,135/– समयानुसार प्रस्तुत कर दिये थे। यह कार्य सक्षम अधिकारियों ने साख सीमा 30 लाख रूपये के विरूद्ध करवाया है उक्त राशि में से रूपये 14,41,755/– का भुगतान किया जाना शेष है। साख सीमा से अधिक कार्य हो जाने के फलस्वरूप अधिक किये गये कार्य की राशि की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नीमकाथाना के द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त कर भुगतान किया जाना शेष है।

इस संबंध में मुख्य अभियंता (प्रशासन), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जरिए वाउचर

संख्या 116 दिनांक 23.03.2022 के द्वारा राशि 1,17,665/— का भुगतान कर दिया गया है। यह भी कहा गया है कि परिवादी ने लिखित में माह अप्रेल, मई व जून, 2017 में किये गये पेयजल परिवहन कार्य का भुगतान विभाग द्वारा किया जाना प्रस्तुत किया और उक्त अवधि का फर्म का अन्य कोई भुगतान बकाया नहीं है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.32(12)लोआस/2021

परिवादी सुश्री खुशी पुत्री श्री अजय सिंह, निवासी ग्राम पोस्ट बुटेरी, तहसील बानसूर, जिला अलवर का अभिकथन था वह 100 प्रतिशत विकलांग है, चलने फिरने में असमर्थ है एवं गरीब परिवार से है। उन्हें ट्राई बैटरी साइकिल नहीं दी जा रही है।

इस संबंध में सहायक निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुश्री खुशी को ट्राई साइकिल उपलब्ध करवा दी गई है, जिससे खुशी बहुत प्रसन्न हो गई है।

इस प्रकार परिवादिया को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.35(41)लोआस/2021

परिवादी श्री लोकेश नागर पुत्र श्री नन्दकिशोर, निवासी वीपीओ, हरिगढ़, तहसील खानपुर, जिला झालावाड़ का अभिकथन था कि हरिगढ़ एवं बोरदा गांवों में स्थित तालाबों से गत् वर्ष 2020 के फरवरी से जुलाई माह तक पंचायत समिति खानपुर के विकास अधिकारी श्री सुधीर पाठक एवं ग्राम पंचायत हरिगढ़ में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी श्री दुर्गाशंकर नागर द्वारा 4 जेसीबी मशीनों व कई ट्रैक्टर ट्रोलियों से 40 हजार ट्रोली से भी अधिक मिट्टी सहित कंक्रीट ग्रेवल अन्य खनिज सामग्री का अनाधिकृत खनन एवं परिवहन किया गया।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, झालावाड़ से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री दुर्गाशंकर नागर, सचिव से राशि रूपये 8840/— व श्री भवानीशंकर बैरवा, सरपंच से राशि रूपये 8840/— वसूल कर लिये गये है। श्री भवानीशंकर बैरवा, सरपंच से चार्ज लेन—देन समारोह की राशि रूपये 7700/— वसूल कर लिये गये है। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत की बैठक कार्यवाही एवं ग्राम सभा की कार्यवाही के निर्णयानुसार 40/— प्रति ट्रोली की दर निर्धारित की गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.35(111)लोआस/2022

परिवादी श्री खलीलुर्रहमान पुत्र श्री मोहम्मद हुसैन, निवासी पठानों की मस्जिद के पास, भिनाय, जिला अजमेर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(38)लोआस/2022

परिवादी सुश्री प्रतिभा शर्मा पुत्री श्री रामजी लाल शर्मा केयर ऑफ श्री रामदयाल जोशी, निवासी मातेश्वरी माध्यमिक विद्यालय, सैनिक नगर, गंगापुर सिटी, जिला सवाईमाधोपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.47(48)लोआस/2022

परिवादी श्री विश्वनाथ डे पुत्र श्री हरी डे, निवासी जे–1775, 11वां एवेन्यू गौड़ सिटी–02 ग्रेटर नोएड़ा वेस्ट, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.47(50)लोआस/2022

परिवादी श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री शिवप्रसाद शर्मा, निवासी अनूप एसटीडी के पीछे, ब्रज नगर, अछनेरा रोड़, जिला भरतपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.47(54)लोआस / 2022

परिवादी श्री घेवर चन्द कुम्हार पुत्र श्री घीसूलाल कुम्हार, निवासी पुराना आकेली मार्ग, मांगीलाल जी की फैक्ट्री के पीछे, सुन्दर नगर, जिला पाली का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## माह अगस्त 2023

### एफ.4(20)लोआस / 2021

परिवादी श्री गौतम लाल परमार पुत्र श्री रामजी परमार, निवासी ग्राम गोकुलपुरा, जिला डूंगरपुर का अभिकथन था कि वह दी डूंगरपुर सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड, डूंगरपुर में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत था तथा दिनांक 30, नवम्बर 2018 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण हो जाने से सेवानिवृत्त हो गया था। राज्य सरकार के नियमानुसार कर्मचारी को सेवा ग्रेच्युटी देय है परन्तु पाँच माह व्यतीत हो जाने के बाद भी उसे ग्रेच्युटी का भुगतान प्राप्त नहीं हो पाया है।

इस संबंध में रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को कुल देय राशि का भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.7(21)लोआस/2018

परिवादी श्री शिवचरण अवस्थी पुत्र श्री रमेश चंद शर्मा, निवासी अवस्थी भवन संख्या 158, वार्ड नम्बर 4, सेढ़ के मढ़ के पास, बाल विद्या मन्दिर, खेरली, जिला अलवर का अभिकथन था कि श्री रामचरण मीणा, जिला रसद अधिकारी, अलवर के द्वारा राशन डीलर श्री कैलाश मीणा, ग्राम पंचायत बहरामपुर के विरूद्ध राशन सामग्री का गबन करवाने के संबंध में डीलर के विरूद्ध कोई एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में श्री कैलाश चन्द मीणा, उचित मूल्य दुकानदार, बहरामपुर द्वारा राशन सामग्री में की गई अनियमितताओं के कारण उसका प्राधिकार पत्र निरस्त किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.8(14)लोआस/2019

परिवादी श्री रामलाल कुमावत पुत्र श्री मांगीलाल कुमावत, निवासी ग्राम मण्डाभीम सिंह, सांभर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि न्यूमोनोकोसिस बोर्ड के डॉ0 सुधीर शर्मा व कार्यरत स्टाफ सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर द्वारा सिलिकोसिस प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला क्षय निवारण केन्द्र (प्रथम), जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को सिलिकोसिस प्रमाण पत्र जारी करते हुए राहत राशि का भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.8(15)लोआस/2019

परिवादी श्री रामलाल कुमावत पुत्र श्री बिरदीचंद कुमावत, निवासी ग्राम मण्डाभीम सिंह, सांभर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि न्यूमोनोकोसिस बोर्ड के डॉ0

सुधीर शर्मा व कार्यरत स्टाफ सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर द्वारा सिलिकोसिस प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, टी0बी0 क्लिनिक, सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को सिलिकोसिस प्रमाण पत्र जारी करते हुए राहत राशि का भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(25)लोआस / 2019

परिवादी श्री रामनारायण चौधरी पुत्र श्री पुसाराम, निवासी गांव खांगटा, तहसील पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर हाल मुकाम लक्ष्मण नगर सी, बनाड़ रोड़, नान्दड़ी, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि राजस्व गांव खांगटा, तहसील पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर के आराजी खसरा नम्बर 1677, 1677/1, तथा 1677/2 किस्म गैर मुमकिन बारानी पर किये गये अतिक्रमण के संबंध में स्थानीय प्रशासन को कई बार शिकायत करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत खसरा नम्बरान् 1677/1 तथा 1677/2 से अतिक्रमण हटा दिया गया है। इसके समर्थन में अतिक्रमण हटाने की मौका फर्द भी पेश की गई। मौका फर्द के अनुसार अतिक्रमण जे.सी.बी. द्वारा हटाया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(96)लोआस / 2022

परिवादी श्री हरसन देवासी पुत्र श्री हेमाजी देवासी, निवासी मुकाम पोस्ट पूरण, तहसील जसवन्तपुरा, जिला जालौर का अभिकथन था कि पटवार हल्का पूरण गांव के

खसरा नम्बर 1126 सरकारी गौचर भूमि पर अतिक्रमण किया गया है और इस संबंध में शिकायत के बावजूद जिला कलक्टर, जालौर व तहसीलदार, जसवन्तपुरा द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जालौर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अतिक्रमियों के विरूद्ध भू–राजस्व अधिनियम की धारा 91 के तहत नायब तहसीलदार, जसवन्तपुरा ने बे–दखली के आदेश जारी किये और उक्त आदेश की पालना में राजस्व टीम का गठन कर पुलिस इमदाद से अतिक्रमण हटवाया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.11(218)लोआस / 2022**

परिवादी श्री देवी सिंह पुत्र श्री भीम सिंह, निवासी ग्राम भालु जवाहरपुरा, भालु राजवां, तहसील सेखाला, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि तहसीलदार, सेखाला, जिला जोधपुर द्वारा ग्राम भालु जवाहरपुरा, तहसील सेखाला में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज सार्वजनिक रास्ते पर से अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पटवार मण्डल भालु राजवां के राजस्व ग्राम भालु जवाहरपुरा के खसरा नम्बर 97/1 व 96/1 में दर्ज सार्वजनिक रास्ता तहसीलदार, सेखाला द्वारा खानुसिंह की ढ़ाणियां को जाने वाले रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाकर खुलवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.11(262)लोआस / 2019**

परिवादी श्री चेलाराम पुत्र श्री मलाराम, निवासी कालाऊना, तहसील बिलाड़ा, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि ग्राम कालाऊना, तहसील बिलाड़ा, जिला जोधपुर

के खसरा नम्बर 421 रकबा 10 बीघा किस्म गैर मुमकिन रास्ते पर गांव के कुछ प्रभावी व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत खसरा नम्बर 421 किस्म गैर मुमकिन रास्ते पर किये गये सम्पूर्ण अतिक्रमण को हटाकर रास्ता सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है। इसके समर्थन में फर्द मौका रिपोर्ट भी पेश की गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(316)लोआस / 2018

परिवादी श्री भंवर सिंह लोढ़ा पुत्र श्री पूरण सिंह, निवासी खेरिया विल्लौच, तहसील रूपवास, जिला भरतपुर का अभिकथन था कि उनके खेत में जाने वाले आम रास्ते खसरा नम्बर 594 पर अतिक्रमण होने के कारण रास्ता बन्द कर दिया है तथा स्थानीय प्रशासन को शिकायत किये जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रशासन द्वारा खसरा नम्बर 594 रकबा 8 बीघा 11 बिस्वा भूमि पर से पुलिस की सहायता से ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध कराये गये संसाधनों के आधार पर अतिक्रमण हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(308)लोआस / 2022

परिवादी श्री देवराज गुर्जर पुत्र श्री रामसहाय गुर्जर, निवासी ग्राम पोस्ट सोहेला, तहसील पीपलू, जिला टोंक का अभिकथन था कि ग्राम सोहेला के उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्र जाने वाले आम रास्ते पर पक्का रास्ता नहीं होने से केन्द्र के चारो ओर कीचड़ जमा होने से आने जाने में परेशानी हो रही है।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, टोंक से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम सोहेला के उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के आम रास्ते पर बरसात के दौरान पानी भरने एवं कीचड़ की समस्या का समाधान ग्रामवासियों के सहयोग एवं सुझावों के अनुसार सोहेला डिग्गी रोड़ पर बने हुए नाले से पाइप डालकर एवं चैम्बर बनाकर पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था करवा दी गई है, जिससे परिवादी एवं समस्त ग्रामवासी संतुष्ट है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(622)लोआस / 2015

परिवादी श्री दिनेश चन्द्र यादव पुत्र श्री हरिसिंह यादव, निवासी वाया पोस्ट गादोज, तहसील बहरोड़, जिला अलवर का अभिकथन था कि श्रीमती ललिता यादव, तत्कालीन सचिव, ग्राम पंचायत गादोज, पंचायत समिति बहरोड़ द्वारा सरकारी राशि का गबन किये जाने पर उसके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्रीमती ललिता यादव,तत्कालीन सचिव, ग्राम पंचायत गादोज, पंचायत समिति बहरोड़ के विरूद्ध सीसीए नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर उन्हें भविष्य में पूर्ण सतर्कता से अपने दायित्वों का निर्वहन करने एवं ऐसी त्रुटि की पुनरावृत्ति नहीं करने की चेतावनी दी गई। अन्य लोकसेवकगण श्री गुरदयाल सिंह, सेवानिवृत तत्कालीन कार्यवाहक विकास अधिकारी, श्री राजूराम, तत्कालीन विकास अधिकारी, श्रीमती नेहा चतुर्वेदी, तत्कालीन विकास अधिकारी, पंचायत समिति बहरोड़ एवं श्री सुनील कुमार मंगल, तत्कालीन कार्यवाहक विकास अधिकारी/सहायक अधिकारी को पर्यवेक्षणीय लापरवाही के लिये उत्तरदायी मानते हुये उनके विरूद्ध सीसीए नियम 17 की कार्यवाही की गई और श्री उमेश चन्द यादव, तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता, पंचायत समिति बहरोड़ के विरूद्ध सीसीए नियम 17 का नोटिस जारी करते हुए परिनिन्दा के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(31)लोआस/2020

परिवादी श्रीमती भूली देवी पत्नी श्री रामस्वरूप, निवासी मकान नम्बर 176, शिवाजी नगर, शास्त्री नगर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि उनके पड़ोसी प्लॉट संख्या 171 व 172, शास्त्री नगर, जयपुर 03 फीट की कॉमन गली पर जबरन बालकनी आरसीसी छत के जरिये निकाल रहे है तथा आम रास्ते की जमीन पर अवैध निर्माण किया है।

इस संबंध में आयुक्त, नगर निगम, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री किशन खटीक की कब्जाशुदा भूमि पर अवैध निर्मित बालकनी व दीवार को पुलिस जाप्ता एवं नगर निगम अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(83)लोआस/2020

परिवादी श्री विश्वदीप सिंह, श्री दिलप्रीत उर्फ प्रभजोत पुत्र श्री विरेन्द्र सिंह निवासी वार्ड नम्बर 11 पुराना व वार्ड नम्बर 16 नया, सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर का अभिकथन था कि उनके घर के मुख्य द्वार के आगे सुरेन्द्र सिंह, हरजिन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह व अमनिन्द्र सिंह द्वारा कब्जा कर अतिक्रमण किया हुआ है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री विश्वदीप सिंह, निवासी वार्ड नम्बर 16, सादुलशहर का अतिक्रमण मौका मजिस्ट्रेट तहसीलदार, सादुलशहर एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में शांतिपूर्वक हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(95)लोआस / 2020

परिवादी श्री अमित कुमार पुत्र श्री प्रभुदयाल निवासी भूड़ा गेट, कस्बा डीग, जिला भरतपुर का अभिकथन था कि श्री हीरालाल से क्रयशुदा एवं रजिस्ट्रीशुदा भूमि खसरा नम्बर 228 / 360 / 0.15 का 4 / 5 का 1 / 4 हिस्सा जो कि डीग में स्थित है पर श्री मुकेश, श्री कौशल, श्री गजेन्द्र निर्माण कार्य नहीं करने दे रहे है एवं उक्त भूमि को कब्जाने का प्रयास कर रहे है। इस संबंध में नगरपालिका, डीग द्वारा उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। अतः भूखण्ड की सुरक्षा तथा उसमें निर्माण, पुलिस की सुरक्षा में करवाया जावें।

इस संबंध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पक्षकारान में आपसी विवाद का निपटारा हो चुका है तथा परिवादी श्री अमित कुमार को स्वामित्व मिल चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(176)लोआस / 2021

परिवादी श्री पंकज सोनी पुत्र श्री ईश्वरचंद सोनी, निवासी वार्ड नम्बर 3, छापर, जिला चूरू का अभिकथन था कि वार्ड नम्बर 9 के बागड़ी मार्केट, कस्बा छापर में श्री अरविन्द कुमार प्रजापत व श्री लालचंद प्रजापत द्वारा दुकान के आगे आम रास्ते पर लगभग 5 फीट तक तख्ते, रैक, अलमारियां, छज्जे इत्यादि लगाकर स्थायी अतिक्रमण किये जाने से रास्ता अवरूद्ध किया हुआ है।

इस संबंध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अतिक्रमण को मौके पर से हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(206)लोआस/2017

परिवादी श्री चन्द्रप्रकाश वैष्णव पुत्र श्री श्यामसुन्दर वैष्णव निवासी बाबाजी की डूंगरी के पास, सांवतसर, मदनगंज किशनगढ़, जिला अजमेर का अभिकथन था कि खसरा नम्बर 439/1 में स्थित सरकारी बरसाती नाले जो कि नगर परिषद किशनगढ़ के नाम भू–राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है, पर भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है।

इस संबंध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आवंटित भूखण्डों के पीछे गैर मुमकिन नाला मौके पर विद्यमान है। संबंधित सभी उद्यमियों, जिनको आवंटित भूमि पर ही भूखण्ड नियोजित कर आवंटित किये गये है, को पूर्व में नोटिस जारी कर गैर मुमकिन नाले में पड़े कचरे, मलबे आदि को निकालकर खाली करवाया गया, जिसकी सूचना अतिरिक्त सचिव, जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति, जिला अजमेर को प्रेषित कर दी गई। वर्तमान में उक्त गैर मुमकिन नाले पर रीको के उद्यमियों द्वारा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(554)लोआस/2015

परिवादी श्री कृष्ण ताम्बी पुत्र श्री दामोदर लाल ताम्बी निवासी 140 कैलाशपुरी, टोंक रोड़, जिला जयपुर का अभिकथन था कि टोंक रोड़ व जेएलएन मार्ग को जोड़ने वाली अतिव्यस्त सड़क पर स्थित भूखण्ड संख्या 138 व 161, कैलाशपुरी, टोंक रोड़, जयपुर पर गैरकानूनी रूप से व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा है और आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण को सूचित किये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाकर प्रश्नगत अवैध अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

विभागीय रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण के संबंध में न्यायालय में लम्बित प्रकरण संख्या 09/2016 जयपुर विकास प्राधिकरण बनाम अशोक खण्डाका में अभियुक्त डॉ0 अशोक खण्डाका को जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम के तहत 50,000/— रूपये के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.17(12)लोआस/2022

परिवादी श्री अभिमन्यु पनव यादव पुत्र स्व0 श्री राहुल यादव, निवासी प्लाट नम्बर 8, दैनिक भास्कर गोदाम के पास, मूंगस्का, जिला अलवर का अभिकथन था कि खसरा नम्बर 441/0.59, जिसका क्षेत्रफल 7059 वर्गगज है वाके मूंगस्का अलवर में 107 वर्गगज का मकान है, जिसका पट्टा जारी करने हेतु यू.आई.टी. अलवर को वक्त अभियान दिनांक 03.11.2021 को आवेदन किया था, जिसकी समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण कर दी गई थी परन्तु 7 माह व्यतीत होने के पश्चात् भी आज तक पट्टा जारी नहीं किया गया है।

इस संबंध में जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को नगर विकास न्यास, अलवर कार्यालय द्वारा पट्टा जारी कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.17(29)लोआस/2022

परिवादी श्री मंगल राम महावर पुत्र श्री उद्दाराम महावर, निवासी इन्द्रगढ़, तहसील जमवारामगढ़, जिला जयपुर का अभिकथन था कि उसकी खातेदारी भूमि

खसरा संख्या 1038, 1096, 1097 व 1106 पटवार हल्का इन्द्रगढ़, तहसील जमवारामगढ़ पर भूमाफियाओं द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण के संबंध में मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन, जयपुर विकास प्राधिकरण को शिकायत किये जाने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड सी–64 पर से अवैध निर्माण को हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.17(199)लोआस / 2016

परिवादी श्री ज्योति प्रकाश कानोड़िया पुत्र स्व0 श्री किशोरीलाल कानोड़िया, निवासी के–26, इनकम टैक्स कॉलोनी, दुर्गापुरा, टोंक रोड़, जिला जयपुर का अभिकथन था कि इनकम टैक्स कॉलोनी की 100 फीट रोड़ पर गेट नम्बर 2 से लगी 30 फीट रोड़ जो कॉलोनीवासियों के आने जाने की मुख्य सड़क है, पर प्लॉट नम्बर के–47, एल–1 एवं एल–2 के मालिकों द्वारा 7 फीट आगे तक अवैध अतिक्रमण कर रखा है।

इस संबंध में उपायुक्त, जोन–4, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दो भूस्वामियों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटा लिया गया है तथा शेष अतिक्रमियों द्वारा अधिकतम 1 फीट 6 इंच एवं इससे कम अतिक्रमण को नगण्य अतिक्रमण की श्रेणी में जयपुर विकास प्राधिकरण ने रखा है। सड़क पर आवागमन निर्बाध रूप से संचालित हो रहा है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.31(3)लोआस / 2022

परिवादी श्री रामजीलाल बैरवा पुत्र श्री मूलचन्द बैरवा, मैसर्स रामजीलाल एण्ड ब्रदर्स संस्कृत कॉलेज के सामने जलदाय विभाग के पास, जिला दौसा का अभिकथन

था कि परिवादी की फर्म के निर्माण कार्य जलयोजना सुरजपुरा, जिला दौसा एवं निर्माण कार्य जलयोजना, माण्डेरा, जिला दौसा के कार्य के समयावधि केश की स्वीकृति अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड, दौसा द्वारा अनावश्यक देरी के कारण समयावधि केश का निस्तारण होकर भुगतान नहीं हो रहा है।

इस संबंध में मुख्य अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कोष कार्यालय के टी.वी. वाउचर संख्या 22094, 22095, 22096 के द्वारा फर्म के खाते में भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.35(119)लोआस / 2018

परिवादी श्री सोहनलाल मेघवाल पुत्र श्री सुगनाराम मेघवाल, निवासी ग्राम पोस्ट बुकनसर बड़ा, वाया भानीपुरा, तहसील सरदारशहर, जिला चूरू का अभिकथन था कि गांव बुकनसर बड़ा में वार्ड नम्बर 4, मेघवालों का मौहल्ला के पास बनी हरिजन हौज पर गांव के ओमप्रकाश भाट एवं गांव के कुछ प्रभावशाली तथा राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों द्वारा हरिजन हौज पर अतिक्रमण कर सरकारी सम्पत्ति को खुर्दबुर्द कर अपने कब्जे में कर लिया गया है। ग्राम पंचायत को बार–बार निवेदन किये जाने के पश्चात भी उक्त कब्जे को हटाया नहीं जा रहा है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, चूरू से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार हरिजन हौज की नाप कर अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.35(154)लोआस / 2022

परिवादी श्री गजेन्द्र व्यास, संपादक सांध्य दैनिक समाचार ''राष्ट्र का वाचन'' केयर ऑफ संत कंवरराम धर्मशाला के पास केनाल रोड़, गुमानपुरा, जिला कोटा का

अभिकथन था कि बिजली के पोल को भी फेंसिंग में दबाकर हाइवे की पक्की सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया है।

इस संबंध में नगर विकास न्यास, कोटा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(2)लोआस/2023

परिवादी श्री नानग राम स्वर्णकार पुत्र स्व0 श्री मेघराम स्वर्णकार, निवासी पूर्बियान मौहल्ला, वार्ड नम्बर 26, जिला दौसा का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(40)लोआस/2022

परिवादी श्री छोगाराम पुत्र श्री नैनाराम, निवासी ग्राम पोस्ट अनोपपुरा वाया चाणौद, तहसील सुमेरपुर, जिला पाली का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## माह सितम्बर 2023

### एफ.5(9)लोआस / 2020

परिवादी श्रीमती ग्यारसी बाई पत्नी स्व0 श्री मांगीलाल मेनारिया, निवासी गांव रम्भावाली, पोस्ट अम्बावाली, तहसील छोटीसादड़ी, जिला प्रतापगढ़ का अभिकथन था कि उनके पति श्री मांगीलाल मेनारिया का स्वर्गवास राउमावि वरमण्डल, जिला प्रतापगढ़ में राजकीय सेवा में रहते हुये हो जाने पर शिक्षा विभाग, प्रतापगढ़ को बार–बार सम्पर्क किये जाने पर भी पेंशन प्रारम्भ नहीं हुई है।

इस संबंध में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रोविजनल ग्रेच्युटी भुगतान एवं पेंशन भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.8(13)लोआस / 2020

परिवादी श्रीमती अनिता देवी पत्नी स्व0 श्री सूरजमल जाट, निवासी ग्राम रेला, तहसील कठूमर, जिला अलवर का अभिकथन था कि उनके पति का स्वर्गवास हो जाने पर मृतक आश्रित को न तो पेंशन दी गई और न ही अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है।

इस संबंध में निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी का पदस्थापन चतुर्थ श्रेणी के पद पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कठूमर, जिला अलवर में कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.10(94)लोआस/2018

परिवादी श्री रहीम खान पुत्र श्री अजीज खान, निवासी ग्राम जांवध जूनी, पोस्ट धायसर, जिला जैसलमेर का अभिकथन था कि लोकसेवक मेहरा द्वारा सरकारी भूमि खसरा नम्बर 231, 232, श्री अल्लादीन व मेहरा द्वारा सरकारी भूमि खसरा नम्बर 226, 227, 229, 230, नसीर खान व खाने खान द्वारा सरकारी भूमि खसरा नम्बर 196, 197, भागा पत्नी सुमार खान व सुमार खान द्वारा सरकारी भूमि खसरा नम्बर 245, 238, 250, 252 तथा सोयब पुत्र नसीर खान द्वारा सरकारी भूमि खसरा नम्बर 213 में अवैध रूप से कृषि कनेक्शन किया गया है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जैसलमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत प्रकरण में तहसीलदार, जैसलमेर व विद्युत विभाग द्वारा संयुक्त जांच व कार्यवाही की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(111)लोआस/2022

परिवादी श्री लखसिंह सोढ़ा, डायरेक्टर, शिवांगी मोटल्स प्राइवेट लिमिटेड, निवासी होटल मरूगढ़, चौपासनी गांव, जैसलमेर बाईपास रोड़, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि ग्राम दामोदरा की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 121/564 रकबा 41 बीघा 19 बिस्वा के औद्योगिक प्रयोजनार्थ सम्परिवर्तन किये जाने हेतु तीन वर्ष पूर्व जिला कलक्टर, जैसलमेर के यहाँ आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस कार्य हेतु जब जिला कलक्टर, राजस्व लिपिक तथा संबंधित हल्का पटवारी से व्यक्तिशः मिला तो हल्का पटवारी, दामोदरा द्वारा 15 लाख रूपये की मांग की गई।

इस संबंध में संभागीय आयुक्त, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी द्वारा समस्त कमियों की पूर्ति कर वांछित राशि राजकोष में जमा कराने पर जिला कलक्टर, जैसलमेर द्वारा प्रश्नगत भूमि का पर्यटन ईकाई हेतु सम्परिवर्तन आदेश जारी कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ12(287)लोआस / 2022

परिवादी श्री सुभाष पुत्र श्री गेराराम, निवासी दरगाह की ढ़ाणी, खवासपुरा, तहसील पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि ग्राम खवासपुरा, पंचायत समिति पीपाड़ शहर की सरपंच श्रीमति मोनिका सतनानी द्वारा ग्राम पंचायत खवासपुरा में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के निर्माण कार्य करवाये गये है। उक्त निर्माण कार्यों में नियमानुसार निर्माण कार्य नहीं करवाये गये है। निर्माण कार्यों में अनियमितताएँ बरती गई है। मौके पर कार्य, ग्रामीण कार्य निर्देशिका अनुसार नहीं करवाया गया है। भुगतान नियमानुसार नहीं किया गया है। ग्रामीण कार्य निर्देशिका व मौके पर करवाये गये निर्माण कार्य में अन्तर है। कार्य की गुणवत्ता सही नहीं है।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत, खवासपुरा में दिनांक 10.10.2020 से मौजूदा सरपंच श्रीमती मोनिका सतनामी के कार्यकाल में करवाये गये कुल 22 निर्माण कार्यों में जांच उपरान्त कोई अनियमितता नहीं पाई गई। उक्त कार्यों में मूल्यांकन से अधिक भुगतान की गई राशि 1645/– रूपये सरपंच/ग्राम विकास अधिकारी से वसूल कर पंचायत कोष में जमा करा दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(298)लोआस / 2021

परिवादी श्री भोमा राम देवासी पुत्र श्री भूण्डाराम देवासी, निवासी नोखड़ों की ढ़ाणी केरू, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि केरू के खसरा नम्बर 1070 के आबादी क्षेत्र में अपने आवास का कोई पट्टा नहीं बना है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जोधपुर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को आबादी भूमि का पट्टा प्राप्त हो चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(417)लोआस/2018

परिवादी श्री रामनारायण चौधरी पुत्र श्री पुसाराम चौधरी, निवासी गांव खांगटा, तहसील पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर हाल मुकाम लक्ष्मण नगर सी, बनाड़ रोड़, नांदड़ी, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत खांगटा, पंचायत समिति पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर के विकास अधिकारी द्वारा नरेगा योजना में सैकड़ों की संख्या में फर्जी जोब कार्ड बनाकर भुगतान उठाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कनिष्ठ तकनीकी सहायक श्री रामकुमार लामरोड़ व श्री भानाराम ग्वाला द्वारा ग्रेवल सड़कों की जांच रिपोर्ट में कार्य को सही और व्यय राशि के अनुसार मौके पर कार्य होना पाया जाने की रिपोर्ट की गई।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री बरकत अली, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी से कुल राशि 8,835/– रूपये वसूल किये जा चुके है। श्री महिपाल पिचकिया, तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक से कुल राशि 19,303/– रूपये में से 18,576/– रूपये वसूल किये जा चुके है और शेष राशि 727/– रूपये की कटौती दोषी कर्मचारी से माह अक्टूबर, 2022 के वेतन से की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(296)लोआस/2015

परिवादी श्री अनिल जोशी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद, निवासी प्लाट नम्बर 01, आर0एच0बी0 शॉपिंग काम्प्लेक्स बल्लभबाड़ी, जिला कोटा का अभिकथन था कि आवास संख्या 7–8 जवाहरनगर खसरा नम्बर 51 ग्राम बालाकुण्ड, जवाहरनगर, कोटा के राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 29.10.2013 की पालना में एम्पावर्ड कमेटी का गठन कर आवास नियमितीकरण करने की प्रार्थना की गई।

इस संबंध में सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार खसरा नम्बर 51 जवाहरनगर ग्राम बालाकुण्ड के भूखण्ड संख्या 7 व 8 का नियमन व्यावसायिक दर पर काबिज अंतिम क्रेता के पक्ष में किये जाने का निर्णय लेते हुए अंतिम क्रेता श्री निर्मल कुमार जैन व श्री चन्द्रप्रकाश जैन निवासी ए–444, तलवंडी, कोटा के पक्ष में भूखण्ड संख्या 20, खसरा नम्बर 51 जवाहरनगर ग्राम बालाकुण्ड का कुल 674.85 वर्गमीटर का पट्टा जारी कर दिया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(499)लोआस / 2018

परिवादी श्री विमलेश वर्मा पुत्र श्री नन्दलाल वर्मा, निवासी 11 / 595, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर में मकान नम्बर 11 / 597 पर भूखण्डधारी द्वारा बिना निर्माण स्वीकृति प्राप्त किये आवासीय भूखण्ड के क्षेत्रफल से भी अधिक क्षेत्र पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से हॉस्टल निर्माण किया गया।

इस संबंध में आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर स्थित प्रश्नगत मकान संख्या 11 / 597 पर किसी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित नहीं है तथा पाये गये अवैध अतिक्रमण चबूतरी को पूर्व में नगर निगम द्वारा हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.19(19)लोआस / 2017

परिवादी श्री गोपाल झंवर पुत्र श्री सत्यनारायण झंवर, निवासी 2–आर–9, आर. सी. व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा का अभिकथन था कि औद्योगिक प्रयोजनार्थ आवंटित भूखण्ड की एवज में जमा करवाई गई 09 लाख रूपये की राशि के रिफण्ड के संदर्भ में लोकसेवकों द्वारा कार्यवाही नहीं जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, भीलवाड़ा एवं संभागीय आयुक्त, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी श्री गोपाल झंवर, निदेशक, मैसर्स आदर्श सिन्थेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, पुर, भीलवाड़ा को 09 लाख रूपये का रिफण्ड तहसील कार्यालय के द्वारा कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.35(10)लोआस/2022

परिवादी श्री रमेश सिंह हाडा पुत्र श्री रतन सिंह, निवासी चित्तौड़, जिला बूंदी का अभिकथन था कि आयुक्त, नगर परिषद, बूंदी के विरूद्ध इन्दिरा रसोई के संचालकों के खिलाफ जांच में अनियमितता पाये जाने पर भी कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जन कल्याण स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरण समिति के द्वारा संचालित इन्दिरा रसोई संख्या 112 पर एक लाख रूपये जुर्माना लगाकर उसे ब्लैकलिस्ट कर निरस्त कर दिया गया है। इसी प्रकार नाग नागिन सेवा समिति द्वारा संचालित इन्दिरा रसोई संख्या 155 व 185 का अनुबन्ध निरस्त कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(12)लोआस/2022

परिवादी श्री आनन्द प्रकाश पंवार पुत्र श्री फूसाराम पंवार, निवासी पली फान्टा, गांव पल्ली प्रथम, पोस्ट पल्ली वाया लोहावट, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ एवं राज्य बीमा राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ एवं राज्य बीमा राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ एवं राज्य बीमा राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## माह अक्टूबर 2023

### एफ.3(13)लोआस / 2021

परिवादी श्री सुरेश शर्मा पुत्र श्री रामपाल शर्मा, निवासी ग्राम लहन, पोस्ट वजीरपुरा, तहसील व जिला टोंक का अभिकथन था कि प्रथम सूचना संख्या 60 / 21 थाना मेहन्दवास जिला टोंक में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, टोंक से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण संख्या 60 / 21 में बाद अनुसंधान अभियुक्त शोकिब उर्फ साकिन उर्फ सोनू पुत्र मोहम्मद के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 363, 366ए, 354बी, 354डी, 376, 201 भारतीय दण्ड संहिता व 5, 6, 7, 8, 11(iv), 12 पोक्सो एक्ट का अपराध प्रमाणित पाये जाने पर प्रकरण में चार्जशीट नम्बर 192 / 21 दिनांक 30.12.2022 किता की जाकर दिनांक 11.01.2023 को पोक्सो कोर्ट, टोंक में पेश की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.3(45)लोआस / 2019

परिवादी श्री कानाराम जाट पुत्र श्री हीराराम जाट, निवासी मकान नम्बर बी–149, श्रीनिवास नगर, रोड़ नम्बर 6, वी.के.आई. एरिया, जिला जयपुर का अभिकथन था कि मुकदमा संख्या 511 / 18 पुलिस थाना गांधीनगर में सही कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में पुलिस उपायुक्त, जिला जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण संख्या 511 / 18 पुलिस थाना गांधीनगर में बाद अनुसंधान आरोपी सन्तरा देवी व रामस्वरूप के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भारतीय दण्ड संहिता का अपराध पाया गया। अभियुक्त सन्तरा देवी दिनांक

26.04.2022 से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अग्रिम जमानत पर है तथा अभियुक्त रामस्वरूप जाट मफरूर है, जिसका स्थायी गिरफ्तारी वारण्ट न्यायालय एसीएमएम क्रम–2, जयपुर महानगर प्रथम से प्राप्त कर लिया गया है। अभियुक्ता सन्तरा देवी के विरूद्ध चालानी आदेश एवं अभियुक्त रामस्वरूप के विरूद्ध धारा 299 दण्ड प्रक्रिया संहिता में चालानी आदेश प्राप्त कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.3(235)लोआस/2022

परिवादी श्री दलवीर सिंह पुत्र श्री मोती सिंह, निवासी वार्ड नम्बर 6, कल्ला का गोला, तहसील भुसावर, भरतपुर का अभिकथन था कि प्रथम सूचना संख्या 468/22, गैंगरेप जैसे मामले में पुलिस थाना, भुसावर द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण संख्या 468/22 पुलिस थाना भुसावर में आरोपी बाल नरेन्द्र सैनी के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 376 व 506 भारतीय दण्ड संहिता का अपराध प्रमाणित पाये जाने पर चार्जशीट नम्बर 414 दिनांक 31.12.2022 कता कर दिनांक 25.01.2023 को चालान न्यायालय में पेश किया जा चुका है तथा आरोपीगण द्वारा उसके विरूद्ध दर्ज कराये गये प्रकरण में एफआर नम्बर 311 दिनांक 16.12.2022 किता की जा चुकी है, न्यायालय में पेश करना शेष है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ10(8)लोआस/2021

परिवादी श्री भागीरथ यादव पुत्र श्री शुभराम यादव, निवासी कारोड़ा तहसील बहरोड़, जिला अलवर का अभिकथन था कि कारोड़ा तहसील बहरोड़ के निवासी लीलाराम पुत्र रामचन्द्र व गीलूराम पुत्र रामचन्द्र द्वारा विद्युत विभाग के कार्मिकों से

साठगांठ करते हुए ग्राम कारोड़ा में खसरा नम्बर 33 में लगी 11 हजार केवी विद्युत लाइन व ट्रांसफार्मरों को अवैध रूप से करीब 200 मीटर लाइन खींच कर अवैध कनेक्शन किया गया है।

इस संबंध में जिला डिस्कॉम, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार लीलाराम द्वारा अपने कनेक्शन की अवैध शिफ्टिंग की गई है। उक्त अवैध शिफ्टंग के निगम नियमानुसार जुर्माना राशि जमा करवाने हेतु नोटिस जारी करने एवं वसूली करने हेतु निर्देशित किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(23)लोआस/2023

परिवादी श्री जीवा पुत्र श्री लखमाजी, निवासी मुकाम पोस्ट पूरण, तहसील जसवंतपुरा, जिला जालोर का अभिकथन था कि न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जसवंतपुरा द्वारा दिनांक 28.07.2022 को पत्थरगढी का आदेश होने के उपरांत भी आदेश की पालना हेतु तहसीलदार, जसवंतपुरा एवं उपखण्ड अधिकारी, जसवंतपुरा को बार–बार प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर भी आदेश की पालना नहीं की गई है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जालोर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस उप अधीक्षक, वृत्त रानीवाड़ा को निर्देशित कर पुलिस जाप्ता के साथ तहसीलदार, जसवंतपुरा की राजस्व टीम को मौके पर पत्थरगढ़ी की पालना किये जाने हेतु निर्देशित करने पर दिनांक 06.06.2023 को सीमांकन/पत्थरगढ़ी हेतु टीम पुलिस जाप्ता के साथ गई। मौके पर परिवादी जीवाराम व उसके रिश्तेदारों के साथ रहकर निशानात करवाये तथा पत्थर मौके पर लगवाये गये।

यह भी कहा गया कि खसरा नम्बर 1136, 1137 व 1138 के कोने पर गड़ढ़ा खुदवाकर निशानात मौके पर करावाये गये। सीमांकन कार्य कमेटी द्वारा पूर्ण कर पत्थरगढ़ी के निशानात मौके पर करवा दिये गये। मौके पर सीमांकन फर्द कायम कर पत्थरगढ़ी की कार्यवाही पूर्ण कर दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(144)लोआस/2022

परिवादी श्री श्रीनारायण शर्मा पुत्र श्री नाथूराम शर्मा, निवासी ग्राम पोस्ट सबड़ावली, तहसील बसवा, जिला दौसा का अभिकथन था कि ग्राम सबड़ावली में सरकारी भूमि गैरमुमकिन तलाई व गैरमुमकिन रास्ता पर पड़ोसी कृषकों द्वारा किये गये अतिक्रमण के विरूद्ध तहसीलदार, बसवा द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, दौसा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मौके से अतिक्रमण हटवाया जाकर रास्ता चालू करवाया गया तथा मौके पर पड़ोसी खातेदार भी उपस्थित रहे है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(173)लोआस/2022

परिवादी श्री अब्दुल रज्जाक पुत्र श्री उमर खाँ, निवासी सिन्धी नगर कापरड़ा, तहसील बिलाड़ा, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उनका रजिस्टर्ड बेचाननामा होने के बावजूद लोकसेवक भू–निरीक्षक ढ़लाराम व कमलेश द्वारा म्यूटेशन नहीं भरा गया है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी ने ग्राम सिन्धी नगर के खसरा नम्बर 351/4 रकबा 0.3642 हैक्टर यानि दो बीघा पांच बिस्वा भूमि सुबान खाँ पुत्र नूर खां जाति सिन्धी से खरीदी थी जिसका पंजीयन दिनांक 17.05.2022 को तहसील बिलाड़ा में हुआ था। परिवादी द्वारा खरीदी गई भूमि का नामान्तरकरण दिनांक 04.08.2022 को ऑनलाइन भरा गया था तथा निरीक्षक द्वारा दिनांक 20.08.2022 को जाँच की गई। ग्राम पंचायत कापरड़ा के प्रस्ताव संख्या–3 दिनांक 05.09.2022 से उक्त नामान्तरकरण को स्वीकृत कर दिया गया। परिवादी द्वारा खरीदी गई भूमि वर्तमान जमाबन्दी चौसाला 2075 से 2078 के

खाता संख्या 419 में परिवादी के नाम दर्ज है। इसके समर्थन में नामान्तरकरण की सत्यापित प्रतिलिपि भी उपलब्ध करवाई गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(274)लोआस / 2015

परिवादी श्री नवल सिंह चौधरी, अध्यक्ष, नन्दाजी की बाड़ी विकास समिति, खेड़ली फाटक, जिला कोटा का अभिकथन था कि नन्दाजी की बाड़ी, वार्ड नम्बर 14 स्थित आम रास्ते को सेना द्वारा सड़क निर्माण के दौरान दिनांक 17.07.2023 को रोक दिया गया।

इस संबंध में जिला कलक्टर, कोटा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी द्वारा वर्णित रास्ता ग्राम खेड़ली पुरोहित के खसरा नम्बर 61 में स्थित है तथा जिस मार्ग के निर्माण के लिये निवेदन किया गया है, वह ग्राम खेड़ली पुरोहित के खसरा नम्बर 75 में स्थित है। खसरा नम्बर 61 राजस्व रिकार्ड में नगर विकास न्यास, कोटा के नाम तथा खसरा नम्बर 75 सेना विभाग के नाम दर्ज है। सेना विभाग द्वारा खसरा नम्बर 75, जो कि उनके खाते में दर्ज है, पर से नगर विकास न्यास द्वारा कराये जा रहे रोड़ निर्माण कार्य को बन्द करवा दिया गया था। ग्राम खेड़ली पुरोहित में कुल 25.02 है0 भूमि सेना विभाग के नाम खाते में दर्ज है तथा मौके पर सेना 19.06 है0 भूमि पर ही काबिज है। सेना की 5.76 है0 भूमि अतिक्रमित है। प्रकरण के समाधान हेतु जिला कलक्टर एवं सेना विभाग के मध्य हुई चर्चा के उपरांत खसरा नम्बर 75 को नगर विकास न्यास, कोटा को स्थानान्तरित करने एवं उसके बदले सेना विभाग को अन्य भूमि आवंटन करने पर सहमति बनी। नगर विकास न्यास, कोटा के प्रस्ताव अनुसार सेना विभाग, कोटा की भूमि पर बसी हुई आबादी भूमि के बदले भूमि आवंटन के संबंध में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। साथ ही सेना विभाग को आवंटित भूमि को नगर विकास न्यास, कोटा को वापिस किये जाने के संबंध में कार्यवाही हेतु राजस्व विभाग को पत्र लिखा जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(319)लोआस / 2021

परिवादी श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री रामचन्द्र, निवासी ग्राम चाट सरदारपुरा, पोस्ट राजगढ़, तहसील नसीराबाद, जिला अजमेर का अभिकथन था कि ग्राम सरदारपुरा निवासी शेर सिंह, नारायण, माना, प्रेमसिंह एवं उनके परिवारजनों ने मिलकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज चारागाह भूमि खसरा नम्बर 864 व 865 पर अतिक्रमण कर लिया है तथा दुकानों का निर्माण कर रहे है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अतिक्रमण को हटवाकर चारागाह भूमि का कब्जा ग्राम पंचायत राजगढ़ को सम्भला दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.12(43)लोआस / 2022

परिवादी श्री भंवर सिंह पुत्र श्री नरपत सिंह, निवासी वार्ड नम्बर 7, ग्राम जोधपुर राजपूत मोहल्ला, तहसील श्रीडूंगरगढ़, जिला बीकानेर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत, जोधासर की सरपंच श्रीमती निरंजन कंवर, जिनके पति श्री भंवर सिंह, प्रथम ग्रेड अध्यापक लोकसेवक है, द्वारा सरपंच (पत्नी) की ओर से नाजायज कार्य कर व सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर अपने पद का दुरूपयोग किया गया है तथा लोक सेवक होते हुए भी ग्राम पंचायत, जोधासर की जनता से रूपयों की माला पहनने, ग्राम सभा की होने वाली मीटिंग नहीं होने देने एवं वार्ड पंचों से फर्जी हस्ताक्षर करवाकर मीटिंग दर्शाने तथा सरपंच महोदया द्वारा करवाये जा रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार किया गया है।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, बीकानेर एवं शिक्षा विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सरपंच पति श्री भंवर सिंह तंवर को दो वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से

दण्डित किया जा चुका है एवं दोषी कार्मिक श्री सीताराम जाखड़, ग्राम विकास अधिकारी को शास्ति स्वरूप एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ12(78)लोआस/2022**

परिवादी श्री बाबुराम सुथार पुत्र श्री गिरधारीराम सुथार, निवासी कुड़ा, पोस्ट पाचला, तहसील सांचौर, जिला जालौर का अभिकथन था कि ग्राम विकास अधिकारी श्री आसूराम ढ़ाका द्वारा ग्राम पंचायत कुड़ा में नरेगा कार्यों में गर्भवती महिलाओं को हॉस्पिटल में एडमिट होने पर भी फर्जी उपस्थिति लगाकर भ्रष्टाचार करने, बाहरी राज्यों में काम करने वाले प्रवासी श्रमिकों के नाम से फर्जी उपस्थिति लगाने, अयोग्य लोगो के नाम से पेंशन जारी करने तथा रोजगार से वंचित लोगो को रोजगार नहीं दिये गये। साथ ही नरेगा कार्यों में ग्रेवल सड़क निर्माण, तालाब खुदाई आदि कार्यों में कार्य श्रमिकों से नहीं करवाकर ट्रेक्टर से कार्य करने एवं भूमाफियाओं द्वारा फर्जी भुगतान उठाये जा रहे हैं।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जालौर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मेट श्रीमती पारू देवी से राशि 420/— एवं श्रमिक श्री मेहराराम से 540/— रूपये की वसूली कर राजकोष में जमा करायी जा चुकी है। ग्राम विकास अधिकारी के पास दो ग्राम पंचायत का चार्ज होने पर भविष्य में इस प्रकार की कार्य के प्रति कोई गलती दुबारा नहीं किये जाने की चेतावनी देते हुए कार्यवाही निष्पादित कर दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ12(780)लोआस/2016**

परिवादी श्री शीशराम सहारण पुत्र श्री रामप्रसाद, निवासी जवाहरपुरा, पोस्ट टमकोर, तहसील अलसीसर, जिला झुंझुनू का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत, जाबासर,

पंचायत समिति अलसीसर के पूर्व ग्राम सेवक जगराम देव द्वारा पूर्व सरपंच शारदा देवी के साथ मिलकर पंचायत के खाते से गबन एवं भ्रष्टाचार किया गया है।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, झुंझुनूं से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तत्कालीन सरपंच, ग्राम पंचायत जाबासर एवं तत्कालीन ग्राम सेवक द्वारा वित्तीय अनियमितता कर ग्राम को आर्थिक क्षति पहुँचाई गई और उन्हें चिन्हिकरण कर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

पूर्व सरपंच शारदा देवी से राशि 3,48,634/– में से 3,15,000/– रूपये वसूले जा चुके है तथा शेष राशि 33,634/– रूपये ग्राम पंचायत जाबासर, पंचायत समिति, अलसीसर की पुस्तक सुख्या 251, रसीद संख्या 45 दिनांक 14.02.2023 द्वारा राजहक में वसूल कर ली गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.16(632)लोआस/2014

परिवादी श्री बरकत खान पुत्र श्री उस्मान खान, निवासी तेलियों का नला चौबे पाड़ा, वार्ड 32, हिण्डौन सिटी, जिला करौली का अभिकथन था कि जन सहभागिता में कब्रिस्तान मुस्लिम तेली समाज हिण्डौन खरैटा रोड़, वाटर वर्क्स के पीछे वार्ड नम्बर 38 की बाउण्ड्रीवाल निर्माण के लिए नगर परिषद, हिण्डौन में जन सहभागिता की 10 प्रतिशत राशि 113343/– रूपये दिनांक 26.08.2013 को रसीद नम्बर 5159 द्वारा जमा करा दी गई। 90 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत कर कब्रिस्तान की सुरक्षा दीवार बनानी थी, किन्तु उक्त कार्य नहीं किया गया।

इस संबंध में नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में 90 प्रतिशत राशि 1420573/–

रूपये की राशि राज्य सरकार के द्वारा वहन की गई तथा निर्माण कार्य भी पूर्ण करवा दिया गया है। बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.16(810)लोआस/2015**

परिवादी श्री विकास बंसल पुत्र श्री सीताराम बंसल, निवासी अग्रवाल बैकरी बस स्टेण्ड, देवली, जिला टोंक का अभिकथन था कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2012 में स्टेट ग्राण्ट एक्ट के अन्तर्गत, नगरपालिका, देवली द्वारा एक आवेदक को एक से अधिक पट्टे जारी कर राजकोष को हानि पहुँचायी जा रही है।

इस संबंध में उपनिदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार नगरपालिका मण्डल, देवली के आदेश के अनुसार कुल 17 पट्टों को निरस्त कर दिया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.17(64)लोआस/2022**

परिवादी श्री राधेश्याम शर्मा पुत्र श्री बृजमोहन शर्मा, निवासी ग्राम बोरीफ, पोस्ट जीनापुर, जिला सवाई माधोपुर का अभिकथन था कि नगर सुधार न्यास की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 341, 342, 351, 352, 353, 354, 370, 371, 369, 361, 360, 374 व 373 पर भूमाफियाओं द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस संबंध में सचिव, नगर विकास न्यास, सवाई माधोपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार खसरा नम्बर 341, 342 की भूमि न्यास के नाम खातेदारी दर्ज होना कथन करते हुए इसकी पूर्वी सीमा पर ग्राम के कुछ लोगों द्वारा सीमेन्ट के चीरे गाड़ कर किये गये अतिक्रमण के संबंध में शिकायतकर्ता श्री राधेश्याम व अन्य की शिकायत पर समझाईश कर दोनों पक्षों व रास्ते को पूर्ण खुला रखने तथा

किसी भी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण नहीं करने के लिए पाबन्द करने पर दोनों पक्षों द्वारा सहमति प्रदान किया जाना बताया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.35(155)लोआस/2021

परिवादी श्री प्रकाशचन्द मीणा पुत्र श्री भंवरलाल मीणा, निवासी अमरपुरा, तहसील बिजौलियाँ, जिला भीलवाड़ा का अभिकथन था कि ग्राम अमरपुरा स्थित अपने पुश्तैनी मकान, जिसके उत्तर दिशा में 30 फीट का प्रचलित रास्ता है, पर पड़ौसी अतिक्रमियों के द्वारा गली में परिवादी के मकान में जाने वाले रास्ते के सामने एक चबूतरा व लकड़ियाँ डालकर रास्ता अवरूद्ध कर देने से गली मात्र 04 फीट की ही रह गई है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, भीलवाड़ा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मौके पर अतिक्रमी श्री सोराज पुत्र श्री हजारी मीणा ने आबादी भूमि पर कांटों की बाड़, सूखी लकड़ियों व पत्थरों से अतिक्रमण कर रखा था, जिसे जेसीबी मशीन की सहायता से हटा दिया गया है तथा उसे पाबन्द किया गया है कि वह भविष्य में अतिक्रमण नहीं करें।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.42(6)लोआस/2019

परिवादी श्री कैलाश चंद शर्मा पुत्र स्व0 श्री प्रेम नारायण शर्मा, निवासी मालाखेड़ा गेट के पास, राजगढ़, जिला अलवर का अभिकथन था कि उनके पिता पूर्व पुजारी मन्दिर श्री सीताराम जी महाराज मालाखेड़ा गेट के पास, तहसील राजगढ़, जिला अलवर का स्वर्गवास दिनांक 19.04.2017 को हो जाने के कारण उसके द्वारा उक्त मन्दिर का दाखिल खारिज का आवेदन निरीक्षक, देवस्थान को पेश किये जाने पर

उनके द्वारा दिनांक 14.02.2019 को सहायक आयुक्त (द्वितीय), जयपुर को प्रेषित किये जाने के 02 वर्ष की अवधि व्यतीत होने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में आयुक्त, देवस्थान विभाग, उदयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी श्री कैलाश चन्द शर्मा के नाम से दाखिल खारिज कर सहायता अनुदान जारी करने का आदेश दिनांक 20.07.2023 को जारी कर दिया गया है। मूल परिवाद पुजारी के दाखिल खारिज से संबंधित था। परिवादी के नाम सहायता अनुदान स्वीकृति की अनुशंषा जारी कर दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.47(44)लोआस / 2022**

परिवादी श्री प्रसन्न लाल शर्मा पति स्व0 श्रीमती प्रेमलता शर्मा, निवासी बोड़ों की घाटी, फतेहपोल, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ एवं राज्य बीमा राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ एवं राज्य बीमा राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ एवं राज्य बीमा राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.47(46)लोआस / 2022**

परिवादी श्री नन्द किशोर शर्मा पुत्र श्री हनुमान प्रसाद शर्मा, निवासी प्लाट नम्बर 27, विजय नगर, पांचबत्ती चौराहा, पुराना फुलेरा, जिला जयपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(55)लोआस/2022

परिवादी श्रीमती किरण कंवर पत्नी स्व0 श्री भोम सिंह, निवासी जैन मंदिर के पास, गायत्री मंदिर रोड़, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.47(56)लोआस/2022

परिवादी श्री गणेश राम चौधरी पुत्र श्री जोगाराम चौधरी, निवासी मुकाम पोस्ट सालवां कलां, वाया बनाड़, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत जीपीएफ एवं राज्य बीमा राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ एवं राज्य बीमा राशि का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार जीपीएफ एवं राज्य बीमा राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.47(59)लोआस / 2022

परिवादी श्रीमती पोनी देवी पत्नी श्री सकाराम, निवासी रामदेव कॉलोनी, मालियों का बास, जिला जालौर का अभिकथन था कि राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 07.01.2022 की पालना में पेंशन संशोधन कर अधिकृतियाँ जारी नहीं की जा रही है।

इस संबंध में अतिरिक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में संशोधित प्री–88 की अधिकृति आरपीपीओ संख्या 5122249 दिनांक 16.07.2023 जारी कर दी गई तथा प्री–2016 की अधिकृति आरपीपीओ संख्या 5122269 दिनांक 16.07.2023 को जारी कर भुगतान हेतु कोषालय, जालौर को प्रेषित कर दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## माह नवम्बर 2023

### एफ.8(37)लोआस / 2019

परिवादी श्रीमती अनीता जाटव पत्नी श्री रामसिंघ जाटव, निवासी दानालपुर (शांतिनगर), तहसील हिण्डोन सिटी, जिला करौली का अभिकथन था कि सरकारी अस्पताल, महावीरजी में दिनांक 09.02.2017 को नसबन्दी ऑपरेशन करवाने के पश्चात् ऑपरेशन असफल होने पर दिनांक 11.08.2019 को एक पुत्री का जन्म हुआ। अतः उसके पालन–पोषण, शिक्षा, विवाह हेतु सहायता राशि दिलवायी जावे।

इस संबंध में निदेशक (जन स्वास्थ्य), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को फ्लैक्सीपल मद

से बिल नम्बर 439 दिनांक 10.07.2022 द्वारा चैक संख्या 005133 दिनांक 19.10.2022 से भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.10(5)लोआस/2023**

परिवादी श्री मीठालाल मीणा पुत्र श्री श्रवण लाल मीणा, निवासी ग्राम बाढ़, पृथ्वीसिंहपुरा, पोस्ट शिवसिंहपुरा, तहसील लालसोट, जिला दौसा का अभिकथन था कि अधिशाषी अभियंता, कनिष्ठ अभियंता व लाइनमैन, जेवीवीएनएल, लालसोट, दौसा के विरूद्ध डिमाण्ड राशि कम करवाई जावें।

इस संबंध में अधिशाषी अभियंता (ग्रिवेन्स), जेवीवीएनएल, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी का विद्युत कनेक्शन कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.11(160)लोआस/2020**

परिवादी श्री चांदबाबू पुत्र श्री सोबरन, निवासी ग्राम इब्राहिमपुर, तहसील रूपवास, जिला भरतपुर का अभिकथन था कि उनके गांव का कब्रिस्तान खसरा नम्बर 516, 517 व 534 की भूमि में है। गांव के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा उक्त कब्रिस्तान पर अतिक्रमण कर लिया गया है। कब्रिस्तान की पैमाईश करने हेतु उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार को कई बार निवेदन करने के पश्चात भी सीमाज्ञान नहीं करवाया जा रहा है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम इब्राहिमपुर के खसरा नम्बर 516, 517 व 534 से नवीन खसरा नम्बर 651, 652 व 803 बने है। इन खसरा नम्बरान का सीमाज्ञान पटवारी द्वारा

परिवादी चांदबाबू व उपस्थित ग्रामवासियों के समक्ष किया गया। मौके पर परिवादी को कब्रिस्तान के खसरा नम्बरान का सीमाज्ञान कर सीमा चिन्हों से अवगत करवाया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ.11(260)लोआस / 2015

परिवादी श्री बुद्धि प्रकाश मीणा पुत्र श्री राधेश्याम मीणा, निवासी ग्राम व पोस्ट लुहावद, तहसील पीपल्दा, जिला कोटा का अभिकथन था कि उसकी भूमि खसरा नम्बर 906 तथा सरकारी भूमि खसरा नम्बर 905 / 1312 के मध्य स्थित पानी के धोरे की टेल अतिक्रमी बाबूलाल पुत्र लक्ष्मीनारायण मीणा द्वारा समाप्त कर दिया गया। अप्रार्थी ने उसकी भूमि खसरा नम्बर 906 में नींव भर दी है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, कोटा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम लुहावदा के आराजी खसरा नम्बर 905 / 1312 रकबा 0.08 है0 भूमि किस्म गैर मुमकिन देवस्थान पर अतिक्रमी बाबूलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति बैरवा, छोटीलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति बैरवा, महावीर पुत्र गंगाराम जाति बैरवा द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर आवासीय मकान बनाये हुए थे। उक्त अतिक्रमियों के मकानों को तुड़वाकर भूमि का खुलासा करवाया गया तथा माननीय सिविल न्यायालय, इटावा से स्थगन होने के कारण बाबूलाल मीणा पुत्र लक्ष्मीनारायण जाति मीणा का मकान नहीं हटाया गया है, जिसकी आगामी दिनांक 16.08.2023 नियत है तथा बाबूलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति बैरवा का पीछे की तरफ पक्का मकान राजकीय भूमि पर राजकीय राशि से बना होने के कारण कब्जा राज लिया गया है। उक्त आवास श्रीमति संतरा देवी पत्नी बाबूलाल द्वारा झूठा शपथ–पत्र दिया जाकर बनाया गया है। इस संबंध में विकास अधिकारी, इटावा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रकरण में बाबूलाल मीणा पुत्र लक्ष्मीनारायण मीणा जाति मीणा के मकान पर न्यायालय का स्थगन आदेश होने के कारण कार्यवाही नहीं हुई है तथा सरकारी राशि से बनाये गये मकान को भी कब्जा राज लिया गया है तथा न्यायहित में अतिक्रमण हटाये गये है।

अतः इस सचिवालय की पहल पर राजकीय देवस्थान की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.11(273)लोआस/2022**

परिवादी श्री सीताराम पुत्र श्री रामसिंह, निवासी ग्राम सिरोद रूदावल, तहसील रूपबास, जिला भरतपुर का अभिकथन था कि गैरमुमकिन रास्ता खसरा नम्बर 888 वाके ग्राम सिरोद रेल्वे गेट नम्बर 19 से विद्युत विभाग कार्यालय तक हो रहे अतिक्रमण को हटाने हेतु तहसीलदार, रूपबास एवं नायब तहसीलदार रूदावल द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार खसरा नम्बर 888 रकबा 0.15 है0 गैरमुमकिन रास्ता वाके ग्राम सिरोद पर पांच अतिक्रमण चिह्नित कर उनके विरूद्ध राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 के तहत अतिक्रमण की रिपोर्ट न्यायालय नायब तहसीलदार, रूदावल में दर्ज करवायी गई। नायब तहसीलदार, रूदावल द्वारा उक्त प्रकरणों में अतिक्रमियों को मौके से बेदखल कर शास्ति आरोपित की गई तथा राजस्व टीम द्वारा दिनांक 07.06.2023 को पुलिस की मौजूदगी में सीमाज्ञान कर मौके से अवैध अतिक्रमण को हटवाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ.11(398)लोआस/2022**

परिवादी श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री लखनराम, निवासी वार्ड नम्बर 08, तहसील तारानगर, जिला चुरू का अभिकथन था कि परिवादी ने तारानगर से बालिया जाने वाले कटानी रास्ते, जिसका खसरा नम्बर 412, 835/410, जो कि प्रार्थी के खेत खसरा

नम्बर 1622/413 पर आवागमन हेतु उपयोग में लिया जाता है, पर अप्रार्थी द्वारा अतिक्रमण कर संकरा कर दिया गया है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, चुरू से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उपखण्ड अधिकारी, तारानगर द्वारा रोही कस्बा तारानगर में तारानगर से बालिया जाने वाली कटाणी रास्ते को खुलवाने हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक व पटवारी हल्का की टीम का गठन कर मौके पर सीमांकन कर अवरूद्ध रास्ते को कटानी रास्ते के अनुसार मौके पर खुलवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

### एफ.35(12)लोआस/2020

परिवादी श्री जयंतीभाई एम कुम्भानी पुत्र श्री मोहनभाई कुम्भानी, निवासी 508, इस्कॉन ई0, एस0जी0 हाईवे, वेजलपुर, अहमदाबार, गुजरात का अभिकथन था कि राजफैड से अनुमोदित जैविक मैन्यूर खाद्य के क्रयादेश पर डूंगरपुर क्रय–विक्रय सहकारी समिति को दिनांक 31.01.2018 को खाद्य की आपूर्ति कर दी गई थी किन्तु दो वर्ष व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी राजफैड द्वारा बकाया राशि 18,48,041/– रूपये का भुगतान नहीं किया गया है।

इस संबंध में प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता एवं प्रशासन, राजफैड, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राजफैड द्वारा मेसर्स सीको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## माह दिसम्बर 2023

### एफ 5(3)लोआस/2021

परिवादी श्री जब्बर सिंह पुत्र श्री नरवीर सिंह सिसोदिया, निवासी प्लॉट नम्बर 30, करणी वाटिका, सिरसी, जिला जयपुर का अभिकथन था कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नगर फोर्ट, जिला टोंक में नियम विपरीत कार्य एवं भ्रष्टाचार की

जांच के बाद भी अधिकारियों के द्वारा प्रकरण को दबाकर दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री राजेश कुमार जैफ, कनिष्ठ सहायक की दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जोने के दण्ड से दण्डित किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ 10(39)लोआस/2021

परिवादी श्री देबू सिंह पुत्र श्री निहाल सिंह, निवासी ग्राम कौथल, ग्राम पंचायत बुटेरी, तहसील बानसूर, जिला अलवर का अभिकथन था कि विद्युत विभाग के द्वारा चोरी का गलत आरोप लगाकर परिवादी की अनुपस्थिति में वीसीआर भर उसका घरेलू बिजली कनेक्शन विच्छेद कर दिया है एवं सहायक अभियंता (सतर्कता), बानसूर, अलवर के द्वारा नाजायज राशि का भुगतान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

इस संबंध में अधीक्षण अभियंता (पवस), जयपुर डिस्कॉम, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी की वीसीआर मानवीय भूल तथा मौके पर उपभोक्ताओं के द्वारा सही जानकारी नहीं दिये जाने एवं उस समय उपभोक्ताओं द्वारा किये गये झगड़े की वजह से सही जानकारी एकत्रित नहीं किये जाने के कारण भरी गई थी। उपभोक्ता का प्रकरण समझौता समिति में दिनांक 14.03.2023 को समिति के समक्ष व्यक्तिशः सुनकर निस्तारित कर दिया गया एवं उपभोक्ता की जुर्माना राशि शत–प्रतिशत माफ कर दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ 11(94)लोआस/2023

परिवादी श्री जितेन्द्र कुमार महावर पुत्र श्री कन्हैया लाल महावर, निवासी ग्राम गोरखपुर ढ़िगावड़ा, तहसील राजगढ़, जिला अलवर का अभिकथन था कि ग्राम गोरखपुर में स्थित राजकीय सिवायचक भूमि खसरा नम्बर 148 व 152 गैर मुमकिन

रास्ते पर अप्रार्थीगण द्वारा पत्थर एवं पट्टी डालकर अवैध अतिक्रमण कर रास्ते को अवरूद्ध किया हुआ है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तहसीलदार, राजगढ़ द्वारा प्रश्नगत अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ 11(294)लोआस/2022**

परिवादी श्री दीपचंद बैरवा पुत्र स्व0 श्री गेन्दाराम बैरवा, निवासी बामनवास पट्टीकला, जिला सवाईमाधोपुर हाल निवासी ई–328, शकूरपुर, जे जे कॉलोनी, नई दिल्ली का अभिकथन था कि उसकी खातेदारी भूमि पर कतिपय लोग जो कि राजकीय कर्मचारी व आपराधिक प्रकृति के है द्वारा जबरन कब्जा कर काश्त किया जा रहा है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, गंगापुर सिटी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अतिक्रमण के संबंध में तहसीलदार, बामनवास ने राजस्व टीम का गठन कर परिवादी को प्रश्नगत भूमि का कब्जा सम्भला दिया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

**एफ 16(177)लोआस/2021**

परिवादी श्री राम यादव पुत्र श्री रघुवीर दयाल यादव, निवासी 119, लव कुश कॉलोनी, प्रथम करतारपुरा, टोंक फाटक, जिला जयपुर का अभिकथन था कि प्लॉट नम्बर 124, लव कुश कॉलोनी, प्रथम करतारपुरा, टोंक फाटक, जयपुर के मालिक मूलचंद यादव द्वारा निगम की अनुमति के बगैर बालकोनी बनाकर उस पर निर्माण किये जाने के संबंध में शिकायत किये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड पर निर्मित भवन के प्रथम तल की छत पर बनी अवैध और असुरक्षित दीवार को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ 16(202)लोआस/2022

परिवादी श्री अशोक कुमार वशिष्ठ पुत्र श्री घनश्याम वशिष्ठ, निवासी नवीन अनाज मण्डी मण्डावर रोड़ महवा, जिला दौसा का अभिकथन था कि नगरपालिका, महवा के समक्ष प्रशासन शहरों के संग अभियान में माह फरवरी, 2021 में अपनी तीन सम्पत्तियों के पट्टे चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के बावजूद नगरपालिका द्वारा पट्टा जारी नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी द्वारा वांछित तीनों पत्रावली के पट्टे नगरपालिका द्वारा जारी कर दिये गये है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ 16(382)लोआस/2018

परिवादी श्री योगेन्द्र मिश्रा पुत्र स्व0 श्री इन्द्रविक्रम मिश्रा, निवासी मकान नम्बर 1468, गोविन्द धाम मन्दिर के पास, सुभाष कॉलोनी, किशोरपुरा, जिला कोटा का अभिकथन था कि किशोरपुरा कोटा गोविन्दधाम मन्दिर के पास चम्बल नदी पर बने सरकारी घाटों पर हो रहे अतिक्रमण के संबंध में सक्षम स्तर पर शिकायत किये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में आयुक्त, नगर निगम, कोटा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी द्वारा प्रस्तुत शिकायत (किशोरपुरा कोटा गोविन्दधाम मन्दिर के पास चम्बल नदी पर बने सरकारी घाटों पर हो रहे अतिक्रमण) का निवारण हो चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ 17(17)लोआस/2020

परिवादी श्री रामवतार शर्मा पुत्र श्री देवी सहाय शर्मा, निवासी मुकाम पोस्ट कानोता, तहसील बस्सी, जिला जयपुर का अभिकथन था कि कानोता में खसरा नम्बर 193 रकबा 0.5943 भूमि किस्म गैर नाला एवं बारानी–2 पर से हरे पेड़ों को काटने की शिकायत सचिव एवं मुख्य प्रवर्तन अधिकारी, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को किये जाने पर भी उनके द्वारा आधी–अधूरी कार्यवाही की गई तथा अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

इस संबंध में सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अतिक्रमण को पूर्णतया ध्वस्त कर हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ 17(68)लोआस/2022

परिवादी श्री राजकुमार कौशिक पुत्र श्री किशनलाल कौशिक, निवासी प्लाट नम्बर 81, फ्लेट नम्बर एस 1, गजपति एनक्लेव, 21 साउथ कॉलोनी, निवारू रोड़, झोटवाड़ा, जिला जयपुर का अभिकथन था कि निवारू रोड़, झोटवाड़ा पर दुकानदारों

द्वारा अवैध दुकान बनाकर रोड़ पर अतिक्रमण किये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारियों को शिकायत किये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत स्थल पर कोई स्थाई अतिक्रमण नहीं है तथा अस्थाई अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। दुकानों के सामने दोनों तरफ सरकार/नगर निगम द्वारा नई इन्टरलॉक टाइल्स द्वारा फुटपाथ का कार्य किया जा रहा है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ 17(77)लोआस/2019

परिवादी श्री हीरालाल टांक पुत्र श्री हंसाराम टांक, निवासी बेरा निम्बड़िया, जैतारणिया दरवाजा के बाहर, सोजत सिटी, तहसील सोजत, जिला पाली का अभिकथन था कि नगरपालिका, सोजत सिटी के द्वारा आबादी क्षेत्र पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय, सोजत के सामने किये गये अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में मौके पर पाये गये अतिक्रमण यथा लोहे का गेट व अतिक्रमण संबंधित चबुतरियों को पालिका के द्वारा हटाया जाकर लोहे के गेट व पत्थर पट्टी को पालिका कार्यालय में जमा कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ 35(28)लोआस / 2023

परिवादी श्री सौरभ माथुर पुत्र श्री गौरी शंकर माथुर, निवासी 117/16, अग्रवाल फार्म, थड़ी मार्केट, मानसरोवर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि कोष कार्यालय, जयपुर के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा कई चक्कर कटवाने के उपरान्त भी वांछित कार्यवाही कर अनापत्ति पत्र जारी नहीं किया जा रहा है जिसके अभाव में परिवादी अपनी दादीजी के बैंक खाते में स्वर्गवास से पूर्व की जमा राशि संबंधित बैंक से प्राप्त नहीं कर पा रहा है।

इस संबंध में कोषाधिकारी, पेंशन विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कोष कार्यालय, जयपुर द्वारा उसकी दादीजी श्रीमती सज्जन कंवर के पीपीओ नम्बर 10651 के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

## एफ 35(131)लोआस / 2022

परिवादी श्री हनुमान सहाय शर्मा पुत्र श्री बुद्धा लाल शर्मा, निवासी गोला का बास, तहसील राजगढ़, जिला अलवर का अभिकथन था कि ग्राम गोला का बास की सार्वजनिक/सरकारी भूमि खसरा नम्बर 68 रकबा 03 हैक्टेयर में एक गैरमुमकिन धर्मशाला काफी वर्षों से निर्मित है जो तीर्थस्थल पर आने वाले यात्रियों के ठहरने के काम आती है, पर बृजमोहन, गिर्राज, रामराय व मुकेश आदि द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किये जाने के संबंध में सक्षम अधिकारियों को शिकायत किये जाने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तहसीलदार, टहला मय राजस्व टीम एवं परिवादी श्री हनुमान सहाय शर्मा की उपस्थिति में आराजी खसरा नम्बर 68 रकबा 0.03 हैक्टेयर गैरमुमकिन धर्मशाला पर हो रहे समस्त प्रकार के अतिक्रमण को हटाया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

# विविध

- लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त की पदस्थापन अवधि
- सचिव की पदस्थापन अवधि
- लोकायुक्त सचिवालय का संगठनात्मक ढांचा
- परिवादीगणों द्वारा प्रेषित आभार पत्र

# विविध

## लोकायुक्त एवं उप–लोकायुक्त की पदस्थापन अवधि

| लोकायुक्त | | | |
|---|---|---|---|
| क्र स | नाम | दिनांक से | दिनांक तक |
| 1. | माननीय न्यायमूर्ति श्री आई.डी.दुआ,<br>पूर्व न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय | 28.08.1973 | 27.08.1978 |
| 2.* | माननीय न्यायमूर्ति श्री डी.पी.गुप्ता,<br>न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय | 28.08.1978 | 05.08.1979 |
| 3. | माननीय न्यायमूर्ति श्री मोहन लाल जोशी,<br>पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, | 06.08.1979 | 07.08.1982 |
| 4.* | माननीय न्यायमूर्ति श्री के.एस.सिद्धू,<br>न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय | 04.04.1984 | 03.01.1985 |
| 5. | माननीय न्यायमूर्ति श्री मोहन लाल श्रीमाल,<br>पूर्व मुख्य न्यायाधीश, सिक्किम उच्च न्यायालय | 04.01.1985 | 03.01.1990 |
| 6. | माननीय न्यायमूर्ति श्री पुरूषोत्तम दास कुदाल,<br>पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय | 16.01.1990 | 06.03.1990 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7.* | माननीय न्यायमूर्ति श्री महेन्द्र भूषण शर्मा, न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय | 10.08.1990 | 30.09.1993 |
| 8.* | माननीय न्यायमूर्ति श्री विनोद शंकर दवे, न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय | 21.01.1994 | 16.02.1994 |
| 9. | माननीय न्यायमूर्ति श्री महेन्द्र भूषण शर्मा, पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय | 06.07.1994 | 06.07.1999 |
| 10. | माननीय न्यायमूर्ति श्री मिलाप चन्द जैन, पूर्व मुख्य न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय | 26.11.1999 | 26.11.2004 |
| 11. | माननीय न्यायमूर्ति श्री जी.एल.गुप्ता, पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय | 01.05.2007 | 30.04.2012 |
| 12. | माननीय न्यायमूर्ति श्री सज्जन सिंह कोठारी, पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय | 25.03.2013 | 07-03-2019 |
| 13. | माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रताप कृष्ण लोहरा, पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय | 09.03.2021 | निरन्तर |

' कार्यवाहक लोकायुक्त

| उप–लोकायुक्त | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री के.पी.यू.मेनन आई.ए.एस.<br>पूर्व मुख्य सचिव | 05.06.1973 | 25.06.1974 |

# सचिव की पदस्थापन अवधि

| क्रम | नाम | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री के.वी. शंकरन, IAS | 20.09.1973 | 04.01.1974 |
| 2. | श्री एच.एस. रावत, IAS | 21.01.1974 | 01.08.1977 |
| 3. | श्री टी.आर. अग्रवाल, IAS | 04.12.1978 | 06.01.1981 |
| 4. | श्री एस.एन. मोदी, IAS | 23.08.1983 | 31.03.1984 |
| 5. | श्री परमेश चन्द्र, IAS | 31.03.1984 | 04.051984 |
| 6. | श्री ए.के. सिंह, RHJS | 04.05.1984 | 24.11.1990 |
| 7. | श्री एस.एन. शाह, RHJS | 24.11.1990 | 01.02.1992 |
| 8. | श्री हरबन्स लाल, RHJS | 01.02.1992 | 06.05.1996 |
| 9. | श्री मनफूल राम, RHJS | 06.05.1996 | 08.08.1999 |
| 10. | श्री प्रेमप्रताप सिंह, RHJS | 06.01.2000 | 31.03.2002 |
| 11. | श्री भंवरु खां, RHJS | 22.07.2002 | 06.01.2004 |
| 12. | डॉ. पदम कुमार जैन, RHJS | 07.01.2004 | 12.01.2006 |
| 13. | श्री प्रकाश गुप्ता, RHJS | 14.11.2007 | 22.12.2010 |
| 14. | श्री आर.के. बंसल, RHJS | 19.01.2011 | 06.08.2012 |
| 15. | श्री पवन एन. चन्द्र, RHJS | 18.04.2013 | 22.04.2014 |
| 16. | श्री प्रकाश चन्द जैन, RHJS(R) | 14.05.2015 | 28.03.2017 |
| 17. | श्री उमाशंकर शर्मा, RJS (DJ) | 31.03.2017 | 15.10.2019 |
| 18. | श्री गौरी शंकर शर्मा, RJS (DJ) | 01.04.2021 | निरन्तर |

# लोकायुक्त सचिवालय का संगठनात्मक ढांचा



## लोकायुक्त सचिवालय के द्वारा प्राप्त परिवादों में की गई कार्यवाही के परिणामस्वरुप राहत मिलने के पश्चात् परिवादियों द्वारा प्रकट किए गए आभार के नमूना–पत्र

207
7-8-2023
M.K.W
17/8/2023

सेवा मे श्रीमान लोक आयुक्त साहब
लोक आयुक्त सचिवालय जयपुर

विषय परिवाद सं F16(294) लोआस/2017 ~~206~~

मान्यवरजी, उक्त परिवाद आप के यहां 2017 को प्रस्तुत किया गया था जिस मे आप के द्वारा की गयी कार्यवाही के परिणाम स्वरुप नगर पालीका छोटी सादडी द्वारा हमारी बकाया राशि 511000 का भुगतान हो चुका है। नगर पालीका द्वारा राशि का पुरा भुगतान अभी तक नही हुआ है तथा देरी से भुगतान का ब्याज अभी तक नही मिला है.

आप के अथक प्रयासो से हमारी अटकी हुयी राशि का भुगतान करवाने के लिये आप की प्रशंसा के लिये हमारे पास को शब्द नही है हम आप के बहुत ही आभारी है; कृप्या शेष राशि का भुगतान करवाने का कष्ट करे

लोकायुक्त सचिवालय
जयपुर (राज.)
17 AUG 2023
प्राप्तांक संख्या 5804

प्रिया बाहेती
(प्रिया बाहेती)

30

सेवामें,

**श्रीमान् लोकायुक्त महोदय,**
**शासन सचिवालय परिसर,**
**राजस्थान, जयपुर**

विषय– परिवाद संख्या:35(28)लोआस/2023 के सम्बन्ध में।
सन्दर्भ– आपका पत्रः 35(28)लोआस/2023/17098 दिनांक 4.12.2023

महोदय,

निवेदन है कि मुझ प्रार्थी द्वारा मेरी दादीजी श्रीमती सज्जन कंवर, जो कि पेंशनर थी, का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात् बैंक में जमा राशि प्राप्त करने हेतु कोष कार्यालय, जयपुर को प्रार्थना पत्र पेश किए जाने के उपरान्त भी वांछित एनओसी **पीपीओ नं. 10651 आर** के तहत नहीं दी गई, तो इस सम्बन्ध में मेरे द्वारा आपके सचिवालय में शिकायत करने के उपरान्त कोष कार्यालय द्वारा वांछित कार्यवाही कर दी गई।

अतः मुझ प्रार्थी को वांछित राहत आपके सचिवालय स्तर पर की गई कार्यवाही के पश्चात् मिल चुकी है जिसके लिए प्रार्थी लोकायुक्त सचिवालय को धन्यवाद व आभार प्रकट करता है और अब शिकायत बन्द किए जाने का भी अनुरोध करता है।

भवदीय

(सौरभ माथुर)
117/16, अग्रवाल फार्म, थड़ी मार्केट,
मानसरोवर, जयपुर।

Sourabh Mathur





मानानीय राज्यपाल महोदय, राजस्थान को 34वॉ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए लोकायुक्त, राजस्थान





स्वतंत्रता दिवस, 2023 के अवसर पर माननीय लोकायुक्त महोदय, सचिव महोदय एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण




माननीय न्यायमूर्ति श्री सी.बी. बारोवालिया, लोकायुक्त, हिमाचल प्रदेश के साथ लोकायुक्त, राजस्थान